चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 46, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं 16

तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने 15

## सत्य साईं के ठिकानों पर आईटी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली में दो प्रतिष्ठानों के अलावा आवास पर टीम ने दस्तावेज खंगाले
- लखनऊ में गोमतीनगर स्थित सरस्वती अपार्टमेंट में पहुंचे, हड़कंप

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने बुधवार को सत्य साईं बिल्डर्स के संचालक रमेश गंगवार के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। बिल्डर पर सरकारी ठेकों में लेनदेन को लेकर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का आरोप था। इनपुट मिलने के बाद आयकर विभाग ने लखनऊ और बरेली के कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इसके अलावा काशीपुर में जांच टीम को उनका मकान बंद मिला। रमेश गंगवार के यूपी से लेकर दिल्ली तक करीब 15 आईएएस अफसरों से कारोबारी संपर्क बताए जा रहे हैं, जिसमें अधिकतर जिलों में बतौर जिलाधिकारी तैनात हैं।

बुधवार दोपहर आयकर टीम ने डीडीपुरम स्थित उनके आवास, इसके बाद कार्यालय पहुंची। पहुंचते ही सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन आदि जमा करा लिए गए। इसके बाद दस्तावेजों की खोजबीन कर उनकी जांच शुरू की गई। शाम को टीम दलेलनगर स्थित पैतृक आवास पहुंची और वहां भी दस्तावेजों को खंगाला गया। गोमतीनगर के सरस्वती अपार्टमेंट भी टीम पहुंची, लेकिन वहां से कुछ हासिल नहीं हो पाने की सूचना है। जांच के दौरान क्या मिला, क्या-क्या आरोप हैं, इसकी जानकारी को लेकर विभाग अभी मौन है। सूत्रों के मुताबिक गंगवार ने कुछ दिन पहले अल्मोड़ा में एक बड़ा टेंडर हासिल किया है। गंगवार एक राष्ट्रीय पार्टी से टिकट पाने के भी फिराक में थे। गंगवार ने बिल्डर के अलावा एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना रखी है।

**जीएसटी चोरी के भी आरोप :** बिल्डर रमेश गंगवार पर आयकर विभाग के अलावा जीएसटी ने भी शिकंजा कस रखा है। आय अधिक होने पर टैक्स कम देने के आरोप लगे हैं। जीएसटी को लेकर अभी भी छानबीन की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक लखनऊ टीम रिकार्ड खंगाल रही है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक का आरोपी गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने रीवा के रिसोर्ट में 300 अभ्यर्थियों को बैठाकर पेपर पढ़ा था। ग्वालियर में एनआरएचएम घोटाले से जुड़े प्रकरण और यूपी में टीईटी पेपर लीक के आरोप में भी वह कौशांबी से जेल जा चुका है। एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश के मुताबिक पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी राजीव मूल रूप से प्रयागराज के नैनी का रहने वाला है। उसके खिलाफ मेरठ के थाना कंकरखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मेरठ एसटीएफ उसको तलाश रही थी। एडीजी के मुताबिक राजीव ने बताया कि दो रिसॉर्ट में उसने पेपर पढ़े थे। लीक पेपर गुरुग्राम में पांच सौ और रीवा में तीन सौ अभ्यर्थियों के सामने राजीव ने पेपर पढ़ा था।

## बाबा तरसेम हत्याकांड : दोनों शूटर्स पर अब 50-50 हजार का इनाम घोषित

संवाददाता, रुद्रपुर

- जांच को गठित की गई एसआईटी टीमें 10 से बढ़ाकर 13 की गईं
- सात राज्यों में पुलिस टीमें दे रहीं दबिशें, आरोपी पकड़ से दूर

**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का सात दिनों में भी खुलासा नहीं हो सका है। अब पुलिस ने दोनों शूटर्स पर इनाम 25 हजार से बढ़ाकर 50-50 हजार घोषित कर दी है। वहीं अब एसआईटी का गठन कर दिया गया है। एसआईटी समेत तीन और टीमें बढ़ा दी गई हैं। अब तेरह टीमें शूटर्स की खोज में जुट गई हैं। सात राज्यों में ये टीमें दबिशें दे रही हैं।

मालूम हो कि 28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार दो सिख शूटर्स ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सनसनीखेज हत्याकांड के बाद ऊधमसिंह नगर पुलिस ने ढाई घंटे के अंदर हत्यारोपियों की पहचान करते हुए उनकी साफ तस्वीर जारी कर दी थी। लेकिन इसके बाद भी पुलिस को शूटर्स को पकड़ने में कामयाबी नहीं मिल सकी है। पुलिस की कई टीम पहले नेपाल और बांग्लादेश रवाना हुई। वहां कई जगहों पर दबिशें देने के बाद भी कुछ हासिल नहीं हुआ। इसके बाद टीम ने शाहजहांपुर से पांच संदिग्धों की गिरफ्तारी की। शाहजहांपुर में बाबा के विरोधी पक्ष के लोग रहते हैं। पुलिस टीमें शाहजहांपुर, हरियाणा, पंजाब और नेपाल में अभी भी डेरा डाले हुए हैं। सात दिनों में भी शूटर्स पकड़ में नहीं आ सके हैं। अब पुलिस उप महानिरीक्षक ने शिकंजा कसने को दोनों शूटर्स तरनतारन पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह व बिलासपुर के गांव सिहोरा निवासी अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा पर इनाम राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दी है। वहीं एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मर्डर के खुलासे को एसआईटी का भी गठन किया है। एसआईटी समेत तीन और टीमें बढ़ा दी गई हैं। अब टीमों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुलिस अफसरों और एसएचओ समेत 82 लोगों की 10 टीमें जांच में जुटी थीं। एसएसपी ने बताया कि अब पुलिस की टीमें सात राज्यों में हत्यारोपियों की तलाश में जुटी हैं।




## एक नजर

### वीवीपीएटी वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह ईवीएम से किए मतदान और वीवीपीएटी का पुन: सत्यापन कराने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि मामले की तत्काल सुनवाई होनी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि याचिका को अगले मंगलवार या बुधवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ में न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी भी हैं।

### दो बच्चियों से दुष्कर्म में नाबालिग दोषी

**नई दिल्ली।** दिल्ली अदालत ने 2017 में दो बच्चियों से दुष्कर्म के लिए नाबालिग को दोषी ठहराया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत मामले की सुनवाई कर रहे थे। आरोपी पर सात और चार वर्ष की बच्चियों से दुष्कर्म पर पॉक्सो और आईपीसी के प्रावधानों के तहत मुकदमा हुआ था।

# साफिया यूपी से गिरफ्तार, अब्दुल की याचिका कोर्ट ने की खारिज

### 8 फरवरी को हुई बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी है अब्दुल मलिक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- नगर निगम के मुकदमे में फरार थी साफिया, बेटा मोईद भी है जेल में

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की जमानत याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है। वहीं सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और जमीन को खुर्द-बुर्द करने के मामले में फरार चल रही अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक को पुलिस और एसओजी की टीम ने बरेली से गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा हिंसा मामले में मलिक का बेटा अब्दुल मोईद भी जेल में बंद है।



अब्दुल मलिक



साफिया मलिक

बता दें कि नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बीती 22 फरवरी को अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोप था कि आरोपियों ने सांठ-गांठ कर कंपनी बाग का बगीचा (मलिक का बगीचा) स्थित भूखंड पर षडयंत्र और कूटरचना करते हुए मृत व्यक्ति के नाम से भूमि पर अवैध प्लाटिंग, अवैध निर्माण, अवैध हस्तान्तरण किया। आपराधिक षडयंत्र रचकर विभागों व झूठे शपथ पत्रों के आधार पर न्यायालय को गुमराह करते हुए उक्त जमीन को खुर्द-बुर्द कर दिया। दर्ज मुकदमे के बाद से ही साफिया फरार चल रही थी। न्यायालय से साफिया के खिलाफ वारंट जारी होने के बाद पुलिस और एसओजी की टीम ने साफिया की तलाश तेज कर दी। मंगलवार को संयुक्त टीम ने साफिया को बिहारीपुर, बरेली से गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में नामजद साफिया का पति अब्दुल मलिक पहले से ही जेल में है। अब्दुल मलिक के वकीलों ने 30 मार्च को हल्द्वानी सेशन कोर्ट में मलिक की जमानत याचिका दायर की थी। कोर्ट ने जमानत याचिका स्वीकार कर ली थी। इसकी सुनवाई की तिथि तीन अप्रैल रखी गई थी। अब्दुल मलिक के वकील रोहिताश चक्रवर्ती ने बताया कि कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। एडवोकेट रोहिताश चक्रवर्ती ने कहा कि हाईकोर्ट में अब्दुल मलिक, साफिया मलिक की जमानत याचिका दायर की जाएगी। उनके पुत्र अब्दुल मोईद की भी जमानत याचिका कोर्ट में दाखिल की जाएगी।

> फरार साफिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य नामजद अभियुक्तों के खिलाफ जांच जारी है। अब्दुल मलिक भी नामजद था, जो दूसरे मामले में जेल बंद है। मामले में विवेचना जारी है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **प्रह्लाद नारायण मीणा,** एसएसपी नैनीताल

# आतिशी को भाजपा ने मानहानि नोटिस भेजा, कहा- माफी मांगे

### आतिशी ने कहा था- भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा दिल्ली इकाई ने आप नेता आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा और अपने करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के दावे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा है। आतिशी ने एक दिन पहले दावा किया था कि उनके सहित ''आप'' के चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आतिशी ने यह भी दावा किया था कि उन्हें या तो भाजपा में शामिल होने या फिर एक महीने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया था।

वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा गया है और उनसे अपने दावे के लिए माफी मांगने को कहा गया है। आतिशी सबूत देने में विफल रहीं कि उनसे किसने, कब और कैसे संपर्क किया था। वह हताशा में इस तरह के झूठे और निराधार आरोप लगा रही है, लेकिन हम उन्हें बचकर नहीं जाने देंगे। सचदेवा ने आतिशी से अपने दावे को साबित करने के लिए अपना फोन जांच एजेंसी को सौंपने को कहा। भाजपा दिल्ली इकाई के वकील ने कहा कि पार्टी ने आतिशी को अपना बयान वापस लेने के लिए मानहानि नोटिस भेजा है। वकील ने बयान को झूठा, अपमानजनक और मनगढ़ंत करार दिया और दावा किया कि यह बयान गलत इरादे से दिया गया था। अगर आतिशी अपने दावे को साबित करने में विफल रहती है तो उन पर कानूनी कार्यवाही होगी।

### केजरीवाल का वजन घटा : आतिशी



**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी ने दावा किया कि 21 मार्च को गिरफ्तार के बाद से मुख्यमंत्री केजरीवाल का वजन घट रहा है। आतिशी ने भाजपा पर केजरीवाल को जेल में रखकर स्वास्थ्य को खतरे में डालने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री की सेहत के संबंध में कानूनी मदद लेगी। वहीं, तिहाड़ जेल प्रशासन ने आतिशी के दावों को खारिज करते हुए कहा केजरीवाल सामान्य है।

### सबूतों से छेड़छाड़ न करें संजय : कोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह को बुधवार को निर्देश दिया कि वह आबकारी घोटाला मामले में सबूतों से छेड़छाड़ न करें या गवाहों को प्रभावित न करें। सुप्रीम कोर्ट से सिंह को मंगलवार को जमानत मिलने के बाद विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने नेता को तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश देने से पहले ये निर्देश दिए। न्यायाधीश ने सिंह को पासपोर्ट जमा कराने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर जाने से पहले सूचित करने और फोन की 'लोकेशन' हमेशा चालू रखने का निर्देश दिया। सिंह के वकील ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया कि नेता की पत्नी आरोपी की जमानतदार होंगी।

# परिवारवादी राजनीति के खिलाफ लड़ रहे : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### चुनाव में विजय की आत्मा पोलिंग बूथ की जीत में

- प्रधानमंत्री ने उप्र. में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली लोकसभा सीटों के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर संबोधित किया
- कहा, पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य लेकर चलें 10 सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस बार चुनाव में परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र की भलाई के लिए लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि, चाचा-भतीजा के परिवार से उत्तर प्रदेश का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है और भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बूते इस लोस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर वर्चुअली संबोधित किया। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम की इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने बूथ समिति के सदस्यों और पन्ना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कुछ बूथ अध्यक्षों से भी बात की। इस दौरान नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि, वे अपने काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचाएं। इसी कड़ी में मोदी ने कहा कि, पोलिंग बूथ पर विजय ही किसी भी चुनाव में जीत की आत्मा होती है और कार्यकर्ताओं को चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों लेकिन जब तक पोलिंग बूथ नहीं जीतते हैं तब तक चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं इसलिए चुनाव में विजय की जो आत्मा है वह पोलिंग बूथ की विजय में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गर्मी के दिनों में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की भी हिदायत दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। आप लोगों का यह जोश देखकर मुझे तो खुशी होती ही है लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका यह जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उत्तर प्रदेश को लेकर मोदी ने भरोसा जताया कि यहां के सभी भाजपा कार्यकर्ता हर सीट पर, हर पोलिंग बूथ पर विजय सुनिश्चित करने के लिए जी जान से जुट गए हैं। आप लोगों को सही दिशा में अपने प्रयास तेज करने हैं और हर मतदाता तक अपनी बात पहुंचानी है।

## 29 सोना तस्कर सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर एयरपोर्ट से भागे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक तस्कर हुआ बेहोश, हंगामा कर भटकाया ध्यान, सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट दर्ज, टीमें गठित

**अमृत विचारः** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत में लिए 36 से 29 आरोपियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को धक्का देकर भागने का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने बुधवार को सरोजनीनगर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमें लगाई गई हैं।

अमौसी एयरपोर्ट पर 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली कि शारजाह से लखनऊ आ रही फ्लाइट से तस्कर 3.5 करोड़ का सोना और सिगरेट ला रहे हैं। टीम ने फ्लाइट से उतरे 36 यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। छह यात्रियों ने पेट में सोना होने की बात कुबूली। जबकि बाकी 30 यात्रियों से मंगलवार को पूछताछ हुई।

### जांच में ठीक मिला बीमार तस्कर

बीमार तस्कर की कस्टम अधिकारियों ने अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर से जांच कराई। डॉक्टर ने बेहोश तस्कर की जांच की तो उसका पल्स और शुगर ठीक निकला। लेकिन वहां मौजूद दूसरे यात्री उसे उठाकर चिल्लाने लगे। टीम का कहना है कि पकड़े तस्करों ने रोजा रखा था। इफ्तारी के बाद सोना निकालने का प्रयास करने वाले थे। यात्रियों को खाने-पीने का सामान दिया था।

## सोना 69,200 व चांदी 80,700 के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई।

## यूकेपीसीएस परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

संवाददाता, नैनीताल

- महिला अभ्यर्थियों को 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण पर दायर है याचिका

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने यूकेपीसीएस परीक्षा में राज्य की महिला अभ्यर्थियों को 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण अधिनियम को चुनौती देती याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी किया है।

याचिकाकर्ता सत्यदेव त्यागी ने उत्तराखंड लोक सेवा (महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण) अधिनियम, 2022 की धारा 3(1) को चुनौती देते हुए दलील दी है कि सार्वजनिक सेवाओं में रहने वाली महिलाओं को 30% आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 16 के दायरे से बाहर है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने 14 मार्च 2024 पीसीएस के विभिन्न पदों जिनमें डिप्टी कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक, जिला कमांडेंट होम गार्ड आदि के 189 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया है। उक्त विज्ञापन के खंड 10 (डी) में राज्य की महिला उम्मीदवारों के लिए 30% क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया है। इसको चुनौती देते हुए कोर्ट से प्रार्थना की है कि उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया में, महिलाओं को मूल निवास आधारित क्षैतिज आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई के बाद सरकार को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी।

रामनवमी की व्यवस्था | रामानंदीय संप्रदाय के संतों ने बताया अनुचित, विरोध में उठे स्वर

# रामलला को तीन दिन जगाए रखने को लेकर खड़ा हुआ बखेड़ा



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद रामनवमी पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को राममंदिर में चैत्र शुक्ल नवरात्रि के अष्टमी, नवमी और दशमी को 24 घंटे दर्शन कराने की योजना को लेकर मंथन किया जा रहा है। यह सभी तिथियां 16, 17 और 18 अप्रैल को पड़ रही है। दर्शन लगातार होंगे तो रामलला आराम नहीं कर पाएंगे। रामलला को तीन दिन तक लगातार जगाए रखने पर बखेड़ा खड़ा हो गया है। रामानंद संप्रदाय के संत धर्माचार्य इसे अनुचित बताते हुए इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि सिर्फ भीड़ को देखते हुए बालरूप में भगवान को इतनी देर जगाए रखना ठीक नहीं है। संतों का मानना है रामनवमी पर रात्रि 11 से सुबह चार बजे तक भगवान को शयन करने दिया जाए। हालांकि इस पर निर्णय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को लेना है, ट्रस्ट ने दर्शन की व्यवस्था बनाए जाने का भरोसा दिया है।

### सुबह 4 से रात 10 बजे तक की है परंपरा



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास का कहना है कि रामानंद संप्रदाय में किसी भी मंदिर में रात्रि में भगवान को कई दिनों तक जगाए जाने की परंपरा नहीं है। विशेष रूप से कुछ विशेष आयोजनों के दौरान एक दिन के लिए जागरण व धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैष्णो संप्रदाय में सुबह 4 से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या की परंपरा है और रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रक्रिया को शामिल नहीं किया गया है।

### किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं



रामानंद संप्रदाय के रामकथा वाचक पूर्व सांसद डॉ. राम विलास दास वेदांती ने कहा कि संप्रदाय के तहत भगवान की दिनचर्या को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विचार करेगा। शास्त्र अनुसार श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, भागवत महापुराण, स्कंद पुराण में भगवान के दिनचर्या का वर्णन है। प्रात: ब्रह्म बेला में स्नान के बाद राग भोग, आरती व दोपहर में भोग और शयन और सायं में संध्या आरती फिर शयन आरती की परंपरा है। इसी अनुसार उनकी सेवा हो रही है। किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं है।

### भीड़ के कारण परंपरा में न करें बदलाव

महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि रामलला को 24 घंटे जगाए रखना सनातन धर्म और उपासना पद्धति के विरुद्ध है। अगर ट्रस्ट तीन दिन 24 घंटे दर्शन कर जाने की योजना पर निर्णय देता है तो इसका विरोध करते हैं। रामलला शिशु सामान हैं। उन्हें समय पर जगाने, उनकी आरती व भोगराज की व्यवस्था करना सही है। भीड़ बढ़ने से उनकी परंपरा में बदलाव नहीं करना चाहिए।

### एक दिन जगाना उचित लेकिन तीन दिन नहीं

दशरथ महल के महंत बिंदु गद्दाचार्य देवेंद्र प्रसाद आचार्य ने कहा कि भक्तों को दर्शन देना भगवान के बस में है। तीन दिन तक 24 घंटे दर्शन करने के मामले में टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन यह जरूर है कि ट्रस्ट रामानंद संप्रदाय की परंपरा और उसके नियमों का पालन करते हुए फैसला ले। भगवान को 24 घंटे एक दिन के लिए जगाना तो उचित हो सकता है, लेकिन तीन दिन तक इस प्रकार से दर्शन की व्यवस्था करना न्याय संगत नहीं है। श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए रात्रि 12 से सुबह 4 बजे तक शयन की अवधि जरूर निर्धारित करें।

## सार-संक्षेप

### नेशनल एथलेटिक्स के लिए गौरव का चयन



**रामनगर :** डीडी छिम्वाल कॉर्बेट एकेडमी के गौरव सत्यवली का चयन नेशनल लेवल की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। एकेडमी के कोच मो. इसरार अंसारी ने बताया कि गौरव सत्यवली ने देहरादून में आयोजित हुई राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के ऊंचीकूद (हाई जंप) में शानदार प्रदर्शन किया था। जहां से गौरव सत्यवली का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। विपिन विहार कोटद्वार रोड निवासी ईश्वर सत्यवली और प्रभा सत्यवली का 16 वर्षीय पुत्र गौरव सत्यवली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बिहार की राजधानी पटना के लिए रवाना हो गया है। नेशनल लेवल पर गौरव के सेलेक्शन होने पर डी.डी.सी.एम.की प्रधानाचार्या हेमा छिम्वाल, अतुल छिम्वाल, नीरज छिम्वाल, दीपक शर्मा, संजय पंत, नवीन जोशी, अरविंद चौधरी ने गौरव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नए छात्रों का किया जा रहा स्वागत

**कालाढूंगी :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसी कोटाबाग में शिक्षा के नए सत्र के उपलक्ष्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया। यहां प्रवेश पाने वाले सभी बच्चों का सांस्कृतिक तरीके से आरती उतारते हुए तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य दीवान सिंह बोरा सहित अध्यापक संदीप कुमार, पूरन सिंह राणा, संजय शर्मा, वरिष्ठ सहायक ममता देवी, हरीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### नैनीताल घूमने आया पर्यटक घोड़े से गिरा

**नैनीताल :** अलीगढ़ से नैनीताल घूमने आया पर्यटक शहर के लवर्स प्वाइंट क्षेत्र में घोड़े से अनियंत्रित होकर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अल्लाउद्दीन अपने परिवार के लोगों के साथ घूमने बारापत्थर पहुंचा था। घुड़सवारी के दौरान वह घोड़े से गिरकर घायल हो गया। उसके सिर, कमर और हाथ में चोट आई है। घायल के परिजन उसका अलीगढ़ में उपचार कराने की बात कहकर ले गए।

### हिलवुड के तीन बच्चों का जवाहर नवोदय में चयन

**रामनगर :** गैबुआ स्थित हिलवुड एकेडमी के तीन विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय



विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय के निदेशक नरेंद्र पाठक ने बताया कि मयंक रावत का कक्षा 9, आराध्या एवं अंशुमन का कक्षा 6 जवाहर नवोदय सुयालबाड़ी के लिए चयन हुआ है। तीनों प्रतिभावान बच्चों को विद्यालय के प्रबन्धक रजत पाठक, प्रधानाचार्य उमा मेहरा, विद्यालय की उप प्रधानाचार्य गीता छिम्वाल, शिक्षिका आशु छिम्वाल, हंस नेगी, मंजू जोशी ने शुभकामनाएं दी हैं।

### आदर्श स्कूल के दो बच्चों को मिली स्कॉलरशिप

**रामनगर :** आदर्श बाल अकादमी हाईस्कूल टांडा मल्लू विद्यालय के कक्षा 10 में



छात्र राजीव नेगी को अपने उत्कृष्ट बौद्धिक ज्ञान के आधार पर अपने अध्ययन के लिए 24000 रुपये की आदित्य बिड़ला कैपिटल स्कॉलरशिप तथा इसी कक्षा की छात्रा शिफा नाज को अपने विज्ञान मॉडल के आधार पर जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नैनीताल से 10000 रुपये का इंस्पायर अवार्ड प्राप्त हुआ है। दोनो विद्यार्थियों ने अपनी इन उपलब्धियों का श्रेय विद्यालय की कोऑर्डिनेटर पुष्पा बलोदी को दिया है।

### देवी मंदिर मेहरागांव में भंडारा आज

**भीमताल :** देवी मंदिर हाइडिल मेहरागांव में फाल्गुन के होली अवसर पर गुरुवार को पूजा व भंडारे का आयोजन होना है। आयोजन के संबंध में गुड्डू कार्की ने अधिक से अधिक ग्रामवासियों को उपस्थित रहने को कहा है।



नल दमयंती ताल में पहुंची लकड़ी। ● अमृत विचार

### भीमताल में अब नहीं होगी लकड़ी की किल्लत

**भीमताल :** भीमताल में अब शव दहन और अन्य कार्य के लिए लकड़ी की कमी नहीं होगी। एक मात्र श्मशान घाट में लकड़ी उपलब्ध हो गई है। मामले की जानकारी देते हुए निवर्तमान चेयरमैन देवेन्द्र चनौतिया ने बताया कि भीमताल में लकड़ी उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को भवाली जाना पड़ रहा था। स्थानीय निवासियों की समस्या को देखते हुए नल दमयंती ताल में लकड़ी उपलब्ध करा दी गई है। इस पर देवेन्द्र महरा, शुभम नैनवाल आदि ने आभार व्यक्त किया है।

### समय पर शस्त्र कर दें जमा नहीं तो लाइसेंस होगा निरस्त

**रामनगर :** एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि 672 में से अभी तक 510 लोगों ने अपने शस्त्र जमा कर दिए हैं। शेष लोगों से भी सम्पर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगो के शस्त्र जमा नही होंगे उनके लाइसेंस रद्द किए जाने की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

### नैनीताल में 825 लोगों ने अपने शस्त्र जमा किए

**नैनीताल :** आदर्श आचार संहिता के तहत लगभग 90 प्रतिशत लोगों ने अपने शस्त्र जमा कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार तल्लीताल थाने में 603 में से 565 व मल्लीताल कोतवाली में 302 में से 260 लोगों ने शस्त्र जमा कर दिए हैं। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि लोगों से जल्द से जल्द शस्त्र जमा करने की अपील की जा रही है।

### बाइक सवार नाबालिग को पकड़ा, बाइक सीज

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में नाबालिग को तेज गति से बाइक दौड़ाना महंगा पड़ा गया। कोतवाली पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया है। इसके अलावा नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने व यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तीन लोगों के वाहन सीज कर 38 लोगों का चालान किया गया है। बुधवार को कोतवाल हरपाल सिंह ने कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इधर तल्लीताल पुलिस ने भी मालरोड व डांठ पर अभियान चलाया। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने, नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वाले 18 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### शिक्षकों ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति दीवान सिंह रावत ने राज्यपाल गुरमीत सिंह से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्रों में हो रही प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान कुलपति ने इस वर्ष से प्रत्येक विभाग में स्नातकोत्तर कक्षाओं के दो छात्रों को प्रदान की जा रही प्रति माह 7500 रुपये की वाइस चांसलर इंटर्न फेलोशिप, पीएम-उषा के अंतर्गत प्राप्त होने वाले 100 करोड़ के अनुदान आदि के बारे में बताया। इस दौरान डीएसबी परिसर की निदेशक नीता बोरा शर्मा, आईक्यूएसी के निदेशक संतोष कुमार, परीक्षा नियंत्रक महेंद्र राणा, शिरीष मौर्य मौजूद रहे।

### नहीं आएंगे पानी के बढ़े हुए बिल, आश्वासन मिला

**हल्द्वानी :** नगर निगम के हल्द्वानी तल्ली इलाके में पानी के बिलों में वृद्धि होने की समस्या को लेकर लोगों ने विश्व बैंक परियोजना इकाई की प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश जोशी से मुलाकात की। इसमें निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि पूर्व में कई इलाकों में पानी के बढ़े हुए बिल लगातार भेजे जा रहे हैं। इसके चलते आमजनों के सामने समस्या बनी हुई है। इस पर प्रोजेक्ट मैनेजर ने आश्वासन दिया कि रीडिंग के अनुसार ही बिल का भुगतान लिया जाएगा। जहां पर बढ़े हुए बिल की समस्या बनी हुई है उसकी जांच कराई जाएगी। वहीं जिनका बकाया बिल है उनको पूरा जमा करना होगा। बाकी आगे से लोगों के सामान्य बिल ही आएंगे।

# नैनीताल में माल रोड पर हुए गड्ढे 10 मीटर से अधिक लंबी पड़ी दरार

## खतरे में माल रोड, 2018 में 20 मीटर सड़क का हिस्सा भूस्खलन के बाद गिर गया था झील में

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** माल रोड पर लगातार खतरा बढ़ रहा है। भू-धंसाव के चलते अब गड्ढे और दरारें पड़ने लगी हैं। बुधवार को एक बार फिर माल रोड पर दस मीटर लंबी दरार और गड्ढा हो गया। इससे माल रोड के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

बताते चलें कि लोअर माल रोड का 25 मीटर हिस्सा 18 अक्टूबर 2018 को भूस्खलन के चलते क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से लगातार माल रोड के विभिन्न हिस्सों में दरारें पड़ रही हैं। छह साल बीत जाने के बावजूद अब तक सड़क का स्थायी ट्रीटमेंट कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे सड़क की बुनियाद लगातार कमजोर हो रही है और माल रोड से लगी पहाड़ियों पर भी खतरा मंडरा रहा है। उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना का कहना है कि सड़क के स्थायी उपचार की जिम्मेदारी टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (टीएचडीसी) को दी गई है। पूर्व में टीएचडीसी की टीम ने माल रोड का सर्वे और अध्ययन किया था। टीएचडीसी ने माल रोड क्षतिग्रस्त क्षेत्र के 250 मीटर क्षेत्र में टोपोग्राफिकल सर्वे और जियोलॉजिकल मैपिंग की। इसमें पता चला था कि जिस स्थान पर सड़क पर धंसाव हो रहा है उसके ठीक नीचे भारी भूजल का रिसाव हो रहा है। मिट्टी को जोड़कर रखने वाले फाइनर पार्टिकल कण पानी के साथ घुलकर झील में समा रहे हैं। इसके चलते मालरोड क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। अध्ययन के बाद टीएचडीसी ने रोड के स्थायी उपचार के लिए तीन करोड़ पचास लाख रुपये की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की। शासन ने संस्तुति देते हुए सड़क के स्थायी उपचार के लिए बजट जारी कर दिया है। जल्द ही सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



लोअर माल रोड पर पड़े गड्ढे और दरार देखते अधिकारी। ● अमृत विचार

> जिस स्थान पर गड्ढा हुआ है वहां पर कलमठ था या पत्थर निकलने से गड्ढा हुआ है। जल्द ही कलमठ की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
> –**रत्नेश सक्सेना**, अधिशासी अभियंता, लोनिवि नैनीताल।

### लोनिवि सातवीं बार जारी करेगा टेंडर

माल रोड के 25 मीटर हिस्से को ठीक करने में कोई भी ठेकेदार दिलचस्पी नहीं ले रहा है। इस वजह से माल रोड के स्थायी उपचार का काम लगातार टल रहा है। विभाग ने सड़क के स्थायी उपचार के लिए अब तक छह बार टेंडर निकाले लेकिन बजट कम होने का हवाला देते हुए किसी भी ठेकेदार ने काम नहीं लिया। बताया जा रहा है कि कार्य में मशीनों में ज्यादा लागत लगने की डर से कोई भी ठेकेदार निविदा नहीं डाल रहा।

# सुसाइड रॉक में प्रतिबंध के बावजूद नहीं मान रहे लोग

लापरवाही

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल से हल्द्वानी जाते समय चार किमी की दूरी पर सुसाइड रॉक में खतरा होने के बावजूद लोग उस स्थान पर जाने से बाज नहीं आ रहे हैं और फोटोग्राफी कर रहे हैं। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने इस स्थान पर लोगों को रोकने के लिए खासा लंबा चौड़ा लोहे का जाल लगाया हुआ है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट वहां से गुजर रहे थे तो लगभग चार लोगों को सुसाइड रॉक पर बैठे देखा। इस पर मंडल अध्यक्ष ने लोगों को समझाया और अवगत कराया कि लोग शौक में इस पत्थर पर चढ़ तो जाते हैं पर ऊंचाई होने के कारण लोगों को चक्कर आ जाता है। इस दौरान कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। इधर युवकों ने अपनी गलती मानी। पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सुसाइड रॉक के स्थान पर बड़ा चेतावनी बोर्ड लगाने और वहां प्रवेश वर्जित करने के लिए घना लोहे का जाल लगाने की मांग की है। बताया कि यदि सुसाइड स्थान पर बिल्कुल प्रवेश को बंद कर दिया जाए तो कई लोगों की जान भविष्य में बच सकती हैं।



सुसाइड रॉक पर खड़े लोग।



> लोक निर्माण विभाग द्वारा लोगों के लिए प्रवेश बिल्कुल बंद हो ऐसा प्रयास होना चाहिए। कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। रोकथाम के पुख्ता इंतजाम हों तो कई लोगों की जान बच सकती है।
> –**मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

# दीप की आर्ट गैलरी देखी तो समझो पूरा कॉर्बेट देख लिया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** नगर से चार किलोमीटर दूरी पर रिंगोड़ा में लगी आर्ट गैलरी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कॉर्बेट नेशनल पार्क आने वाले पर्यटक भी इस आर्ट गैलरी में आकर कार्बेट की खूबसूरती को देख रहे हैं। गैलरी में लगीं ज्यादातर तस्वीरें वन्यजीवों और वहां के प्राकृतिक सौंदर्य की हैं। इन्हें वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने अपने कैमरे से कैद किया है। आर्ट गैलरी जिसने भी देखी समझो उसने पूरे कार्बेट पार्क का भ्रमण कर लिया।

बता दें कि दीप रजवार बीबीसी द्वारा पुरस्कृत वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर हैं। उनके कई राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में वन्य जीवों से संबंधित फोटो प्रकाशित होते रहते हैं। उनकी आर्ट गैलरी में पूरा कार्बेट पार्क समाया हुआ है। ढिकाला का ग्रासलैंड, सूर्योदय या फिर वहां का प्राकृतिक सौंदर्य इन सबके खूबसूरत फ़ोटोग्राफ अपनी ओर सबको आकर्षित किए बिना नहीं रहते। आर्ट गैलरी में विभिन्न प्रकार के पक्षी, बाघ, गजराज, रामगंगा नदी में तैरते मगरमच्छों के अलावा रंग बिरंगी तितलियां, सांप आदि आर्ट गैलरी की शोभा बढ़ा रहे हैं। रजवार कहते हैं कि वाइल्डलाइफ आर्ट गैलरी का मुख्य उद्देश्य भविष्य में गांवों के युवाओं को नेचर गाइड के रूप में विकसित कर और बर्डिंग ट्रैक बना कर उनको रोजगार से जोड़ना व ईको टूरिज्म को बढ़ावा देना है।



आर्ट गैलरी दिखाते दीप रजवार।

# ज्योलीकोट क्षेत्र के जंगलों में लगी आग

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** ज्योलीकोट के समीपवर्ती क्षेत्र के जंगल में बुधवार की सुबह आग लग गई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुटी रही।

बता दें कि बुधवार सुबह ज्योलीकोट के समीप जंगल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। लगभग दो घंटे के बाद हवा के झोंकों के साथ आग ने जंगल को बड़े क्षेत्र को चपेट में ले लिया। देखते ही देखते जंगल धधकने लगा। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचित किया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। लेकिन हवा होने व पहाड़ी क्षेत्र होने के चलते आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि जंगल में आग लगने की सूचना मिलने के बाद मरोरा व भवाली रेंज की टीमों को क्षेत्र में आग बुझाने के लिए भेज दिया है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा।



भवाली रोड पर टूटा पहाड़ क्षेत्र में लगी आग। ● अमृत विचार

### नैनीताल में टूटा पहाड़ के जंगल भी धधके

**नैनीताल :** भवाली रोड पर टूटा पहाड़ क्षेत्र में देर रात भीषण आग लग गई। देर रात आग की लपटें देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जंगल में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने 112 के माध्यम से पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे वन और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। मंगलवार की रात 11 बजे नैनीताल भवाली रोड पर टूटा पहाड़ क्षेत्र के लोगों ने हल्का धुंआ देखा था। लेकिन देखते ही देखते आग ने रात 12 बजे तक विकराल रूप ले लिया। सूचना के बाद पहुंची दमकल व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग खड़ी चट्टान में होने के चलते आग पर काबू नहीं पाया जा सका। डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने देर रात बताया कि टीम को मौके पर भेज दिया गया है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा।

### बीडी पांडे अस्पताल में व्यवस्थाएं ऑनलाइन

**नैनीताल, अमृत विचार:** बीडी पांडे अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग सुविधा के साथ अब अन्य व्यवस्था भी ऑनलाइन कर दी हैं। इसके चलते अब मरीजों की जानकारी व जमा शुल्क की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज हो जाएगी।

बीडी पांडे अस्पताल में बीते तीन सालों में कई सुविधाओं का विस्तार हुआ है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से बीते महीने मरीजों के लिए यूजर्स चार्ज के लिए ऑनलाइन सुविधा भी शुरू कर दी गई थी। अब अस्पताल में रजिस्ट्रेशन के साथ अन्य सुविधाएं भी ऑनलाइन कर दी गई हैं। इससे अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या समेत यूजर्स चार्ज के तहत जमा होने वाली राशि का रोज पता लग सकेगा। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि व्यवस्थाओं को ऑनलाइन करने से काम सरल होगा।

# खैरना हाइवे पर सुरक्षात्मक कार्यों में हो रही लापरवाही

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** दुर्घटनाओं के लिहाज से अतिसंवेदनशील खैरना-रानीखेत स्टेट हाइवे पर सुरक्षात्मक कार्यों लापरवाही से पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों में नाराजगी है। हाइवे पर बनाए जा रहे पैराफिटों में पत्थर भर दिए गए हैं। आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों के नाम पर गुणवत्ताविहीन कार्य कर सरकारी बजट की बर्बादी की जा रही है।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से तमाम क्षेत्रों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण खैरना - रानीखेत स्टेट हाइवे पर दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों में दो अलग अलग दुर्घटनाओं में दो लोग जान गंवा चुके हैं। पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों के सुरक्षा कार्य किए जाने की मांग उठाने के बाद लोक निर्माण विभाग ने खैरना से भुजान के बीच लाखों रुपये की लागत से सुरक्षात्मक कार्य शुरु करवाए वहीं सड़क पर एक बार फिर पैचवर्क कार्य करवाया।

सुरक्षित यातायात के लिए बनाए जा रहे पैराफिटों पर व्यापारियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप लगाया है कि हाइवे से सटी पहाड़ी से ही पत्थर निकालकर पैराफिटों में भर दिए जा रहे हैं। गुणवत्ताविहीन पैराफिट निर्माण कर जन हित से खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्राम प्रधान शेखर दानी, विरेन्द्र सिंह, कुबेर सिंह, गोविन्द, फिरोज अहमद आदि ने लाखों की लागत से बनाए जा रहे पैराफिटों की जांच की मांग उठाई है।

### शराब पीकर विकास भवन में हंगामा किया

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल विकास भवन के समाज कल्याण विभाग में शराब पीकर हंगामा करना एक संविदा कर्मी को भारी पड़ गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिपांकर घिल्डियाल की शिकायत पर पुलिस ने हंगामा करने वाले कर्मचारी को पकड़ लिया। जिला अल्पसंख्यक कार्यालय में संविदा में तैनात डाटा इंट्री ऑपरेटर बुधवार दोपहर को जिला समाज कल्याण विभाग में आ गया। इस बीच वह गाली-गलौच व महिलाओं से अभद्रता करने लगा। कार्यालय में तैनात अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने हल्द्वानी में मौजूद जिला समाज कल्याण अधिकारी दिपांकर घिल्डियाल को जानकारी दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने भीमताल थाने को सूचना दी। इस पर भीमताल पुलिस आरोपी को पकड़ कर मेडिकल कराने के लिए साथ ले गई।

# संबद्धता प्रमाण पत्र के बगैर नहीं मिल सकेगी छात्रवृत्ति

संवाददाता, हल्द्वानी/भीमताल

▸▸ **जिला समाज कल्याण अधिकारी ने 15 अप्रैल तक जमा करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** जिले के कई शिक्षण संस्थानों ने वर्ष 2023-24 के संचालित कोर्स का संबद्धता प्रमाण पत्र अभी तक समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध नहीं कराया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने ऐसे संस्थानों को संबद्धता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कहा कि सभी संस्थान 15 अप्रैल तक समाज कल्याण विभाग को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। कहा कि इस कारण से शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलेगा तो इसके लिए पूरी तरह संबंधित संस्थान जिम्मेदार होगा।

संबद्धता प्रमाण पत्र जमा नहीं करने वालों में जिले के वासुदेव कॉलेज ऑफ लॉ लामाचौड़, एमआईटी कुमाऊं लामाचौड़, जय अरिहंत हल्द्वानी, रिनेसा कॉलेज, होटल मैनेजमेंट पीरूमदारा, बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल, ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट गोरापड़ाव, इंस्पिरेशन कॉलेज काठगोदाम, पाल कॉलेज आफ नर्सिंग हल्द्वानी, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, एमबीपीजी महाविद्यालय हल्द्वानी, डीएसबी कैंपस नैनीताल और पीएनजी पीजी कालेज रामनगर शामिल हैं। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों से 15 अप्रैल तक संबद्धता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# पहाड़ों में बारिश का येलो अलर्ट जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ **मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी**

**अमृत विचार:** मौसम विभाग ने उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश होने का अनुमान जताया है। साथ ही मैदानी इलाकों में हवाएं चलने की संभावना जताई है।


मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश होने और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है। अनुमान है कि बारिश होने के साथ ही इन जिलों में तापमान में गिरावट आएगी। इधर हल्द्वानी में गर्मी का असर बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को हल्द्वानी में दिन के समय तेज धूप निकली। हालांकि हल्के बादल भी छाए रहे। अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री दर्ज किया गया है।

### छोटी उम्र में अर्श और अल्तमश रख रहे पूरे रोजे



**कालाढूंगी:** रमजान में छोटे बच्चों का उत्साह और जज़्बा भी देखने को मिल रहा है। यहां बड़ों के साथ ही कई छोटे बच्चे भी रोजे रखकर इबादत में मशगूल हैं। कालाढूंगी के वार्ड नंबर तीन निवासी मो. नौशाद के नौ वर्षीय पुत्र मो. अर्श तो यहीं के निवासी मोहम्मद अहमद के 10 वर्षीय पुत्र अल्तमश पूरे रोजे रख रहे हैं।






# 50 व्यावसायिक संस्थानों को दमकल का नोटिस

## अल-नीनो की आहट से विभाग ने की तैयारी तेज, गर्मी खत्म होने तक सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इस साल प्रचंड गर्मी का अनुमान है और इसकी वजह है अल-नीनो। इसी वजह से दमकल की ताबड़तोड़ चेकिंग के बाद जिले के 50 व्यावसायिक संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है। इसमें अस्पताल, मॉल, गोदाम व अन्य संस्थान शामिल हैं। तय समय के भीतर सुरक्षा उपकरण दुरुस्त न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अलनीनो को देखते हुए जिले के सभी दमकल कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

दमकल अधिकारियों का कहना है कि अल-नीनो को देखते हुए तेजी से काम किया जा रहा है। जिले के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जांच की जा रही है। खामियां मिलने पर हल्द्वानी में अभी तक 35 और रामनगर में 15 व्यावसायिक संस्थानों को नोटिस जारी किया जा चुका है। जिसमें हॉस्पिटल, गोदाम, स्कूल, मॉल, टेंट हाउस व अन्य तरह के व्यावसायिक संस्थान शामिल हैं। दमकल ने सभी से एक हफ्ते के भीतर सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा है। दमकल विभाग में भी आकस्मिक अवकाश ही स्वीकृत किए जा रहे हैं।



अल-नीनो को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। आकस्मिक स्थिति को छोड़ कर सभी तरह की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सभी को 24 घंटे तैयार रहने के निर्देश हैं। **- गौरव किरार**, मुख्य अग्निशमन अधिकारी

बता दें कि गर्मी शुरू होते ही जिले में आग की घटनाएं बढ़ गई हैं। पिछले तीन महीनों में जिले में 73 अग्निकांड हो चुके हैं और इन अग्निकांड में 20357000 करोड़ रुपये की क्षति का अनुमान है। माना जा रहा है कि इस साल गर्मी में अग्निकांड पिछले कई सालों के रिकार्ड तोड़ने वाला है। दमकल 24 घंटे अलर्ट मोड पर है। इस साल का सबसे बड़ा अग्निकांड बीती 2 अप्रैल को रामपुर रोड बेलबाबा मंदिर के पास उमेश चंद्र डालाकोटी की डालाकोटी पेंट्स एंड केमिकल के नाम से लीसा फैक्ट्री में हुआ। इसी वर्ष फरवरी में हीरानगर में वीनस शोरूम में दूसरा बड़ा अग्निकांड हुआ था। अब तक ऐसी हुई 73 घटनाओं में हल्द्वानी में 44, मल्लीताल 14 और रामनगर में 15 बार आग लग चुकी है। वर्ष 2023 में जिले में आग की 255 घटनाएं हुई थीं और इसमें 63285245 करोड़ रुपये की क्षति का अनुमान था।

### जिले में फायर हाईड्रेंट की संख्या

| फायर स्टेशन | कुल | क्रियाशील | अक्रियाशील | प्रस्तावित |
|---|---|---|---|---|
| रामनगर | 15 | 15 | 0 | 0 |
| मल्लीताल | 83 | 52 | 31 | 34 |
| हल्द्वानी | 15 | 15 | 0 | 30 |
| योग | 113 | 82 | 31 | 64 |

### आग की घटनाएं और इतना हुआ नुकसान

| फायर स्टेशन | 2023 में आग | 2023 में क्षति रुपये में |
|---|---|---|
| हल्द्वानी | 140 | 49820000 |
| मल्लीताल | 49 | 8932745 |
| रामनगर | 66 | 4532500 |
| योग | 255 | 63285245 |

### व्यावसायिक संस्थानों की संख्या

| फायर स्टेशन | अस्पताल | स्कूल | होटल |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | 58 | 107 | 115 |
| मल्लीताल | 36 | 45 | 300 |
| रामनगर | 10 | 45 | 162 |
| योग | 104 | 197 | 577 |

### अल-नीनो के असर से बढ़ी गर्मी

अल-नीनो वर्ष होने की वजह से इस साल अप्रैल तक असमान्य गर्मी पड़ेगी। अल-नीनो एक मौसमी घटना है। जिसके दौरान उसके प्रभावित क्षेत्रों में तापमान में बढ़ोत्तरी होती है। इसका संबंध समुद्र में होने वाली उथल-पुथल से है। इससे समुद्र के सतही जल का ताप सामान्य से अधिक हो जाता है। जिसका असर सतही क्षेत्रों में भी पड़ता है। इसी वजह से दिसंबर माह में उत्तर भारत में सामान्य से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया था। अल-नीनो का ही असर है कि मार्च में ही हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 36 डिग्री पार कर गया।

### 28 मार्च से बढ़ने लगा था तापमान

होली के दौरान तापमान में सामान्य से थोड़ी बढ़ोत्तरी थी, लेकिन 28 मार्च के बाद तापमान में उछाल आने लगा। 28 को अधिकतम तापमान 33 डिग्री, 29 मार्च को 33 .1 डिग्री तो 30 मार्च को 35 .8 डिग्री तक पहुंच गया। 31 मार्च को तापमान 36 .3 डिग्री था जो सामान्य से छह डिग्री ज्यादा रहा। एक अप्रैल के बाद पश्चिम बंगाल में आए चक्रवात की वजह से उत्तर भारत में पूर्व से नम हवाएं चलीं। जिस वजह से तापमान में कमी आई। फिर भी यह एक अप्रैल को 32 .4, दो अप्रैल को 32 .9 और तीन अप्रैल को 33 .8 डिग्रीदर्जकियागया।

# महिला वन दरोगा ने लगाया रेंजर पर छेड़छाड़ का आरोप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के एक रेंज अधिकारी पर सहयोगी महिला कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप इन दिनों चर्चा में हैं। सीटीआर प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यस्थल पर छेड़छाड़ रोकथाम अधिनियम के तहत जांच कमेटी गठित की है।

सीटीआर में कार्यरत महिला वन दरोगा ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की है कि 29 मार्च को कार्यालय के जरूरी कार्य के नाम में रेंज अधिकारी उसे क्षेत्र से बाहर ले गए। आरोप है कि शराब के नशे में रेंज अधिकारी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और उसे भी शराब पीने को कहा। इस पर पीड़ित वन दरोगा ने कड़ा विरोध जताते हुए आरोपी को अलग रहने को कहा।

अगले दिन वापस आने पर महिला वन दरोगा ने घटना की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। घटना के बाद से पीड़ित अवकाश पर है।

मामले में सीटीआर के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरिसमेंट एक्ट 2013 के तहत मामले की जांच के लिए आंतरिक शिकायत कमेटी गठित की गई है। कहा है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपी के कार्यस्थल पर होने से उठे सवाल

सीटीआर कर्मियों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि प्रबंधन ने जहां पीड़ित से सहानुभूति रखते हुए अवकाश दिया है, वहीं आरोपी अधिकारी अपने कार्यस्थल पर जमे हुए हैं। जबकि जांच पूरी होने तक उन्हें दूसरी जगह अटैच किया जाना चाहिए था। ऐसे में आरोपी अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए जांच प्रभावित कर सकते हैं। उधर दबी जुबान से कई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पीड़ित वन दरोगा के समर्थन में आगे आई महिला फॉरेस्टरों का दूसरे रेंज में तबादला किया गया है।

इस मामले में उप प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ की अध्यक्षता में नियमानुसार जांच समिति गठित की गई है, जिसकी रिपोर्ट के बाद प्रकरण में उचित कार्रवाई की जाएगी। **-डा. धीरज पांडे**, निदेशक सीटीआर

## एक नजर

### टक्कर मार कर बोलेरो सवार फरार

**हल्द्वानी :** एक व्यक्ति को टक्कर मार कर बोलेरो सवार फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में अंबेडकर नगर निवासी सोनम छावड़ा ने बताया कि उनके पिता रोहतास दिवाकर प्रेस की ठेली लेकर कालाढूंगी चौराहा से मुखानी की ओर जा रहे थे। भोलानाथ गार्डन के पास बोलेरो के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में रोहतास का दाहिना पैर टूट गया।

### एसटीएच से चोरी मोटरसाइकिल बरामद

**हल्द्वानी :** एसटीएच के बाहर से चोरी बाइक पुलिस ने बरामद कर ली है। किशनपुर कालाढूंगी निवासी बंटी ने पुलिस को बताया था कि बीती 26 मार्च को उसने अपनी मोटरसाइकिल सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर से चोरी हो गई थी। मामले में हीरानगर चौकी के एसआई विजय कुमार चौकी ने रामबाग बासखेड़ा गौलापार निवासी गोपाल सिंह बिष्ट को उत्थान मंच के पास से मय चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लकड़ी लेकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त

**लालकुआं :** जंगल से वन निगम की लकड़ी लेकर आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली की बल्ली कार रोड बाजार में अचानक टूट गई। भारी भीड़ के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी लकड़ी सड़क पर बिखर गई, जिससे बाजार में भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जंगल से लकड़ी ढोने वाले वाहन लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। बुधवार को काररोड बाजार में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की बल्ली टूट गई। इससे ट्रॉली में लदी लकड़ी जमीन पर गिरकर बिखर गईं। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# विद्युत लाइन के पास लीसा रखने से लगी थी आग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामपुर रोड किनारे जंगल के पास बनी लीसा फैक्ट्री में आग लापरवाही का नतीजा था। जांच में सामने आया है कि विद्युत लाइन के पास लीसा रखने से अग्निकांड हुआ और फैक्ट्री जलकर राख हो गई।

बीती 2 अप्रैल को रामपुर रोड बेलबाबा मंदिर के पास उमेश चंद्र डालाकोटी की डालाकोटी पेंट्स एंड केमिकल के नाम से लीसा फैक्ट्री में अग्निकांड हुआ था। शाम करीब पौने छह बजे आग लगी थी, जिसे बुझाते-बुझाते रात साढ़े 8 बजे गए थे। गनीमत यह रही कि दमकल ने आग उस गोदाम की ओर नहीं बढ़ने दी, जहां लीसा का भंडार रखा था।

**फॉलोअप**

▸▸ **दमकल विभाग की जांच में सामने आया लीसा फैक्ट्री में आग लगने का कारण**

मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने बताया कि आग बुझने के बाद जांच की गई तो पता लगा कि फैक्ट्री के अंदर की विद्युत पैनल लगा था। जिसमें बिजली की मेन लाइन जुड़ी थी। इसी पैनल के पास भारी मात्रा में लीसा रखा गया था। शॉर्ट-सर्किट से निकली और वहीं रखे लीसा पर गिर गई। जिसने पल भर में विकराल रूप ले लिया। नियमतः लीसा को ऐसी स्थिति में रखना होता है, जहां आग लगने का खतरा न हो।

# तीन बाइक सवारों पर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** होली के दिन बाइक सवार ने युवक और उसकी बच्ची को टक्कर मारकर घायल कर दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने बाइक सवार तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में अंबेडकर नगर बरेली रोड निवासी शरद अम्बेस ने बताया कि बीती 24 मार्च को वह 4 वर्षीय पुत्री आरुषि को अजय पाल कॉम्प्लेक्स के पास बरेली रोड पर गोद में लेकर खड़ा था। रात करीब 10 बजे बाइक पर सवार तीन लोगों ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में अजय का पैर टूट गया और आरुषि की तीन जगह से हड्डी टूट गई। आरुषि का राम मूर्ति में आईसीयू में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बाइक सवार फैजान, वसीम और अदनाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बनना था चिड़ियाघर, चल रहा था शराब का ठेका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जंगल में चल रहे शराब के अवैध कारोबार का काठगोदाम पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। जंगल में जिस जगह पर चिड़ियाघर बनाने की तैयारी की जा रही है वहां तस्करों ने बाकायदा ठेका खोलकर शराब की बिक्री शुरू कर दी। छापे में पुलिस ने शराब के इस अवैध ठेके से भारी मात्रा में शराब बरामद की और एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जबकि चार अन्य मामलों में पांच और तस्करों की गिरफ्तारी की गई।

अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के पास चिड़ियाघर की जमीन पर घना जंगल है। मंगलवार को काठगोदाम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारा। जंगल के अंदर बने एक कमरे से शराब की बिक्री हो रही थी। टीम ने मौके पर रामलाल कॉलोनी गौलापार निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया। कमरे की तलाशी के दौरान अंग्रेजी और देसी शराब की 52 पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा, एसआई मनोज कुमार, एसआई फिरोज आलम, एसआई महेंद्र राज सिंह, कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, चन्दर सामंत, संतोष कुमार, योगेश कुमार व बसंतटम्टा थे।



जंगल में मिली 52 पेटी शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी तस्कर। ● अमृत विचार

अन्य मामलों में भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा ने टैगोर कॉलोनी पॉलीशीट काठगोदाम निवासी गौरव शर्मा को संजय कॉलोनी के पीछे रेलवे लाइन के पास झाड़ियों से 10 पेटी देसी शराब, भीमताल पुलिस ने अलचौना बैंड भीमताल से प्रकाश चंद्र निवासी बड़ेत कपकोट के कब्जे से 144 पव्वे देसी शराब और चोरगलिया पुलिस ने शुक्ला तिराहा कच्चे मार्ग से कुलदीप सिंह निवासी पसेनी नानकमत्ता को 35 लीटर, सीतापुर गुरुद्वारा रोड तिराहा गौलापार से जगदीश सिंह निवासी दोहरादम किच्छा को 50 लीटर और एनके कांटे के पास से झिंदर सिंह निवासी पसेनी नानकमत्ता को 50 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इनसे मिली बाइक पुलिस ने सीज कर दी है।

**कार्रवाई**

▸▸ **गौलापार के जंगल में बना लिया शराब ठेका, 52 पेटी बरामद**

▸▸ **चार अन्य मामलों में 5 तस्कर भारी मात्रा में शराब संग गिरफ्तार**

**समस्या**

# सुशीला तिवारी अस्पताल में टीबी की दवा हुई खत्म



**हल्द्वानी, अमृत विचार:** सुशीला तिवारी अस्पताल के टीबी व श्वास रोग विभाग में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को अस्पताल से दवा नहीं मिल रही है। मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। एसटीएच के टीबी व श्वास रोग विभाग में मरीजों का निशुल्क उपचार किया जाता है। विगत दो सप्ताह से टीबी के मरीजों की दवा खत्म हो गई है। ऐसे में मरीजों को बाहर से दवा खरीदनी पड़ रही है। यहां ऐसे भी मरीज आते हैं जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं और उन्हें टीबी के उपचार के लिए अस्पताल से मिलने वाली निशुल्क दवाओं का ही सहारा है। टीबी रोग की दवा को भी नियमित खाना होता है। उपचार के दौरान अगर दवा बंद हो गई तो बीमारी और बढ़ जाती है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि टीबी के मरीजों को निशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाती है। जिस वजह से दवा नहीं मिल पा रही है उसको दूर कर दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

# बेस अस्पताल में हड्डी रोग के मरीज लौटे



**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बेस अस्पताल की ओपीडी में हड्डी रोग की ओपीडी पूरी तरह से बंद रही। डॉक्टर नहीं होने की वजह से मरीजों को लौटना पड़ा।

बेस अस्पताल में हड्डी रोग के दो डॉक्टर ओपीडी में मरीजों को देखते हैं। सप्ताह में इन डॉक्टरों के दिन तय हैं। बुधवार को डॉ. पीसी पंत अवकाश पर थे। इस वजह से सुबह से ही हड्डी रोग की ओपीडी में ताला लगा रहा। अस्पताल में हड्डी रोग की ओपीडी में रोजाना 60 से 70 मरीज पहुंचते हैं। अस्पताल में जनरल मेडिसन के अलावा सबसे ज्यादा रोगी हड्डी रोग की ओपीडी में ही आते हैं। इधर अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि डॉ. पीसी पंत अवकाश पर थे। गुरुवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

# एसटीएच में नया एसी प्लांट लगाया जाएगा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सुशीला तिवारी अस्पताल में नया एसी प्लांट लगेगा। एसी प्लांट के लिए विगत दिनों मंजूरी मिल गई थी। अनुमान है कि अगले छह से सात माह में काम पूरा हो जाएगा।

एसटीएच के निर्माण के समय ही अस्पताल में 1996 में एसी प्लांट लगाया गया था। पुराने हो चुके एसी प्लांट की वजह से मरीजों को परेशानी हो रही थी। सेंट्रल एसी के तौर पर काम रहे प्लांट से वार्डों में भी कनेक्शन किए गए थे। आईसीयू में भी आपूर्ति इसी प्लांट से होती है। हालांकि पुराने हो चुके एसी प्लांट की वजह से बार-बार सेवा बाधित हो रही थी। साथ ही अस्पताल में अब मरीजों और वार्डों की संख्या बढ़ रही है। इस वजह से पुराने एसी को बदलने की जरूरत हो रही थी। विगत दिनों एसटीएच में नए प्लांट के लिए मंजूरी मिल गई थी। साथ ही बजट भी मिल चुका है। उत्तराखंड पेयजल निगम निर्माण एजेंसी के तौर पर काम करेगी। उम्मीद है कि जल्द ही काम शुरू हो जाएगा और अगले सात माह में नया एसी प्लांट काम करने लगेगा।



सुशीला तिवारी अस्पताल में नए एसी प्लांट के लिए मंजूरी मिल गई थी। अब जल्द ही काम शुरू होने का अनुमान है। इससे मरीजों को काफी सुविधा होगी। **-डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

▸▸ **अस्पताल में मरीजों को मिलेगी सुविधा, 1996 में लगा एसी प्लांट हुआ पुराना**

# हाईकोर्ट ने कहा-नैनीताल जेल से कैदियों को सितारगंज शिफ्ट करें

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जेल में फैली अव्यवस्थाओं व जेल के जर्जर भवन का स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने नैनीताल जेल से कैदियों को शीघ्र सितारगंज जेल में शिफ्ट करने के आदेश दिए हैं। साथ ही कोर्ट ने जेल प्रसाशन से कहा कि सितारगंज जेल में सजा काट चुके कैदियों को सरकार से अनुमति लेकर रिहा किया जाए। मामले की सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि नियत की गई है।

कोर्ट की तरफ से नियुक्त न्यायमित्र अधिवक्ता श्रुति जोशी ने कोर्ट को बताया कि नैनीताल जेल के 40 कैदी एड्स के मरीज हैं। इन कैदियों के लिए अलग से रहने की व्यवस्था की जाए। बुधवार को हुई सुनवाई पर आईजी जेल विमला गुंजियाल कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुईं। उन्होंने कोर्ट से कहा कि इस जेल में 7 बैरक हैं जिसकी क्षमता 71 कैदी रखने की है। जबकि वर्तमान में यहां क्षमता से अधिक कैदी हैं। जगह की कमी के कारण जेल का विस्तारीकरण नहीं हो पा रहा है। जेल के विस्तारीकरण करने के लिए उन्हें 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। यह भूमि रामनगर में है। इसपर कोर्ट ने कहा कि सितारगंज जेल बड़ी जेल है जो 500 एकड़ भूमि पर बनी हुई है और इस जेल में कई सुविधाएं उपलब्ध हैं इसलिए इन कैदियों को वहां शिफ्ट किया जाए।

पूर्व में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने नैनीताल जेल के निरीक्षण के दौरान पाया कि 1906 में बना जेल का भवन काफी पुराना हो चुका है,जो जर्जर हालत में है। जेल में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा गया है। जेल में बंद कैदियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जेल भवन मुख्य सड़क से काफी दूरी पर स्थित है। कैदियों के बीमार पड़ने पर उन्हें समय पर हॉस्पिटल पहुंचाने में दिक्कतें होती हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नैनीताल जेल भवन भूगर्भीय दृष्टि से भी संवेदनशील है। जो कभी भी भूस्खलन की जद में आ सकता है। जिसका उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया है।

**सुनवाई**

▸▸ **सजा काट चुके कैदियों को सरकार की अनुमति से करें रिहा**

**अनदेखी** जोशी विहार फेस-2, खड़िया फैक्ट्री, मृदुल विहार, जज फार्म की सड़कों को मरम्मत की दरकार, वर्ष 2012 में नगर पालिका से बने नगर निगम के बाद भी नहीं बदली सड़कों की सूरत

# 10 साल बीतने के बावजूद नहीं बन पाईं जज फार्म की सड़कें, लोग हो रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वर्ष 2012 में नगर पालिका से नगर निगम बनने के बाद भी आंतरिक सड़कें नहीं सुधर पाई हैं। नगर निगम क्षेत्र के जोशी विहार फेस-2, खड़िया फैक्ट्री, मृदुल विहार और जज फार्म की सड़कें लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के चलते खस्ताहाल बनी हुई हैं। सड़कों में जगह-जगह कई फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं, वहीं सड़कों की बजरी व गिट्टी बाहर निकल आई हैं, जिससे आए दिन इन सड़कों से निकलने वाले वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं।



मुखानी स्थित जोशी विहार की क्षतिग्रस्त सड़क।



जज फार्म से आईटीआई को जाने वाली सड़क का हाल।

आंतरिक सड़कों की बात करें तो अधिकांश सड़कें गड्ढों में तब्दील में हो चुकी हैं। खड़िया फैक्ट्री वाली सड़क पर दर्जनों गड्ढे हो चुके हैं, इन गड्ढों में आए दिन बाइक सवार फंस कर चोटिल होते रहते हैं। लेकिन इसके बाद भी सड़क के गड्ढे नहीं भरे गए हैं। इधर जोशी विहार फेस-2 की सड़क 10 साल से बदहाल पड़ी हुई है इस सड़क का डामरीकरण का निशान तक नहीं बचा हुआ है। मृदुल विहार और जज फार्म की सड़कें भी खस्ताहाल हो चुकी हैं, जज फार्म की कुछ दूरी की सड़क बनने के बाद अधर में ही छोड़ दिया गया है।



लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिसके चलते सड़क दिन पे दिन और खस्ताहाल होती जा रही है। सड़कों में हुए गड्ढों के चलते आए दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। **-गोपाल चंद्र**, खड़िया फैक्ट्री



सड़क की समस्या को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियो तक के चक्कर काट चुके है। लेकिन इसके बाद भी सालों बीत गए सड़क की मरम्मत का इंतजार करते हुए। **-त्रिभुवन सिंह**, जोशी विहार फेस-2



इन सड़कों से स्कूली बच्चों समेत अन्य लोगों का आना-जाना होता है। लेकिन लंबे अंतराल के बाद भी सड़कों को बनाने के लिए संबंधित जिम्मेदारो ने कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखाई जिससे सड़क और खस्ताहाल होती गई। **-गोपाल जोशी**, मृदुल विहार

खड़िया फैक्ट्री समेत अन्य सड़कों के मरम्मत के लिए 50 लाख रुपये का प्रस्ताव नगर निगम ने तैयार किया हुआ है। आने वाले दिनों में इन सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। **-नवल नौटियाल**, एई नगर निगम

### बारिश के दिनों में सड़कें हो जाती हैं खतरनाक

मानसून सत्र में ये सड़कें और अधिक खतरनाक हो जाती हैं। सड़कों की मरम्मत नहीं होने के चलते इनमें हुए गड्ढों में बरसाती पानी का भराव हो जाता है। इसके चलते वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं मिलता है, और हादसों का शिकार हो जाते है।

# बाजार में पर्स चोरी भटकती रही महिला

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बेटी के साथ बाजार गई एक महिला के बैग से आठ हजार रुपये से भरा पर्स चोरी हो गया। महिला शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची। जहां से उसे मंगलपड़ाव चौकी भेज दिया गया। मंगलपड़ाव पहुं ची तो वहां से उसे दोबारा कोतवाली भेज दिया गया।

कलावती कॉलोनी निवासी रेनू गुरुरानी मंगलपड़ाव चौकी क्षेत्र की एक दुकान से सामान खरीदा। पैसे देने के लिए उन्होंने बैग में हाथ डाला तो बैग की चेन खुली थी और उससे रखा पर्स भी गायब था। रेनू के मुताबिक पर्स में आठ हजार रुपये थे। शिकायत लेकर वह सीधा कोतवाली पहुंची। यहां से उन्हें मंगलपड़ाव चौकी भेज दिया।

## सार संक्षेप

### कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में माले करेगा प्रचार



लालकुआं में बैठक करते माले कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**लालकुआं :** भाकपा (माले) बिंदुखत्ता इकाई की बैठक में माले कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन से नैनीताल ऊधमसिंहनगर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी के पक्ष में लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान चलाने का निर्णय लिया है। बैठक में माले जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय, राज्य कमेटी सदस्य विमला रौथाण, बिंदुखत्ता सचिव पुष्कर दुबड़िया, नैन सिंह कोरंगा, मनोज आर्य, निर्मला शाही, धीरज कुमार, कमल जोशी, मदन धामी, गोपाल गडिया, दीपक कुमार, गोविन्द राजभर, हरीश भंडारी, त्रिलोक राम, दौलत सिंह कार्की आदि शामिल रहे।

### भवाली में कांग्रेसियों ने लिया हर बूथ जीतने का संकल्प



भवाली में कांग्रेस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते कंचन सुयाल।

**हल्द्वानी/भवाली :** भवाली में कांग्रेस के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कंचन सुयाल ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को भारी मतों से चुनाव जिताना है। कांग्रेसी नेता पुष्पेश पांडे ने कहा कि अब सरकार बदलने का समय है। देश का पिछले 10 सालों में जो नुकसान हुआ है, उसको सही करने का समय आ गया है। कांग्रेस ने भवाली में हर बूथ जीतने का संकल्प लिया। इस दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, अफसर अली, जिला उपाध्यक्ष सुजान सिंह रजवार, कांग्रेस जिला महासचिव संजय टम्टा, मोहन लाल साह, हरीश सिंह बिष्ट, भुवन लाल साह, पुष्पेश पांडे, लोकेश जोशी, सद्दा मियां, शेर सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने गोदियाल के पक्ष में किया जनसंपर्क



कांग्रेस के पक्ष में जनसंपर्क करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**रामनगर :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी गणेश गोदियाल के समर्थन में अपना प्रचार तेज कर दिया है। पम्पापुरी, दुर्गापुरी, भरतपुरी, टेढ़ा रोड लखनपुर क्षेत्र में नगर अध्यक्ष कांग्रेस भुवन चंद शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इस दौरान नवीन सुनेजा, सतेश्वरी रावत, बीना रावत, ममता आर्य, महेश चंद पांडे, वीरेंद्र लटवाल, भारत बंधु रावत, प्रताप सिंह रौतेला, मनवर सिंह रावत, महेंद्र रावत, गिरीश बिष्ट, एनडी पंत मौजूद रहे।

### पेपर मिल व फैक्ट्री के कार्मिकों को किया जागरूक



शपथ ग्रहण करते सेंचुरी मिल के कर्मचारी एवं श्रम विभाग के अधिकारी।

**लालकुआं :** सेंचुरी पेपर मिल लालकुआं और स्लीपर फैक्ट्री में काम करने वाले कार्मिकों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। श्रम विभाग के सहयोग से स्वीप टीम ने जागरूकता कार्यक्रम किया। सहायक लेबर कमिश्नर मीनाक्षी कांडपाल ने सभी कार्मिकों को मतदान के अधिकार का प्रयोग करते हुए 19 अप्रैल को मतदान कर देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए कहा। इस अवसर पर फैक्ट्री महाप्रबंधक संजय कुमार वाजपेयी, ब्लॉक कॉर्डिनेटर डॉ. सुरेश भट्ट, मोनिका चौधरी, श्रम इंस्पेक्टर संजीव कंडारी आदि मौजूद रहे।

### दीपक के मतदाता जागरूकता गीतों ने मचाया धमाल

**हल्द्वानी :** लोक गायक दीपक कुमार सुयाल ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए बुधवार को बनभूलपुरा में कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने वोट जरूर डालना, सरकार तुम बनाना जैसे कई गीतों से लोगों को जागरूक किया।

### ओपन कबड्डी में रुद्रपुर को हराकर यूपी बना चैंपियन



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा। ● अमृत विचार

**कालाढूंगी :** रामलीला ग्राउंड ओपन डे-नाइट दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट के दूसरे दिन फाइनल मैच में यूपी ने रुद्रपुर को हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा व ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से किच्छा, गोरखपुर, रामनगर, हल्द्वानी, कालाढूंगी, नैनीताल, पिथौरागढ़, रुद्रपुर, डीडीहाट, बेरिया, हरिद्वार की 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले सेमीफाइनल में यूपी ने हरिद्वार को 42-24 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में रुद्रपुर ने छिंदरवाला को 47-34 से हराया। फाइनल मैच में यूपी रुद्रपुर को 37-26 से हराकर चैंपियन बनी। निर्णायक इन्द्र, मनमोहन बसेड़ा, भाष्कर व संदीप रहे। आयोजन में मयंक गुप्ता, पंकज पडलिया, गोविन्द पांडे, रजत पंत मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्ति पर प्रो. आरडी सिंह को दी भावभीनी विदाई



**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी प्रो. रामदुलार सिंह को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे, चीफ प्रॉक्टर एसएस मौर्य, स्टाफ क्लब की संयोजिका डॉ. निवेदिता अवस्थी ने प्रोफेसर रामदुलार सिंह को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। समारोह का संचालन डॉ. डीएन जोशी ने किया। विदाई समारोह में डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. सिराज अहमद, डॉ. शरद भट्ट, डॉ.अजय सक्सेना, डॉ.अलका राजौरिया, डॉ. कृष्णा भारती आदि मौजूद थे।

## प्रति विद्यार्थी 10-15 ग्राम दूध पाउडर के साथ मिलेगा 5 ग्राम पौष्टिक फोर्टीफाइड रागी

# स्कूल में बच्चों को दूध के साथ मिलेगा रागी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को दूध के साथ ही स्वादिष्ट और पौष्टिक रागी भी मिलेगा। प्रति विद्यार्थी 5 ग्राम फोर्टीफाइड रागी पाउडर को 10-15 ग्राम दूध पाउडर में मिलाकर दिया जाएगा।

स्कूल के 10 छात्रों के लिए 1.5 लीटर पानी में 50 ग्राम फोर्टीफाइड रागी पाउडर और 100-150 ग्राम दूध पाउडर में चीनी मिलाकर पेय बनाया जाएगा जिसका सेवन विद्यार्थी प्रतिदिन करेंगे। इसी तरह स्कूल में 100 विद्यार्थी हैं तो 15 लीटर पानी में 500 ग्राम फोर्टीफाइड रागी पाउडर, 1-1.5 किग्रा. दूध पाउडर और चीनी को मिलाकर पेय बनाया जाएगा। नए शिक्षा सत्र में पीएम पोषण योजना के तहत लाखों छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए कर्नाटक की श्री सत्य साई अन्नपूर्णा संस्था के साथ अनुबंध किया गया है।

**दो साल पहले हुई थी बच्चों को दूध देने की शुरुआत**

2022 से प्रदेश के राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में दूध देने की शुरुआत हुई थी। मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना के तहत आंचल डेयरी के साथ सहमति के बाद बच्चों को दूध देने की शुरुआत हुई। योजना के तहत कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं को 100 एमएल और उच्च प्राथमिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं को डेढ़ सौ एमएल दूध दिया जा रहा है।

> पीएम पोषण योजना के तहत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को दूध के साथ रागी दिया जाएगा। नए शिक्षा सत्र से इसकी शुरुआत हो गई है।
> – जेएम सोनी, सीईओ, नैनीताल

### प्रशासन, शिक्षा विभाग, निजी स्कूलों व किताब विक्रेताओं की बैठक आज

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन किताबों के महंगे दामों में बेचने पर सख्त हो गया है। इस मनमानी को रोकने के लिए प्रशासन ने निजी स्कूल और किताब विक्रेताओं के साथ बैठक करने जा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि नए शिक्षण सत्र शुरू होते ही किताबों के महंगे दामों में बेचने, एनसीईआरटी के बजाय निजी लेखकों की किताबों को बढ़ावा देने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके बाद प्रशासन ने कई किताब विक्रेताओं के यहां निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

# परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने मन मोहा

## महिला रामलीला में पात्रों ने हास्य रस के साथ किया सुंदर मंचन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** हीरानगर उत्थान मंच में चल रही रामलीला में बुधवार को धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया गया। रामलीला का आयोजन पुनर्नवा महिला समिति की ओर से किया जा रहा है। रामलीला में महिलाओं ने विभिन्न पात्रों का मंचन कर सभी दर्शकों का मन मोहा। इससे पहले पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल और उनकी पूरी कार्यकारिणी ने दीप प्रज्ज्वलित कर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया।



महिला रामलीला में सीता स्वयंवर के दौरान शिव धनुष तोड़ने का मंचन करती कलाकार।

रामलीला में जनक का पात्र हेमा पतलिया, रावण गीता दरमवाल, बाणासुर राधा मिश्रा, राम मानसी, लक्ष्मण लक्षिता, सीता तेजस्विनी, भरत दिव्यांशी, शत्रुघ्न सिद्धि, सुनैना ममता जोशी और परशुराम का पात्र हेमा हरबोला ने निभाया। साथ ही श्रृंगी मुनि का पात्र गीता पंत, बंदीजन - लता जोशी, नीमा रावत, उर्वशी, अनिता जोशी, दशरथ अनुराधा शाह, सुमंत लीला मनराल, राजा अलका टंडन, धर्म सत्तू किरण, रितु कांडपाल, नीतू रौतेला, सरिता रावत और अनिता जोशी ने निभाया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, प्रेमा बृजवासी, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, अंजना बोरा, कुसुम बोरा आदि उपस्थित रहे।

# फार्म-12 डी भरने वाले बुजुर्ग घर से कर सकेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठकर ही मतदान कराने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

बुधवार को मुक्त विवि स्थित जनरल विपिन रावत सभागार में जोनल, सेक्टर व मतदान अधिकारी-कर्मचारियों को बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण हिमांशु जोशी ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर सकते हैं। मतदान का पहला चरण 8, 9, 10 और दूसरा चरण 11,12,13 अप्रैल होगा। घर-घर मतदान संपन्न कराने के लिए 128 टीमें गठित की गई हैं, प्रत्येक टीम में तीन-तीन कर्मी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन वृद्ध एवं दिव्यांगों ने फार्म-12 डी भरा है, वही घर बैठ कर मतदान कर सकेंगे। गठित टीमें घर-घर जाकर इन मतदाताओं से संपर्क करेंगी और पोस्टल बैलेट से मतदान कराएंगी। मतदान का पहला चरण 8-10 अप्रैल तक होगा। यदि इस अवधि में कोई मतदाता छूट जाता है तो 10 से 12 अप्रैल से दूसरा चरण शुरू होगा।

**व्यय प्रेक्षक ने लिया स्टेटिक सर्विलांस टीमों का जायजा**

हल्द्वानी, अमृत विचार : व्यय प्रेक्षक टी संकर ने बुधवार को बारापत्थर, क्वारब एवं भवाली में तैनात स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) की स्थितियों का जायजा लिया। सभी एसएसटी टीमें मौके पर मुस्तैद मिलीं। उन्होंने सभी टीमों से कहा कि वाहनों की आवाजाही की चेकिंग अनिवार्य रूप से की जाए। चेकिंग की वीडियोग्राफी कराई जाए।

# रामकाज लंबे समय से कर रहा था, राम कृपा अब हुई



महेश शर्मा का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने महेश शर्मा का फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। शर्मा हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं।

बुधवार को महेश शर्मा के हिम्मतपुर तल्ला स्थित आवास पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला व भाजपा का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि देश को दुनिया में आगे ले जाने के लिए नरेंद्र मोदी जैसे नेतृत्व की जरूरत है। राम काज तो लंबे समय से कर रहे थे लेकिन राम कृपा अब हुई है। उनका अभिनंदन करने वालों में रवि कन्याल, आनन्द दुर्गापाल, भुवन शर्मा, निशांत वर्मा, हरीश स्यालाकोटी, डीके जोशी, हरीश चन्द्र पाठक, शिवराज सिंह खाती, घनानन्द पांडे, सुंदर सिंह रावत, जीवन बिष्ट, राम सिंह डोभाल, राजेन्द्र सिंह अधिकारी, रतन सिंह अधिकारी, जसबीर मौजूद रहे।

# नए मतदाता पीएम मोदी को तीसरी बार नेतृत्व सौंपने को उत्सुक : भगत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत एवं निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला ने बुधवार को जजफार्म में घर-घर जाकर पत्रक वितरित किए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार नेतृत्व सौंपने के लिए जनसमर्थन जुटाया।

विधायक भगत ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं में 18 वीं लोकसभा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में मतदान करने की उत्सुकता है। युवा वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को संसद एवं विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर भाजपा को किसी भी राजनैतिक दल की तुलना में हितैषी साबित किया है। इसी का नतीजा है कि भारी संख्या में महिलाएं भाजपा के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ घर-घर संपर्क करने के लिए सुबह से जुटी हुई हैं। इस दौरान नारायण किरौला, आरडी पांडे, भगवान बोरा, विशंभर कांडपाल, हरिशंकर जोशी, अतुल जोशी, सुमित्रा प्रसाद, तनुजा टकवाल, मंजू रावत, गीता कांडपाल, भावना पांडे, हेमा बोरा मौजूद रहे।



जनसंपर्क करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

# प्रकृति और मनुष्य के संबंधों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर की चर्चा

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** एमबीपीजी कॉलेज में नेचर स्पीकिंग थ्रो स्टोरी टेलिंग- विज्ञान से जनमानस के कल्याण पर चर्चा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

कॉलेज के गणित विभाग और करियर काउंसलिंग सेल के तत्वावधान में बुधवार को प्रदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकार व विज्ञान लेखक देवेंद्र मेवाड़ी का अतिथि व्याख्यान हुआ। प्रथम तकनीकी सत्र में देवेंद्र मेवाड़ी ने अपने जीवन यात्रा के विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए बचपन के कष्टकारी जीवन के दौरान नंगे पांव पैदल कई किलोमीटर की दूरी में विद्यालय जाते समय रास्ते में प्रकृति से मिलने वाली सुंदर सीखों के बारे में बताया। उन्होंने रोचक ढंग से प्रकृति और मनुष्य के संबंधों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। संचालन गणित विभाग की प्राध्यापिका रिचा तिवारी ने किया।

## जगदंबा नगर में नलकूप खराब

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** गर्मी के शुरूआती दिनों में ही हल्द्वानी में पेयजल संकट की समस्या गहराने लगी है। गर्मी में बढ़ोतरी के साथ ही पेयजल संकट भी दोगुना हो गया है। बुधवार को जगदंबा नगर, इंद्रानगर और ट्रांसपोर्ट नगर में पानी का संकट छाया रहा। जगदंबा नगर में नलकूप का वाल्व खराब होने से नलकूप का संचालन नहीं हो पाया जिसके चलते लोगों को पानी से वंचित होना पड़ा। जबकि इंद्रानगर और ट्रांसपोर्ट नगर में नलकूप खराब होने से पानी की समस्या गहरा गई। नलकूप की मोटर खराब होने के चलते पेयजल आपूर्ति ठप रही जिसके चलते 400 परिवार पानी के लिए भटकने को मजबूर रहे।

# टिकट न मिलने से रूठे बल्यूटिया कांग्रेस में लौटे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** टिकट न मिलने से रूठे कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन अब उनकी नाराजगी दूर हो चुकी है और वह वापस कांग्रेस में लौट आए हैं। उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मुलाकात के बाद दीपक की नाराजगी दूर हो गई।

बल्यूटिया ने कहा कि वह कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए जल्द ही प्रचार-प्रसार शुरू करेंगे। साथ ही कहा, देश की जनता अपना मत कांग्रेस को देकर लोकतंत्र बचाने, देश बचाने में अहम भूमिका निभाएगी। बल्यूटिया ने कहा कि वह पूर्व की भांति जनसेवा करते हुए स्व. नारायण दत्त तिवारी की विकास की सोच को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। प्रदेश का युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है, महंगाई की मार, भ्रष्टाचार के बोलबाले से जनता त्रस्त है लेकिन भाजपा सरकार मस्त है।

# शिक्षकों को मूल्यांकन पारिश्रमिक का तत्काल भुगतान किया जाएगा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बोर्ड मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को उनके मूल्यांकन पारिश्रमिक का भुगतान मूल्यांकन खत्म होने के तत्काल बाद कर दिया जाएगा। यह जानकारी बोर्ड सचिव वीपी सिमल्टी ने राजकीय शिक्षक संघ के सदस्यों को दी। संघ के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल के नेतृत्व में मिले शिक्षक संघ ने बोर्ड सचिव से कहा कि काशीपुर केंद्र समेत कुछ केंद्रों पर अव्यवस्था होने की खबरें हैं, इसलिए बोर्ड इसका संज्ञान ले। शिक्षकों से उनकी गरिमा के अनुरूप व्यवहार करने का पत्र जारी करे। इस दौरान कौशिक कुमार मिश्र, अजय धस्माना, राकेश ध्यानी, मृत्युंजय सिंह, रमेश बिष्ट, भीम प्रकाश, दिनेश चंद्र, राम चंद्र पांडेय, कृपा शंकर पांडेय आदि मौजूद रहे।



बोर्ड सचिव वीपी सिमल्टी से मिलते शिक्षक।




आवश्यकता है

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को

रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की

न्यूनतम योग्यताः- स्नातक

मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव

वेतन :- योग्यता अनुसार

बायोडाटा भेजें:-

hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



होम्योपैथिक हैल्थकेयर क्लीनिक



डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई.)
होम्योपैथिक फिजिशियन

होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारी को दबाने के बजाय बिना किसी साइड इफेक्ट के उसे जड़ से खत्म करती है।

उपलब्ध सुविधायें :-

चर्म रोग
- मुंहासे, मस्से, स्किन एलर्जी
- सफेद दाग
- बालों का झड़ना, डैण्ड्रफ

नाक व श्वास के रोग
- अस्थमा, बार-बार जुकाम होना
- टॉसिल
- साइनस संबंधित रोग

पेट के रोग
- अपच, कब्ज, गैस
- अल्सर, आँत में सूजन
- फैटी लिवर

हड्डी के रोग
- जोड़ों का दर्द
- गठिया, सर्वाइकल
- कमर दर्द, साइटिका

मानसिक रोग
- माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी के दौरे
- नींद न आना, डिप्रेशन, तनाव


बच्चों के रोग
- चिड़चिड़ापन, भूख न लगना
- दांत देरी से और दिक्कत से आना
- बिस्तर गीला करना
- बच्चे का विकास सही से न होना

पुरुष रोग
- प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्यायें
- नपुंसकता, शीघ्रपतन
- वैरिकोसील

स्त्री रोग
- मासिक धर्म की अनियमितता
- सफेद पानी
- बच्चेदानी में गांठ, पीसीओडी
- बांझपन

अन्य जटिल रोग
- गुर्दे की पथरी, ब्लड प्रेशर पीलिया
- डायबिटीज, टाइफाइड बार-बार होना
- शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी
- लकवा इत्यादि

क्लीनिक में आने का रास्ता




बिना ऑपरेशन बवासीर, पथरी, शरीर में गांठ आदि जटिल बीमारियों का सफल इलाज

समय
सुबह 10:00 AM से 02:00 PM
सायं 05:00 PM से 08:00 PM
रविवार पूर्ण अवकाश

लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
7737269262

# भाजपा बता रही उपलब्धियां तो कांग्रेस गिना रही नाकामियां

## भाजपा को धारा 370, राम मंदिर निर्माण, मुफ्त राशन, उज्जवला योजना, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि पर भरोसा

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट पर विजय पताका फहराने के लिए दोनों मुख्य दलों में बेचैनी बढ़ रही है। इस सीट पर भाजपा संसदीय क्षेत्र में हुए कार्यों की बजाय केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर अधिक भरोसा जता रही है जबकि कांग्रेस ने भाजपा की नाकामियों को अपनी चुनावी वैतरणी पार करने का सहारा बना रखा है। जीत के लिए दोनों पार्टियां जोर मशक्कत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं।

अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के चिर परिचित प्रदीप टम्टा और अजय टम्टा के बीच है। दोनों सियासी सूरमा इस सीट पर सांसद रह चुके हैं। इसलिए यहां के मतदाताओं का वोट बिहेवियर उनके लिए नया नहीं है। दोनों उम्मीदवार अपने-अपने तरीके से मतदाताओं के बीच अपने मुद्दे रखकर उन्हें लुभाने की जुगत में लगे हैं। पिछले दस सालों से इस सीट पर काबिज भाजपा को संसदीय क्षेत्र में इस दौरान हुए विकास कार्यों पर कम बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर अधिक भरोसा है। भाजपा का चुनाव प्रचार धारा 370, राम मंदिर निर्माण, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, पीएम आवास, पेंशन, किसान सम्मान निधि, यूसीसी, लैंड जेहाद, नकल विरोधी कानून, मानसखंड, हवाई सेवाओं समेत अन्य केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के दायरे तक सिमटा हुआ है।

वहीं प्रतिद्वंदी कांग्रेस ने भाजपा के इन मुद्दों की काट के लिए इलेक्ट्रोरल बांड घोटाला, अग्निवीर योजना, महिला अपराध, पुरानी पेंशन, महंगाई, बेरोजगारी, ग्रीन बोनस व कुछ स्थानीय मुद्दों को अपना सहारा बनाया है। अपने-अपने मुद्दों को लेकर दोनों दल अपने आप को एक दूसरे से बेहतर साबित करने के लिए मतदाताओं के बीच कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। ऐसे में किस दल के मुद्दे मतदाताओं को कितना प्रभावित कर पाएंगे, यह तो वक्त तय करेगा। लेकिन जीत हार के इस खेल में दोनों दल कोई मौका छोड़ने के मूड में नहीं दिख रहे हैं।

### बदला व्यवहार, बढ़ा रहा परेशानी

अल्मोड़ा लोकसभा सीट का वोट बिहेवियर देश में राजनीतिक दलों की स्थिति और तत्कालीन मुद्दों पर अधिक निर्भर रहा है लेकिन धीरे-धीरे स्थानीय मुद्दों को लेकर नाराजगी मतदाताओं के रुख को उलझाने लगी है। जिसे भांपने में राजनीतिक दलों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है। ऊपर से चुनावों के दौरान मतदाताओं की खामोशी अब राजनीतिक दलों की पेशानी पर बल डालने का काम कर रही है। ऐसे में दोनों दल सधी और सामंजस्य बनाती रणनीति पर अधिक जोर दे रहे हैं।


### 75 फीसदी आबादी ग्रामीण

चार पर्वतीय जिलों वाली अल्मोड़ा लोकसभा सीट विषम भौगोलिक परिस्थितियों से घिरी हुई है। संसदीय क्षेत्र की 275 किमी लंबी सीमा नेपाल तो 136 किमी लंबी सीमा चीन को छूती है। पूरे संसदीय क्षेत्र की कुल आबादी में से 75 फीसद आबादी ग्रामीण क्षेत्रों से वास्ता रखती है। जबकि शहरी क्षेत्रों की आबादी महज 25 प्रतिशत है। ऐसे में उन 75 फीसद मतदाताओं को लुभाना दोनों दलों के लिए बड़ी चुनौती है। जो आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।



# सरकारी भवन में सभा करने पर अजय टम्टा को नोटिस

संवाददाता, अल्मोड़ा



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान चंपावत जिले में एक सरकारी भवन में बिना अनुमति के राजनीतिक सभा करना और उसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करना भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी पड़ गया है। निर्वाचन आयोग के नियमों के उल्लघंन पर भाजपा प्रत्याशी टम्टा को इस मामले में नोटिस जारी किया गया है।

बीते दिनों लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान चंपावत जिले के चौड़ासेठी गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को एकत्र कर गांव के ही पंचायत भवन में चुनावी सभा की। इस सभा में भाजपा के जिला स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। जो अपने उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी सभा करने के साथ ही जोरदार नारेबाजी कर रहे थे। सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने इस पूरे कार्यक्रम के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिए लेकिन किसी ने भी इस कार्यक्रम के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेना मुनासिब नहीं समझा। चुनाव आयोग के एमसीएमसी कक्ष के कार्मिकों की ओर से जब भाजपा कार्यकर्ताओं के सोशल मीडिया एकाउंट को ट्रेस किया तो यह पूरा मामला सामने आया। जिसके बाद संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने इस पूरे मामले का संज्ञान लिया और भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा को नोटिस जारी कर दिया।

टम्टा को आचार संहिता के उल्लघंन के इस मामले में 48 घंटे के अंदर अपना जवाब आयोग को देना है।

विडंबना

# पांगकटारा... प्रत्याशी जहां कभी वोट मांगने नहीं पहुंचे

संवाददाता, गरमपानी

**जनता का दर्द**

- पक्ष विपक्ष के नेता नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में निराशा
- हर साल मतदान के बाद भी गांव की समस्याएं जस की तस

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के सूदूर पांगकटारा गांव के बाशिंदे लोकतंत्र के त्योहार में मतदान कर अपनी जिम्मेदारी जरूर निभाते हैं पर पिछले दस सालों में लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों तक के दर्शन तक नहीं किए हैं। राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता गांव में पहुंचकर प्रत्याशियों के पोस्टर व बैनर जरूर लगा देते है। प्रत्याशियों के आज तक गांव में न पहुंचने का मलाल है। कहते है चुनाव के दौरान ही प्रत्याशी गांव तक नहीं पहुंच पा रहे हार जीत के बाद तो पहुंचना मुश्किल है।



सूदूर पांगकटारा गांव के लगभग दो सौ से ज्यादा ग्रामीण चुनाव में अपने मत का अधिकार करते हैं। मतदान की ललक ऐसी है की रोजगार की तलाश में महानगरों में रह रहे परिवार भी मतदान को गांव पहुंचते हैं। उम्मीद होती है की शायद गांव के दिन बहुर सके पर स्थित एकदम उलट है। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले विभिन्न पार्टियों के एक भी प्रत्याशी आज तक गांव नहीं पहुंच सके हैं। हालांकि दस वर्ष पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहे भगत सिंह कोश्यारी गांव जरूर पहुंचे थे पर तब से आज तक किसी भी सांसद या लोकसभा प्रत्याशी ने गांव की ओर रुख करने की जहमत नहीं उठाई।

पार्टियों के कार्यकर्ता पोस्टर व बैनर लेकर गांव पहुंचकर लोगों को प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील जरूर करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार दो लोकसभा चुनाव के बाद से न चुने हुए सांसद गांव पहुंचे न ही विपक्ष के नेता ने सुध ली। ऐसे में समस्याओं के समाधान की बात बेइमानी साबित हो रही है। यही कारण भी है की गांव के लोगों ने समस्याओं के समाधान की उम्मीद भी छोड़ दी है।

गांव के कास्तकार त्रिलोक सिंह शाही, गोविन्द सिंह, बिशन सिंह, पार्वती देवी, प्रेमा देवी आदि के अनुसार मतदान हमारा अधिकार है पर प्रत्याशी गांव की ओर रुख नहीं करते। सड़क मार्ग से सटे गांवों में प्रचार व सभा कर नेता वापस लौट जाते हैं। जबकि आज भी महानगरों में रहने वाले गांव के ग्रामीण मतदान के दिन गांव पहुंचकर मत का इस्तेमाल करने में पीछे नहीं रहते। सांसद प्रत्याशियों के गांव न पहुंचने से गांव के बाशिंदों में मायूसी भी है।

# पहले 7-8 किमी पैदल चलकर करते थे मतदान

संवाददाता, हल्द्वानी



**95** वर्षीय गोपाल दत्त तिवारी ने पुराने दौर की राजनीति को किया याद

फ्लैश बैक

**अमृत विचार:** चुनावों का वो एक अलग ही दौर था। वोट देने के लिए सभी में जोश और जुनून रहता था। स्वार्थ और लाभ से परे की राजनीति थी। वोट देने के लिए लोग 7-8 किमी पैदल चलकर जाते थे। लोग बिना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के विशेष दल व प्रत्याशी से जुड़ते थे। हीरानगर में रहने वाले 94 वर्षीय गोपाल दत्त तिवारी ने पुराने दौर की राजनीति को याद करते हुए वर्तमान राजनीति के मायने भी बताए। उन्होंने आज की राजनीति को भी कई मायनों में सही बताया लेकिन साथ ही पहाड़ के दर्द को भी बयां किया। बताया कि आज मतदान करने के लिए मतदाताओं को बड़े स्तर पर जागरूक किया जा रहा है, दिव्यांग व बुजुर्गों के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मूल रूप से द्वाराहाट के असगोला के रहने वाले गोपाल दत्त तिवारी का कहना है कि उनके गांव में आज तक सड़क नहीं पहुंची है जिससे लोग पलायन करने को मजबूर हैं। यह बताते हुए उनका दर्द छलक उठा। बंदरों और सुअरों के आतंक ने पहाड़ की खेती को बर्बाद कर दिया है। वह कहते हैं कि उनका परिवार बहुत गरीब था, पिताजी खेती बाड़ी करते थे। पढ़ाई के लिए दीदी के घर आया और पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई वहीं से की। इसके बाद असगोला वापस आ गए। आजीविका के लिए खेती बाड़ी की और साथ ही पंडिताई भी करते थे।

# 72 घंटे पूर्व बंद होगा अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मतदान के दौरान कोई गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा को मतदान से 72 घंटे पूर्व बंद कर दिया जाएगा। इन दिनों संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन से भी निगेहबानी होगी।

अल्मोड़ा संसदीय सीट का कुछ हिस्सा नेपाल सीमा से लगा हुआ है। चुनाव के दौरान सीमा पार से किसी संदिग्ध गतिविधि नहीं हो इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन ने कड़ी व्यवस्थाएं की हैं। पिथौरागढ़ की डीएम रीना जोशी और नेपाल के दार्चुला के प्रमुख जिलाधिकारी किरण जोशी ने संयुक्त बैठक में निर्णय लिया कि मतदान से 72 घंटे पहले अंतर्राष्ट्रीय सीमा को बंद कर दिया जाएगा। इन दिनों भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा कर्मियों और सेना के जवानों के अलावा ड्रोन से विशेष नजर रखी जा रही है। लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण कराने के लिए सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बरती जा रही है।

# चुनावी शोर में गुम हुआ काशीपुर को जिला बनाने का मुद्दा

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार:** पौराणिक व औद्योगिक नगरी काशीपुर के मतदाताओं का नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के जीत व हार पर महत्वपूर्ण योगदान रहता है। काशीपुर ने अपने दम पर ही केंद्र व राज्य को कई नेता दिए हैं लेकिन आजादी के बाद से ही उठ रही जिले की मांग पर सिर्फ आश्वासन मिले। आश्वासन पर उम्मीदें कायम रखने की आदत सी यहां के लोगों को हो गई थी। अब इस चुनाव के शोर में जिला बनाने का मुद्दा ही ओझल हो गया है।

दरअसल, 1984 में काशीपुर के सत्येंद्र चंद्र गुड़िया चुनाव जीतकर केंद्र की राजनीति में पहुंचे थे। साल 2004 और 2009 में रामनगर रोड धनौरी गांव में रहने वाले केसी सिंह बाबा सांसद रहे। केंद्र में दमदार पकड़ रखने वाले एनडी तिवारी का भी काशीपुर से विशेष लगाव रहा। यूपी के दौर में सीएम रहे मुलायम सिंह यादव, मायावती के सामने भी काशीपुर जिले की मांग की गई। एडवोकेट शैलेंद्र मिश्रा बताते हैं कि पहली बार पंतनगर में आए प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के सामने भी जिले का मुद्दा उठा। इसके बाद यह मुद्दा स्थानीय व लोकसभा के चुनाव में सबकी जुबां पर आ गया। काशीपुर में जब भी कोई बड़ा नेता आता वह जिला बनाने का आश्वासन देता। कई बार केंद्र व राज्य के नेताओं को जिला बनाने के लिए मांग पत्र दिया गया, लेकिन कोई भी सकारात्मक फैसला नहीं हुआ न ही किसी जनप्रतिनिधि ने सही ढंग से पैरवी की। जसपुर, बाजपुर व रामनगर को मिलाकर काशीपुर को जिला बनाने की बातें होती रही हैं। इस बार किसी भी राजनैतिक दल के घोषणा पत्र में जिले का मुद्दा ही नहीं है। चर्चाएं तो छोड़िए, गली मोहल्लों, चौराहे पर होने वाली जिले की बात आज गुम हो गई है। काशीपुर में 173941 वोटर हैं। पुरुष 90300 हैं, महिलाओं की संख्या 83639 है।



नेताओं की उपेक्षा से काशीपुर का बदहाल गिरीताल। ● अमृत विचार

- आजादी के बाद से ही काशीपुर को जिला बनाने की हो रही मांग
- पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू के सामने भी उठा था यह मुद्दा

### 1984 से 2003 तक हुए आंदोलन

जिले की मांग के लिए काशीपुर के लोगों ने कड़ा संघर्ष किया है। हर वर्ग के लोग सड़कों पर उतरे। 1984 से 2003 तक लंबा आंदोलन हुआ। रेल भी रोककर लोगों ने प्रदर्शन किया। जिसमें उमेश जोशी, संदीप सहगल, दीपक वर्मा सहित कईयों पर रेलवे ने मुकदमे लगाए। व्यापारियों ने बाजार भी बंद रखा। एसडीएम कार्यालय के बाहर व चौराहों पर सैकड़ों बार धरना प्रदर्शन हुए, लेकिन जिले की मांग अधूरी ही रह गई है।

### पौराणिक गिरीताल पर भी छलावा


पौराणिक नगरी काशीपुर के गिरीताल से जनप्रतिनिधियों ने मुंह मोड़ लिया है। चुनावी समर में आश्वासन देने वाले नेता गिरीताल को भी भूल गए हैं। इससे गिरीताल की बदहाली हो रही है। ताल में गंदगी बजबजा रही है। जनता परेशान है।

चुनावी गणित

संसदीय चुनावों में राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से हमेशा कम रहा राज्य का मतदान प्रतिशत

# उत्तराखंड बातों और दावों में अव्वल, मतदान में फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** बेशक, उत्तराखंड में मतदान बढ़ाने और जनता को मतदान के लिए जागरूक करने के लाख दावे हो रहे हैं। कहीं नुक्कड़ सभाएं तो कहीं मैराथन के जरिए बुजुर्ग से युवाओं से 'पहले मतदान फिर दूसरा काम' की अपील की जा रही है मगर मतदान में उत्तराखंड हमेशा राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से फिसड्डी रहा है। यह जनता की मतदान के प्रति उदासीनता हो या विषम भौगोलिक परिस्थितियां मतदान प्रतिशत आशानुरूप नहीं बढ़ा। ऐसे में इस आम चुनाव मतदान बढ़ाना सरकारी तंत्र के सामने बड़ी चुनौती है।

बीती 16 मार्च को लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। इसी के साथ ही उत्तराखंड में भी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर राज्य व जिला निर्वाचन का पूर जोर है। स्वीप की टीमें मतदाता सेल्फी प्वाइंट, रैलियां, मैराथन, नुक्कड़ नाटक, कैफे वगैरह खोलकर जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने के बड़े-बड़े दावे कर रही हैं। नए-नए मतदाताओं को रिझाने के लिए भी तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। वहीं, निकायों, प्रशासन ने भी मतदान बढ़ाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी हैं। बावजूद इसके जनता को पोलिंग बूथों पर पहुंचाने में सभी प्रयास नाकाम रहे हैं।

### उत्तराखंड में मतदान की स्थिति

| वर्ष | उत्तराखंड का मतदान प्रतिशत | राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत | अंतर |
|---|---|---|---|
| 2004 | 49.25 | 58.07 | 8.82 |
| 2009 | 53.96 | 58.21 | 4.25 |
| 2014 | 62.15 | 66.30 | 4.15 |
| 2019 | 61.50 | 67.40 | 5.90 |

अगर, निर्वाचन के आंकड़ों पर गौर करें तो लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड का मतदान प्रदर्शन बहुत ही लचर रहा है। राज्य गठन के बाद पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में आधी आबादी भी मतदान देने घर से नहीं निकली। तब 49.25 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि राष्ट्रीय स्तर से 8.82 प्रतिशत कम था। इसी तरह वर्ष 2009 में 53.96 प्रतिशत मतदान हुआ जो राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से 4.25 प्रतिशत कम था। हां वर्ष 2014 में मतदान में एकाएक 8.19 प्रतिशत उछाल आया और कुल 62.15 प्रतिशत मतदान हुआ। फिर भी राष्ट्रीय से 4.15 प्रतिशत कम रहा। इसी तरह 2019 के चुनाव में इस मतदान में फिर कमी आई और .65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61.50 प्रतिशत ही मतदान हुआ जोकि राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से 5.90 प्रतिशत कम रहा है। इस बार राज्य निर्वाचन का मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर पूरा जोर है। दिव्यांगों व बुजुर्गों को घर बैठे मतदान की सुविधा दी गई है। स्वीप व प्रशासन के प्रयास कितने सफल रहे हैं यह 19 अप्रैल को तय हो जाएगा।

# लोकसभा चुनाव के नतीजों का मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहा असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**राजनीति**

- खंडूड़ी, विजय बहुगुणा की हो गई थी विदाई
- प्रदेश में सरकार के बावजूद लोस चुनाव में फीका प्रदर्शन

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने दो बार राज्य के मौजूदा सीएम की कुर्सी तक पर असर डाला है। भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही एक-एक मुख्यमंत्री को बदलाव झेलना पड़ा है। राज्य में अभी तक त्रिवेंद्र रावत ही ऐसे सीएम हैं जिनके कार्यकाल के दौरान लड़े गए लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है।



राज्य गठन के बाद पहले लोकसभा चुनाव साल 2004 में हुए। उस समय राज्य में कांग्रेस से एनडी तिवारी सीएम थे। चुनाव के नतीजों में कांग्रेस को एक ही सीट मिली। तिवारी का कद ही था, लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद भी उनकी कुर्सी नहीं गई। जबकि उस समय यह बात भी उठी थी कि अब केंद्र में कांग्रेस की सरकार है, तिवारी के कद को देखते हुए उन्हें केंद्र में जगह मिलनी चाहिए लेकिन राजनीतिक गुणा-भाग में माहिर रहे तिवारी सीएम बने रहे। साल 2009 के लोकसभा चुनाव के समय भाजपा के बीसी खंडूड़ी सीएम थे। भाजपा पांचों लोकसभा सीट हार गई। बाद में तुरंत ही खंडूड़ी को सीएम पद से हटाकर डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को सीएम बना दिया। हालांकि, खंडूड़ी दोबारा फिर से सीएम बनाए गए थे। साल 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के विजय बहुगुणा सीएम थे। विजय बहुगुणा के सीएम रहते भाजपा लोकसभा की पांचों सीटें जीत गई। कुछ समय बाद कांग्रेस ने विजय बहुगुणा की जगह हरीश रावत को सीएम बना दिया। साल 2014 के लोकसभा चुनाव तक राज्य में जिस दल की भी सरकार रही हो लोकसभा चुनाव में निराशा हासिल हुई। लेकिन साल 2019 में यह बदलाव हो गया। भाजपा ने सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के समय पांचों संसदीय सीटें जीत लीं। बाद में त्रिवेंद्र लोकसभा चुनाव के नतीजों के करीब दो साल बाद सीएम पद से हटाए गए थे। हालांकि उनके पद से हटने के पीछे अन्य कई वजह रहीं।

## सार-संक्षेप


रुद्रपुर में इंडिया गठबंधन के साथ बैठक करते कांग्रेस पदाधिकारी।

### सपा और भाकपा माले ने कांग्रेस को दिया समर्थन

**रुद्रपुर** : कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन कमाल कर दिखाएगा। यही कारण है कि उतराखंड में सपा, भाकपा माले जैसे जमीन से जुड़े संगठनों ने कांग्रेस को अपना समर्थन दिया और लोकसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया है। बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में बैठक के दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने बताया कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने इंडिया ठबंधन का ऐलान किया है। सपा की राष्ट्रीय सचिव प्रज्ञा चौधरी ने बैठक संबोधित की। इस अवसर पर छात्र सभा सपा के प्रदेश अध्यक्ष ओशियन यादव, भाकपा माले के जिला सचिव ललित मटियाली, नगर सचिव अमनदीप कौर, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, संदीप चीमा, सौरभ चिलाना, ज्ञानी सुरैन सिंह, प्रकाश चिलवाल, सीपीआई पूर्व जिला मंत्री राजेंद्र गुप्ता, राम सिंह सागर आदि मौजूद रहे।


बैठक का शुभारंभ करते अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के केंद्रीय सह संगठन मंत्री ईश्वरी व अन्य।

### एक लाख हनुमान चालीसा केंद स्थापित करने का लक्ष्य

**बाजपुर** : उत्तराखंड प्रवास के दौरान बाजपुर पहुंचे अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के केंद्रीय सह संगठन मंत्री ईश्वरी व क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुभाष जोशी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके आगामी योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बुधवार को नगरपालिका के वार्ड नंबर-13 मोहल्ला शक्तिनगर में एएचपी के विभाग अध्यक्ष भगवंत सिंह मियान के आवास पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस मौके पर ईश्वरी ने कहा कि देश के अंदर एक लाख हनुमान चालीसा केंद स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। इसको ध्यान में रखकर हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक गांव-शहर में समितियों का गठन करने, जनपद ऊधमसिंह नगर में 200 हनुमान चालीसा केंद्र खड़े करने, आगामी समय में कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग व संगठन का व्यापक विस्तार करने, प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम पांच समितियों का निर्माण करने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक को सुभाष जोशी ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन विभाग अध्यक्ष भगवंत सिंह मियान ने किया। बैठक में राजपाल शाक्य, विनोद सैनी, अमन यादव, जेपी गुप्ता, प्रियांशु सक्सेना, मिथुन विश्वास, आलोक खुल्बे, विक्रम राणा, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह टाक, अरविंद कुश्वाहा, प्रीतम सिंह, नमन गुप्ता, दीपक राणा, नरेंद्र सिंह, गुनगुन, मीरा बोरा, इमरतिया देवी, सोनी भंडारी, दया रौतेला, नीता नेगी, हेमा मियान, अंवेषा सिंह, जमुना कार्की, सोनी, पार्वती देवी आदि मौजूद रहे।

### 1.24 करोड़ लेने के बाद भी नहीं किया जमीन का बैनामा

**काशीपुर** : एक करोड़ चौबीस लाख की रकम वसूलने के बावजूद भूमि का बैनामा न करने के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। जसपुरखुर्द निवासी एहसान अली पुत्र मोहम्मद अली ने अपने अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसने मानपुर रोड निवासी सुनील छाबड़ा पुत्र ओमप्रकाश व जसपुरखुर्द निवासी प्रीतपाल बैंस पुत्र सुखवंत सिंह से जमीन खरीदी थी। खसरा संख्या 342 का इकरार नामा उसके पक्ष में चार नवंबर, 2020 को हो चुका था। जमीन की पूरी कीमत 1.24 करोड़ रुपये वसूलने के बाद सुनील छाबड़ा को इस जमीन का बैनामा 30 जून 2022 को करना था। लेकिन पूरी रकम लेने के बाद भी दोनों जमीन का बैनामा करने से टालमटोल करने लगे। बैनामा कराने के लिए कहने पर दोनों आरोपी उसे धमका रहे हैं। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# दिव्यांगों और बुजुर्गों को सावधानी से घर पर कराएं मतदान : मनीष

## मतदान की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश, जिले में 580 बुजुर्ग और 253 दिव्यांग मतदाता

**लोकसभा चुनाव**

- घर-घर मतदान के लिए बनायी गयी हैं 45 टीमें
- मतदान टीमों को दिया सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : जनपद में बुजुर्ग अपसेंटी मतदाता 580 व दिव्यांग अपसेंटी मतदाता 253 हैं। लोकसभा चुनाव के लिए आगामी 8 से 10 अप्रैल तक दिव्यांग व बुजुर्ग (85 प्लस) अपसेंटी मतदाताओं को घर-घर मतदान कराने के लिए मास्टर ट्रेनरों ने मतदान टीमों को सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

बुधवार को विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण के दौरान नोडल कार्मिक व मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जनपद में अपसेंटी मतदाताओं को घर-घर मतदान कराने के लिए विधानसभावार 5 टीमें लगायी गयी हैं। इस तरह 9 विधानसभाओं में 45 टीमें घर-घर जाकर मतदान कराएंगी, जबकि पांच टीमों को रिजर्व में रखा गया है। उन्होंने मतदान टीमों से कहा कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे गहनता से सीखें, ताकि मतदान कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगों व बुजुर्गों को उनके घर पर सावधानी से मतदान कराएं व उसकी वीडियोग्राफी अवश्य करायी जाये। मतदान की गोपनीयता कतई भंग न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। मतदान कराने से पूर्व प्रत्याशी अथवा उनके अभिकर्ताओं को सूचना अवश्य दी जाये। नोडल प्रशिक्षण नरेश चंद्र दुर्गापाल और नोडल अपसेंटी वोटर्स विवेक राय ने बताया कि मतदान से पूर्व मतदाता की आईडी जांच कर ली जाये। इसके बाद ही मतदान अधिकारी मतदान की घोषणा करेंगे। सभी प्रपत्र सावधानी से भरने के बाद मतदान कराएंगे और मतदान की गोपनीयता बनाए रखेंगे। इस अवसर पर नोडल परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल वैलेट सुभाष गुप्ता, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा सहित मतदान अधिकारी, वीडियोग्राफर आदि उपस्थित थे।


दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान कराने की जानकारी देते नोडल कार्मिक मनीष कुमार। ● अमृत विचार

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मॉल में लगाए कटआउट



**रुद्रपुर** : जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार के निर्देश पर शहरी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए रुद्रपुर स्थित मेट्रोपोलिस मॉल में वोटर कटआउट लगाए गए। जहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने रील प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी दी। बुधवार को नोडल अधिकारी स्वीप ने बताया कि इच्छुक मतदाता रील बनाकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इंस्टाग्राम पेज पर टेग करके रील प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रत्येक दिन प्रथम विजेता को 1000 रुपये का इनाम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 500 रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा स्वीप टीम और उद्यान विभाग के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम राजकीय उद्यान फार्म रुद्रपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वीप टीम के जिला समाज अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, पारस आदि उपस्थित थे।

# चेकिंग के दौरान कार से 33 लाख रुपये बरामद


कार से बरामद रुपयों के साथ जांच टीम। ● अमृत विचार

**सख्ती**

- पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर पैसा व कार को सीज किया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार**: आईटीआई थाने की पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 33 लाख रुपये बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों के पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर पुलिस ने पैसा एवं कार को सीज कर दिया।

आईटीआई थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले रंग की कार में भारी मात्रा में धनराशि काशीपुर की तरफ आ रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा आईजीएल फैक्ट्री रोड स्थित दोहरी परसा गुरुद्वारा के पास मुख्य सड़क पर चेकिंग के दौरान कार में 3 व्यक्ति सवार थे। जिनकी पहचान 46 वर्षीय मानवेंद्र दास पुत्र एमके दास निवासी आवास विकास काशीपुर, 40 वर्षीय अमित कुमार पुत्र गुलाब सिंह निवासी द्रोण विहार कोतवाली काशीपुर और 40 वर्षीय गुरदीप सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी जसपुर खुर्द के रूप में हुई। कार में सवार व्यक्तियों ने पूछताछ में बताया कि वह सभी उत्तरांचल इस्पात प्राइवेट लिमिटेड सुल्तानपुर पट्टी बाजपुर में काम करते हैं। यह पैसा उनकी कंपनी का है, जिसे वह बैंक में जमा करने के लिए ले जा रहे हैं। चेकिंग के डर से कार के डैशबोर्ड में छिपा कर ले जा रहे थे। इस दौरान बाजपुर विधानसभा में नियुक्त एफएसटी टीम को मौके पर बुलाया गया तथा कार को चेक किया गया। इस दौरान कार के डेशबोर्ड के अंदर 500 रुपये के 6460 नोट, 200 रुपये के 250 नोट तथा 100 रुपये के 200 नोट यानि कुल 33 लाख रुपये बरामद किया गया। आईटीआई थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि कार सवार व्यक्तियों द्वारा उक्त बरामद धनराशि के संबंध में कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर इनकम टैक्स की टीम को भी बुलाया गया। टीम द्वारा धनराशि को सीज कर दिया गया है।

# व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया


कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते व्यय प्रेक्षक टी. शंकर। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : व्यय प्रेक्षक टी. शंकर ने सीविजिल व कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर जानकारियां ली। सीविजिल निरीक्षण के दौरान संजय जोशी ने बताया कि सीविजिल में अब तक 870 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें से 833 शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारित कर दिया गया है, जबकि 37 शिकायतें सही नहीं पाये जाने पर रद्द कर दिया गया है।

बुधवार को व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीविजिल व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों से जानकारी ली। सहायक नोडल कंट्रोल रूम उमाशंकर नेगी ने बताया कि टोल फ्री नंबर 1950 में 4 हंटिंग लाइन लगायी गयी है जिसमें 247 के आधार पर कार्मिक तैनात किये गये हैं। 1950 में अब तक 850 शिकायतें प्राप्त हुई जिसका निस्तारण कर दिया गया है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन पोर्टल एनजीएसपी में 863 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 860 का निस्तारण किया गया है, जबकि तीन शिकायतों का निस्तारण गतिमान है। प्रेक्षक द्वारा पंजिकाओं का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सहायक नोडल कंट्रोल रूम उमाशंकर नेगी, विपिन चरण मैसी, राघवेंद्र प्रताप, दीपक बिष्ट व सीविजिल में नोडल गोविंद वर्मा, सचिन कुमार, संजय जोशी, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

**प्रारूप सी-1**
**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 535 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य में)
**अभ्यर्थी का नाम एवं पता** : अखलेश कुमार S/o श्री धर्मवीर सिंह, लाईन नं.-12, गांधीनगर, खिचड़ी-5, हल्द्वानी (नैनीताल)
**राजनैतिक दल का नाम** : अखिल भारतीय परिवार पार्टी
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम** : 04-नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र
मैं अखलेश कुमार उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ :

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं प्रकरण तारीख | प्रकरण की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियम की धारा (ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायायिक मजिस्ट्रेट-II हल्द्वानी | प्रकरण संख्या-3575 तारीख-2019 | विचाराधीन | आई.पी.सी.-279, 337, 504 |

# दिनेशपुर में महिला अधिवक्ता ने गटका जहर

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार**: रुद्रपुर न्यायालय की एक महिला अधिवक्ता ने बुधवार को अपने दिनेशपुर आवास में जहर गटक लिया। दो दिन पूर्व इसी महिला अधिवक्ता ने कोर्ट परिसर में साथी अधिवक्ता के बेटे पर चाकू से हमला करने सहित गला दबाकर मारने के प्रयास का आरोप लगाया था।

महिला अधिवक्ता ने पहली अप्रैल को सिडकुल चैकी में दी तहरीर में बताया था कि वह जिला न्यायालय परिसर में बतौर अधिवक्ता व्यवसायरत है। पहली अप्रैल को सुबह 11.30 बजे वह रोज की तरह अपने चैंबर में कार्य कर रही थी। इसी बीच उसके मित्र और साथ में वकालत करने वाले अधिवक्ता के बेटे ने उस पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। साथ ही उसका गला दबाकर जान से मारने का भी प्रयास किया। मौके पर कुछ लोग आ गए, जिन्होंने उसे हमलावर से बचाया। उसे आरोपी से अभी भी जानमाल का सख्त खतरा बना हुआ है, वह कभी भी उसके साथ कोई संगीन वारदात कर सकता है। उसके पिता के साथ उसके दोस्ताना संबंध थे, जिसकी वजह से वह उससे रंजिश मानता है। सिडकुल चैकी प्रभारी प्रदीप कोहली ने बताया कि महिला अधिवक्ता की तहरीर पर एसआई प्रदीप गोस्वामी को जांच सौंपी गई थी। बुधवार को सूचना मिली कि महिला अधिवक्ता ने दिनेशपुर में जहर खा लिया है। बाद में महिला को इलाज के बाद अस्पताल से घर भेज दिया गया।

# गेहूं खरीद के लिए मिला 39 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य



**तैयारी**

- यूएसनगर में खोले गये हैं गेहूं खरीद के लिए 47 क्रय केंद्र, तीन दिन में किसी भी क्रय केंद्र में नहीं हुई गेहूं की खरीद

> कुमाऊं में गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है, हालांकि अभी तक किसी भी क्रय केंद्र पर गेहूं की खरीद शुरू नहीं हुई है। उम्मीद है कि जल्द क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी।
> -**अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : कुमाऊं को इस गेहूं खरीद सत्र में खरीद का लक्ष्य 39 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला हुआ है। इसके लिए ऊधमसिंह नगर जनपद में 47 क्रय केंद्र बनाए गये हैं। हालांकि गेहूं खरीद शुरू होने के बाद अभी तक किसी भी क्रय केंद्र में गेहूं की खरीद शुरू नहीं हुई है। यहां बता दें कि कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। इसके लिए ऊधमसिंह नगर में 47 क्रय केंद्र बनाए गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 9, यूसीएफ के 35 और एनसीसीएफ के 3 क्रय केंद्र बनाए गये हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार कुमाऊं को 39000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है।

इसमें खाद्य विभाग को 6000 मीट्रिक टन, यूसीएफ को 20000 मीट्रिक टन, एनसीसीएफ को 1000 मीट्रिक टन, पीसीयू और नैफेड को 6000-6000 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है। हालांकि अभी तक किसी भी क्रय केंद्र पर गेहूं की खरीद नहीं हुई है। विभाग के अधिकारियों को कहना कि गेहूं की फसल पूरी तरीके से तैयार नहीं हुई है। इस कारण क्रय केंद्रों पर किसान नहीं पहुंच रहे हैं। जल्द ही किसान क्रय केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो जाएंगे। यहां बता दें कि ऊधमसिंह नगर जनपद में एक लाख हेक्ट्रेयर में गेहूं की फसल बोई जाती है, जबकि एक लाख 29 हजार हजार इस खेती से जुड़े हुए हैं।

### चुनाव प्रचार और वाहनों की संख्या पर चर्चा

**दिनेशपुर** : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में चुनाव प्रचार व मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर कार्यकर्ता की नियुक्ति, चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की संख्या व अनुमति पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने पदाधिकारियों की बैठक कर चर्चा की। पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। बुधवार को चक्कीमोड़ में ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, बलवंत सिंह कोरंगा, कोपा प्रधान मनोज देवराड़ी, हरि सिंह, कुंवर सिंह, किशोर सामंत, कांग्रेस नेत्री रेखा रावत, ललित खोलिया आदि मौजूद थे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
**KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE**
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

**Nursing Courses**
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

**Paramedical Diploma Courses (2 Year)**
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

**Pharmacy Course (2 Year)**
- D. Pharma

**Facilities Available**
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### महिला ने तेजाब पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बाजपुर :** दोराहा चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने पारिवारिक कारणों के चलते तेजाब का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। महिला को गंभीर हालत में उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला की हालत गंभीर बताई गई है, मामले की तहरीर किसी पक्ष ने नहीं दी है। बताया गया कि महिला कुछ दिन पूर्व मुरादाबाद से ससुराल आई थी। बुधवार को परिवार में कहासुनी में महिला ने तेजाब पी लिया।

### बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** लक्ष्मीपुर पट्टी में विद्युत विभाग की टीम ने बिजली चोरी पकड़ी। मामले में विभाग की उपखंड अधिकारी ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। विद्युत विभाग की उपखंड अधिकारी महक मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 मार्च को उन्होंने टीम के साथ लक्ष्मीपुर पट्टी में छापा मारा। जहां उन्हे एक घर में मेन लाइन से बिजली चोरी होते हुए मिली। तहरीर अनुसार पुलिस ने लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी सैफुल हुसैन के खिलाफ विद्युत अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर लगने से तीन लोग घायल

**खटीमा :** नौगवां ठग्गू से बाइक पर लौट रहे भूड़ महोलिया निवासी अशोक कुमार और अजय कुमार राणा को कार चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया। इधर मंगलवार शाम चकरपुर पुलिस चौकी के सामने वहीं के निवासी गिरीश चंद को कार सवार ने टक्कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### सड़क हाइसे के आरोपी बाइक चालक पर मुकदमा

**काशीपुर :** सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत के बाद पुलिस ने बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम आमका थाना जसपुर निवासी दलजीत कौर ने थाना कुंडा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 मार्च को उनके पति काबुल सिंह उनकी बड़ी बहू सलविंदर कौर को इलाज के लिए बाइक से काशीपुर लेकर जा रहे थे। तभी जगतपुर टोल प्लाजा के पास एक अन्य बाइक चालक ने तेजीव लापरवाही से बाइक चलाते हुए उनके पति की बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें उनके पति व बहू गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें एबुंलेंस की मदद से काशीपुर के मुरादाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई।

---

#### 2014 में बनवाया पंथ चेरिटेबल अस्पताल, 1990 में अंग्रेजी शिक्षा को श्री गुरु नानक एकेडमी खोली

# शिक्षा क्षेत्र में बाबा तरसेम का विशेष योगदान

प्रवेश सिंह राणा, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** डेरा कार सेवा के जत्थेदार स्वर्गीय बाबा तरसेम सिंह गुरुद्वारों की सेवा के साथ-साथ सामाजिक सेवा में भी अभूतपूर्व योगदान रहा। नानकमत्ता के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी शिक्षण संस्थाएं न होने से बच्चों को इधर उधर भटकना पड़ता था। कारसेवा के बाबा तरसेम सिंह ने वर्ष 1990 में अंग्रेजी शिक्षा के लिए श्री गुरु नानक एकेडमी खोला था।

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए नानकमत्ता में जब कोई भी स्कूल नहीं थे तब उन्होंने वर्ष 1998 में श्री गुरु नानक बालिका डिग्री कालेज खोला। जिसमें स्नातक की शिक्षा आरम्भ हुई और वर्ष 2003


बाबा तरसेम सिंह।

एमए व्यवसायिक पाठ्यक्रम तथा 2007, 2008 में स्नातक के कोर्स 2013 में बीबी और बीबीसी कोर्स प्रारम्भ किया गया। जिससे हजारों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न पदों पर आसीन हैं। इन में तमाम छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा भी प्रदान की गई।

वर्ष 2018-19 को सह शिक्षा प्रदान कर छात्रों को भी शिक्षा ग्रहण करने का अवसर दिया गया। बाबा तरसेम सिंह द्वारा संचालित महा विद्यालय में वर्तमान तक 12 विद्यार्थीयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गोल्ड मेडल भी मिल चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 2014 में क्षेत्र में स्वास्थ सेवा प्रदान करने के लिए पन्त रतन बाबा हरबंश सिंह, बाबा टहल सिंह, चैरिटेबल अस्पताल खोला गया। अस्पताल में हर बर्ष 500 से अधिक निःशुल्क आपरेशन किए जाते हैं। प्रधानचार्य सीता मेहता ने बताया कि कमजोर वर्ग के लोगों के लिए आयुष्मान रोजाना लाया गया। इस के अतिरिक्त अस्पताल में एनए, बीएच की श्रेणी में शामिल किया गया है। तथा कटमटा, अमेरिका, पीलीभीत, मझोला और खटीमा में भी विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। 22 दिसंबर 2023 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या में एक माह तक लंगर लगाया था।

#### अंतिम अरदास छह को

**खटीमा :** बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को हत्या हो गई थी। डेरा कारसेवा में आज अखंड पाठ रखा जायेगा। जिसका भोग छह अप्रैल को प्रात: 9.30 बजे से दो बजे तक रखा गया है। डेरा कार सेवा दिल्ली के प्रमुख बाबा बचन सिंह और बाबा महेंद्र सिंह ने संगत से बाबाजी की अंतिम अरदास में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

---

# आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है बाबा का हत्यारोपी अमरजीत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या का आरोपी अमरजीत सिंह आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। जिसका सुराग पुलिस की तफ्तीश में सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पर हत्या, डकैती और लूट जैसे संगीन प्रकरणों में शामिल होने का आरोप लगा है। जिसके बाद पुलिस ने बाबा के हत्यारों की कुंडली खंगालने के साथ ही तलाश भी तेज कर दी है।


अमरजीत सिंह।

#### तलाश तेज

- हत्या, डकैती और लूट के लगे हैं कई संगीन आरोप
- पुलिस की तफ्तीश में हुआ खुलासा, तलाश हुई तेज

बताते चलें कि 28 मार्च की सुबह नानकमत्ता के डेरा कार प्रमुख बाबा तरसेम सिंह को हत्याकांड को अंजाम दिया था। उस वक्त बाइक पर पीछे बैठा और बाबा पर राइफल से गोली चलाने का आरोपी अमरजीत सिंह मूलतः बिलासपुर के गांव सिहौरा यूपी का रहने वाला है और वर्ष 2014 में गाबा चौक पर एटीएम लूटकांड की वारदात हो या फिर डिबडिबा बिलासपुर यूपी के प्रधान सेठी हत्याकांड का जघन्य अपराध हो। इन दोनों प्रकरणों में भी अमरजीत का नाम सामने आया है।

इसके अलावा शाहजहांपुर के पुवाया में भी हुए डकैती प्रकरण में आरोपी का नाम सामने आया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने जब बिलासपुर सहित आसपास के थाना इलाकों में अपनी तफ्तीश शुरू की। उस वक्त आरोपी के आपराधिक प्रवृत्ति के मामले सामने आए है। इसके बाद पुलिस की टीमों ने बाबा के हत्यारों की तलाश तेज कर दी है, जबकि आरोपी के अपराध के बारे में पुलिस का कोई भी अधिकारी कुछ जानकारी देने को तैयार नहीं है। अधिकारी जल्द खुलासा कर पूर्ण जानकारी देने की बात कहकर चुप्पी साध रहे हैं।

---

# चीफ इंजीनियर के घर 20 लाख की चोरी मामले में चपरासी दबोचा

### सीसीटीवी कैमरों से मिली मदद, चोरी हुए 3.20 लाख रुपये और 22.5 तोला सोने के गहने बरामद

खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर/जसपुर

**अमृत विचार :** एक और दो मार्च की मध्य रात्रि को शुगर मिल के चीफ इंजीनियर के घर लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक चपरासी को गिरफ्तार कर लिया और शत-प्रतिशत चोरी का माल भी बरामद किया है।

बुधवार को पुलिस कार्यालय में चोरी कांड का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी और एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि शुगर मिल जसपुर के चीफ इंजीनियर अभिषेक कुमार ने थाना जसपुर पुलिस को सूचना दी थी कि उसके सरकारी आवास से 3.20 लाख रुपये की नगदी और 22.5 तोले सोने के आभूषण चोरी हो गए है।

एसएसपी के आदेश पर थानाध्यक्ष प्रभारी हरेंद्र चौधरी और एसएसआई राजेश पांडेय के नेतृत्व में टीम ने घटना के कुछ घंटे बाद सीसीटीवी कैमरों और तकनीक का इस्तेमाल कर चोरी का मुख्य आरोपी एवं चीफ इंजीनियर के चपरासी रोहित कुमार निवासी ग्राम नादेही थाना जसपुर को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर 22.5 तोले सोने के आभूषण और 3.20 लाख रुपये बरामद कर शत-प्रतिशत माल की रिकवरी कर डाली। जिस पर एसएसपी ने बेहतरीन पुलिसिंग करने के बाद जसपुर पुलिस टीम को 2500 रुपये इनाम देने की घोषणा की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।


चीफ इंजीनियर के घर हुई चोरी का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

#### चोरी का ये माल मिला

जसपुर पुलिस द्वारा बरामद चोरी का माल भारी मात्रा में था। इसमें सोने का मंगलसूत्र, सोने का हार, सोने की माला, आठ जोड़ी सोने के टॉप्स, सोने का एक मांग टीका, सोने की एक अंगूठी, सोने की एक छोटी नथनी, चार सिंगल लेयर सोने की चैन, एक ट्रिपल लेयर सोने की चैन, एक सोने व चांदी का सिक्का, सोने का छोटा नेकलेस, एक बैंक की पासबुक और 3.50 लाख रुपये की नकद धनराशि बरामद की।

#### पहले बना इंजीनियर का खास, फिर किया विश्वासघात

**रुद्रपुर :** जसपुर में हुई शुगर मिल के चीफ इंजीनियर के घर लाखों की चोरी का आरोपी कोई नहीं, बल्कि इंजीनियर का खास रहा चपरासी ही निकला। बताया जा रहा है कि पिछले दो साल से घर में चपरासी का काम करने के दौरान आरोपी इंजीनियर का खास बन गया था और मौका पाकर मालिक से ही विश्वासघात कर दिया। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह दो साल से चीफ इंजीनियर के सरकारी आवास पर चपरासी का काम करता है और अपने व्यवहार से इंजीनियर का दिल भी जीत लिया था। मगर एक और दो मार्च की मध्य रात्रि जब घर पर कोई नहीं था। उस वक्त मन में लालच आ गया और चोरी की योजना बना डाली।

---

## काशीपुर के स्टोर प्रबंधक की नोएडा में हादसे में मौत

**काशीपुर , अमृत विचार :** काशीपुर निवासी एक निजी कंपनी में स्टोर प्रबंधक की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने हिट एंड रन की आशंका जताई है।

सैनिक कॉलोनी निवासी गोकुल प्रसाद शर्मा ग्रेटर नोएडा में एक कंपनी के स्टोर प्रबंधक पर कार्यरत थे। वह अपने परिवार के साथ नोएडा में बीटा दो सेक्टर में रहते थे। एक अप्रैल की रात गोकुल अपने दोस्त अजीत सिंह के साथ अपनी एसेंट कार से साकीपुर गए थे। जहां वह गोलचक्कर के पास सर्विस रोड पर खड़े थे। आरोप है कि स्कार्पियो सवार युवक ने तेजी से गोकुल को टक्कर मार दी। आरोप यह भी है कि कुछ दूरी पर जाने के बाद स्कार्पियो सवार ने वापस आकर फिर से उसे टक्कर मारी। घायल गोकुल के मित्र अजीत ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। सूरजपुर के कोतवाल पुष्पराज सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी दो छोटी बच्चियों और वृद्ध मां को रोता बिलखता छोड़ गया है। बुधवार को गंगेबाबा रोड स्थित श्मशान घाट पर मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

---

# लोन लेकर धोखे से बेच दी जमीन, जांच शुरू

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में बैंक से लोन लेने के बावजूद भूस्वामी की ओर से दूसरे पक्ष को जमीन बेचकर लाखों की धनराशि प्राप्त करने तथा 3 वर्ष बाद उक्त भूमि को बैंक द्वारा नीलाम किए जाने की सूचना जारी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

धोखाधड़ी के शिकार भूमि खरीदार ने दोनों पिता-पुत्र आरोपियों के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। शॉप नंबर 8, छोटी मार्केट, टा कॉलोनी, थाना पंतनगर निवासी रामानंद शर्मा पुत्र लालमणि शर्मा ने बताया कि उसके द्वारा आइडिया कॉलोनी लालपुर, थाना रुद्रपुर निवासी राकेश कुमार गर्ग एवं मनीष कुमार गर्ग से पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक संख्या 4728 दिनांक 12 जुलाई 2021 के द्वारा राजस्व ग्राम कोठा, तहसील रुद्रपुर स्थित भूमि खाता संख्या 000185, खेत संख्या 231 मि., भूखंड क्षेत्रफल 167.17 वर्ग मीटर तथा दो मंजिला भवन निर्मित भूखंड को स्टाम्प ड्यूटी सहित 41 लाख 67 हजार 300 रुपये में व्यय किया था। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि भूमि एवं भवन खरीदने के बाद भूखंड का नियम अनुसार दाखिल खारिज नामांतरण भी पीड़ित के पक्ष में हो गया था तथा तभी से उक्त संपत्ति प्रार्थी के अधीन है। शिकायत के अनुसार विक्रेता पक्ष ने भूखंड विक्रय के दौरान अवगत कराया था कि उनके द्वारा उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई लोन नहीं लिया गया तथा भूमि बंधक नहीं है।

भूमि खरीदने के दौरान उनके द्वारा नियमानुसार तहसील स्तर से लोन संबंधी 12 वर्ष का रिकॉर्ड प्राप्त किया गया था जिसमें उक्त संपत्ति पर कोई भी लोन नहीं था। वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लोन बकाया होने पर उक्त संपत्ति को नीलाम करने की सूचना प्रकाशित की है। इसके बाद पीड़ित को ज्ञात हुआ कि आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी कर उक्त संपत्ति को विक्रय किया गया है जबकि आरोपियों द्वारा भूखंड बेचने से पूर्व पंजाब नेशनल बैंक से लोन लेने के बाद उसका भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते बैंक द्वारा नीलामी की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

#### ठगी

- बैंक ने लोन जमा न होने पर भूखंड को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू की
- पीड़ित की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

---

# ट्रेनिंग कर रहे आरक्षी की हालत बिगड़ी, मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** 31वीं पीएसी के अधिकारियों में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मुख्य आरक्षी की ट्रेनिंग कर रहे पीएसी कर्मी की हालत बिगड़ गई और आनन-फानन में कर्मी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


महावीर नेगी।

खैरी खुर्द रायवाला देहरादून निवासी 40 वर्षीय महावीर नेगी 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार में आरक्षी के पद पर तैनात थे और पिछले कुछ माह से मुख्य आरक्षी पर पदोन्नत होने के बाद 31वीं वाहिनी पीएसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। बताया जा रहा है कि दोपहर को अचानक सिपाही की हालत बिगड़ने लगी और आनन-फानन में साथी पुलिस कर्मियों द्वारा सिपाही को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेनानायक प्रीति प्रियदर्शनी ने अस्पताल जाकर घटना की जानकारी ली और परिवार को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने सिपाही के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम के बाद शव को हरिद्वार पीएसी ले जाया गया।

---

## पंतनगर-जयपुर के बीच सीधी हवाई सेवा बंद

**पंतनगर :** हवाई सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो एयर वर्तमान में दिल्ली-पंतनगर के लिए दो और पंतनगर-जयपुर के बीच रोजाना एक फ्लाइट संचालित कर रही थी, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने बीते शनिवार से जयपुर-पंतनगर के बीच सीधी हवाई सेवा का संचालन बंद कर दिया है।

अब यात्रियों को पंतनगर से जयपुर के बीच वन स्टॉप में वाया दिल्ली यात्रा करनी पड़ेगी। जिसमें पैसा भी लगभग दो गुना लगेगा और समय भी पांच-छह घंटे लगेंगे। सूत्र इसके पीछे यात्रियों का घटता रुझान बता रहे हैं। क्योंकि कंपनी को इस हवाई मार्ग पर रोजाना मात्र 10-15 यात्री ही मिल पा रहे थें। पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने बताया कि कंपनी के पास एयरक्राफ्ट्स की कमी है।

---

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बाइकों की भिड़ंत में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर तीन लोगों को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

ग्राम दियोहरी नमूना निवासी तनुज पुत्र सतीश कुमार, ऊषा पत्नी ओमप्रकाश, जागन पुत्र रामभरोसे व रेशमवती पत्नी जागन मंगलवार को मसवासी स्वार रामपुर क्षेत्र में मजदूरी करके बाइकों पर लौट रहे थे। इसी बीच देर सायं करीब साढ़े 6 बजे नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर यादव होटल के सामने अचानक आगे जा रहे दो युवकों ने रोड क्रॉस करने के लिए बाइक मोड़ दी जिसके चलते उनके पीछे चल रहे बाइक सवार ने ब्रेक दबाए तो बाइकों में टक्कर हो गई, जिसमें दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार युवक बाइक समेत भाग गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने ई-रिक्शा व अपने निजी वाहनों से घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर चारों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।


घायलों को उपचार के लिए ले जाते लोग।


घायल ऊषा।


घायल तनुज।


घायल जागन।


घायल रेशमवती।

#### डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर

**बाजपुर :** देर रात्रि डंपर की चपेट में आने से विवाह समारोह में शामिल होने आ रहा एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार की देर रात्रि रुद्रपुर वनभूलपुरा निवासी परवेश बन्नाखेड़ा स्थित एलएसी स्टोन क्रशर से डंपर लेकर बाजपुर की ओर आ रहा था कि इसी बीच रामराज रोड स्थित बैंक आफ बड़ौदा के समीप शादी समारोह में आ रहे बेलपड़ाव निवासी बूटा सिंह डंपर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया। घटना में उसकी बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के तत्काल बाद चालक रोड पर ही गाड़ी छोड़ कर भाग गया, लेकिन आक्रोशित लोगों ने डंपर के केबिन में सो रहे हेल्पर मनोज को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी।

---

## डंपर की टक्कर से शिक्षिका घायल

**बाजपुर:** नगरपालिका क्षेत्र निवासी एक अध्यापिका काशीपुर में बोर्ड परीक्षा की कापी जांचने स्कूटी से जा रही थी कि नेशनल हाइवे-74 पर सुल्तानपुर पट्टी में गैस एजेंसी के पास सामने से आ रहे डंपर ने स्कूटी सवार शिक्षिका को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें वही गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के बाद लोगों की जमा भीड़ ने अध्यापिका शिखा शर्मा पत्नी कृष्ण कुमार शर्मा को आनन-फानन में ही उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे गंभीरावस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में सफल रहा। घटना स्थल पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

---

**आक्रोश** — छात्र को फेल करने का आरोप लगाकर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले ने तूल पकड़ा

# शिक्षक को धमकी देने पर कार्रवाई नहीं, किया घेराव

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** छात्र को फेल करने का आरोप लगाते हुए शिक्षक के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला बढ़ता जा रहा है जिसमें आरोपित पर कार्रवाई न होने से गुस्साए शिक्षक एक बार फिर से कोतवाली जा धमके और वहां मौजूद पुलिस अधिकारी का घेराव कर कार्रवाई की मांग की।

इंटर कालेज बाजपुर में 30 मार्च को विद्यालय में परीक्षाफल घोषित हुआ था जिसमें कई बच्चे अनुत्तीर्ण भी हुए थे। इसी दिन की रात करीब साढ़े 8 बजे इंटर कालेज बाजपुर में तैनात प्रवक्ता शिक्षक प्रदीप चंद्र जोशी अनाज मंडी परिसर में टहल रहे थे। आरोप है कि तभी एक सफेद रंग की कार सवार ने शिक्षक को क्षति पहुंचाने की कोशिश की। इतना ही नहीं अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी से निकलकर एक छात्र को फेल करने का आरोप शिक्षक पर लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना की तहरीर इसी रात में कोतवाली पहुंचकर दे दी गई थी, लेकिन अभी तक पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। बुधवार को आक्रोशित शिक्षक एकत्रित होकर एक बार फिर कोतवाली जा धमके और वहां मौजूद एसआई देवेंद्र मनराल का घेराव कर मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की मांग की गई। बताया गया कि आरोपित कार सवार सीसीटीवी में कैद हो गया है जिसकी वीडियोज इत्यादि भी पुलिस को उपलब्ध करवा दी गई हैं। वहीं पुलिस ने जल्द ही आरोपी तक पहुंचने का भरोसा शिक्षकों को दिलाया है। कोतवाली पहुंचने वालों में प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, प्रवीण अरोरा, धीरज सक्सेना, रोहित यादव, केके वाजपेयी, रमाशंकर, ललित जोशी, सत्येंद्र, संजय, विवेक सक्सेना, हेमंत वण, रावेंद्र सिंह आदि शिक्षक शामिल रहे।


बाजपुर कोतवाली में एसआई का घेराव करते शिक्षक। ● अमृत विचार

---

## तमंचा-चाकू लेकर घूमते तीन गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने अलग-अलग जगह से तमंचे और चाकू के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों का चालान किया है।

कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर युवक को 12 बोर के तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम नईम निवासी काली बस्ती, अल्ली खां बताया। आरोपी ने बताया कि अपनी सुरक्षा के लिए वह तमंचा पास में रखता है। वहीं कटोराताल चौकी पुलिस ने राजीव मेहरा उर्फ बाबू निवासी तुफैलबाग को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया। उधर आईटीआई पुलिस ने बांसखेड़ी से ढकिया गुलाबो गांव की तरफ जाने वाले रास्ते से रमेश सैनी निवासी ग्राम बांसखेड़ी खुर्द को गिरफ्तार किया, जिसके पास से एक चाकू बरामद किया।

---

# नशीले इंजेक्शनों की तस्करी में 10 साल कैद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** वर्ष 2019 में नशीले इंजेक्शनों के साथ पकड़े गए तस्कर को एनडीपीएस की विशेष न्यायाधीश ने 10 साल कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

एडीजीसी फौजदारी दीपक कुमार अरोरा ने बताया कि 31 अगस्त 2019 को थाना ट्रांजिट कैंप के दारोगा अशोक कुमार ने रोजमर्रा की भांति शांति व्यवस्था के दौरान चेकिंग अभियान चला रहे थे कि श्याम टाकीज रोड धोबी घाट पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विशाल शर्मा उर्फ लेटू निवासी जी ब्लाक थाना ट्रांजिट कैंप बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 40 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन और 25 सीरिंज भी बरामद की है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सुशील तोमर की अदालत में हुई। जहां एडीजीसी दीपक कुमार अरोरा ने सात गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने नशीले इंजेक्शन की बिक्री करने के दोषी विशाल शर्मा को दस साल कठोर कारावास और एक लाख रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

#### फैसला

- एडीजीसी ने अदालत में पेश किए सात गवाह

सार-संक्षेप


गदरपुर के राजकीय महाविद्यालय में पुस्तक भेंट करते अद्वैत फाउंडेशन के पदाधिकारी।

## डिग्री कॉलेज में भेंट कीं पुस्तकें

**गदरपुर :** प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन ने राजकीय महाविद्यालय के छात्रों को लाइब्रेरी हेतु पुस्तके भेंट की हैं। इन पुस्तकों में मोटिवेशन, विद्यार्थी जीवन, संघर्ष अपने विरुद्ध पुस्तकें शामिल हैं। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में फाउंडेशन के प्रभारी प्रदीप फुटेला ने कॉलेज की प्राचार्या शर्मिला सक्सेना को करीब डेढ़ दर्जन जीवन पुस्तकों का सैट प्रदान किया। इस दौरान प्राचार्य शर्मिला सक्सेना व लाइब्रेरी प्रभारी प्रभजोत कौर ने संस्था का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई धन नहीं है यदि बच्चे शिक्षित हैं तो कामयाबी के लिए उन्हें किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। वह किसी भी क्षेत्र में जाकर खुद अपनी मंजिल बना सकते हैं। इस मौके पर अशोक कुमार, तनुजा परिहार, सीमा फुटेला, जसपाल डोगरा, राकेश गुम्बर सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## लोडर मशीन और किराया नहीं लौटाने की तहरीर दी

बाजपुर : सड़क निर्माण कार्य के लिए किराये पर दी गई लोडर मशीन व किराया नहीं लौटाने का आरोप ठेकेदार के साले पर लगाते हुए वाहन स्वामी ने पुलिस चौकी दोराहा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कनौरी निवासी बृजपाल पुत्र तिलकराम ने पुलिस को बताया कि पांच जनवरी को ग्राम लखनपुर निवासी एक युवक आया और कहने लगा कि उसके जीजा ने भीमताल जिला नैनीताल में रोड का ठेका ले रखा है। रोड निर्माण कार्य में लोडर मशीन लगभग 4-5 महीने तक चलेगी जिसके चलते बृजपाल ने अपनी लोडर मशीन 95,000 रुपये प्रति माह के किराये पर 6 जनवरी को दे दी। इस बीच दो बार में उसे डेढ़ लाख रुपये का भुगतान चेक से कर दिया गया। आरोप है कि अब आरोपी किराया व लोडर नहीं दे रहा है। वह 20 मार्च को आरोपी के घर भी गया जिसमें आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है।

## कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**बाजपुर :** दोराहा चौकी पुलिस ने 53 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित दोराहा चौक ग्राम महेशपुरा निवासी सरबन सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे वन विभाग के बैरियर के पास स्वार बार्डर की तरफ जाते समय बंद पड़ी फैक्ट्री के बाहर से पकड़ा गया।

# नया सत्र शुरू, गुरुजी का इंतजार कर रहे छात्र-छात्राएं

### 80 प्रतिशत शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव व मूल्यांकन में लगी, पढ़ाई प्रभावित

अनदेखी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर में 80 प्रतिशत शिक्षकों की चुनाव ड्यूटी व मूल्यांकन के कार्य में लगने से नई कक्षा में पढ़ने को रोजाना स्कूल जाने वाले बच्चों को गुरुजी का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं बता दें कि अभी तक बच्चों को नई किताबें नहीं मिल पाई हैं। उन्हें पुरानी किताबों से ही काम चलाना पड़ रहा है।

काशीपुर में राजकीय इंटर कालेज, हाईस्कूल, जूनियर हाईस्कूल, प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है, लेकिन विद्यार्थियों के लिए शिक्षा विभाग नए शिक्षा सत्र में नई किताबों का इंतजाम नहीं कर सका है। कब तक किताबें स्कूलों को मिलेंगी, जिम्मेदारों के पास सटीक जवाब नहीं है। ऐसे में पुरानी किताबों से पढ़ाई की तैयारियां कराने का दावा अधिकारियों ने किया है, जो हवा हवाई साबित हो रहा है। छात्र-छात्राओं से स्कूलों में पुरानी किताबें मंगवा ली गई हैं, लेकिन विषयवार किताबों को पढ़ाने के लिए शिक्षक तक नहीं है। बताया कि काशीपुर में 80 प्रतिशत शिक्षक व शिक्षिकाएं चुनाव में ड्यूटी व बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के काम कर रहे हैं। प्रत्येक स्कूलों में दो या तीन शिक्षक हैं, जिन पर सैकड़ों बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी आ गई है। प्रभारी बीईओ धीरेंद्र कुमार शाहू ने बताया कि नई किताबें नहीं आई हैं। पुरानी किताबों से स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव व मूल्यांकन में लगा दी गई है।



### स्कूलों में एडमिशन भी शुरू

**काशीपुर :** प्रभारी बीईओ धीरेंद्र कुमार शाहू ने बताया कि सभी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए शिक्षकों को दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। बताया कि सरकारी स्कूली में छात्र संख्या बढ़ाने को लेकर जागरूक किया जाता है।

### पहले किताबें खरीदवाई, अब मना कर रहे

**काशीपुर** : मानपुर रोड स्थित एक प्राइवेट स्कूल ने अभिभावकों से किताबें खरीदवा ली है। बताया कि उस स्कूल के प्रिंसिपल बदल गया है। नए प्रिंसिपल ने खरीदवाई किताबें वापस करने की बात कही है। इससे अभिभावक परेशान हैं। बीईओ धीरेंद्र शाहू ने बताया कि मामले की जानकारी निकाली जाएगी।

## नहर की सफाई नहीं होने पर रोष

**बाजपुर :** ग्राम पंचायत भट्टपुरी में गंदगी से पटी नहर बीमारियों को दावत दे रही है। आसपास के परिवार दुर्गंधयुक्त वातावरण में रहने को मजबूर हो रहे हैं, जिन्होंने शासन-प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है।

नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर स्थित ग्राम भट्टपुरी के बराबर से होकर एक सिंचाई नहर गुजर रही है, जोकि वर्षों से साफ-सफाई न होने के कारण इन दिनों गंदगी से लबरेज है और पालीथिन इत्यादि कचरा पड़ा होने से नहर में पानी भी जमा हो गया है। नहर में बनी गंदगी के कारण वातावरण में भयंकर दुर्गंध फैल रही है जिसकी वजह से आसपास रह रहे परिवारों का जीवना मुश्किल हो गया है। गंदगी की वजह से उनमें तमाम तरह की संक्रमण बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही शासन-प्रशासन से नहर की साफ-सफाई करावाकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।


ग्राम भट्टपुरी में गंदगी से पटी पड़ी नहर।

# मीट की दुकानें हवाई उड़ानों के लिए खतरा

संवाददाता, पंतनगर

मुसीबत
- विमान से पक्षियों के टकराने पर बना रहता है यात्रियों की जान को खतरा
- एयरपोर्ट प्रबंधन ने सभी से सहयोग की अपील की

**अमृत विचार :** यह जानना सभी के लिए आवश्यक है कि विमान के उड़ान भरते समय होने वाले खतरों में पक्षियों से टकराने का खतरा सबसे अधिक होता है। खास तौर पर जब कोई विमान उड़ान भरने वाला होता है या लैंड करने वाला होता है, ऐसे में यदि इसके मार्ग में कोई पक्षी आ जाएं तो विमान और उसमें सवार यात्रियों की जान के लिए बहुत बड़ा खतरा होता है।

पंतनगर एयरपोर्ट से सटी मस्जिद और संजय कालोनी में कुछ लोग पुलिस प्रशासन के संरक्षण में अवैध दुकानें खोलकर मुर्गा, मछली, बकरे और सूअर आदि का मीट काटकर बेचते हैं। मीट काटने के दौरान अवशेष इधर-उधर फेंकने से क्षेत्र में कई प्रकार के पशु पक्षियों की भरमार बनी रहती है, जिसके चलते विमानों की लैंडिंग और उड़ान भरने के दौरान पक्षियों के विमान से टकराने से विमान व यात्रियों की जान के खतरे की संभावना बनी रहती है। पंतनगर एयरपोर्ट प्रबंधन ने एयरपोर्ट के 10 किमी. परिधि में निवास करने वाले लोगों के लिए अपील जारी की है। एयरपोर्ट डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने बताया कि जिस क्षेत्र में एयरपोर्ट होता है, उसके चारों ओर कम से कम 10 किमी. परिधि में निवासियों को ऐसी कोई भी गतिविधि नहीं करनी चाहिए, जो पक्षियों को आकर्षित करती हो या जिससे इस क्षेत्र में पक्षियों को बढ़ावा मिले। जैसे खुले में कूड़े का ढेर लगाना, खुले में मांस मछली आदि की बिक्री से क्षेत्र में पक्षियों को बढ़ावा मिलता है। इनकी मौजूदगी से विमानों के संचालन और उसमें यात्रा कर रहे लोगों की जान को खतरा होता है। इसके लिए सरकार की ओर से जारी नियमावली (एयरक्राफ्ट नियमावली-1937) में उन सभी कार्यों को प्रतिबंधित किया गया है, जिनकी वजह से विमानपत्तन और इसके आसपास क्षेत्र में पक्षी आकर्षित होते हों। सुमित ने बताया कि पंतनगर से उड़ानों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साथ ही चुनाव के दौरान यहां कई छोटे विमानों का आवागमन भी रहेगा। ऐसे में पंतनगर एयरपोर्ट की ओर से विमानपत्तन परिक्षेत्र में निवास/कार्य कर रहे सभी लोगों से अपील की जाती है कि वह ऐसी कोई गतिविधि ना करें, जिससे कि विमानन यातायात को खतरा हो। उन्होंने क्षेत्र में निवास कर रहे सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा की है।

# पेंटिंग से किया प्रतिभा का प्रदर्शन

प्रतियोगिता
- विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया

संवाददाता, पंतनगर


कोलाज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की वेटनरी सोसाइटी की ओर से वार्षिक कार्यक्रम 'वेट वीक' के तहत डॉ. मीना मृगेश के निर्देशन में विविस्तरीय साप्ताहिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिसमें बुधवार को कोलाज (सम्मिश्रण) एवं पेंटिंग (कलाकृति) प्रतियोगिता आयोजित हुई।

चित्रकला और कोलाज प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और चिकित्सा कर्मियों की समाज में भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने सुंदर कलाकृतियां बनाईं, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों के स्वास्थ्य में योगदान को दर्शाया गया। कुछ विद्यार्थियों ने डॉक्टर को सुपरहीरो बनाकर, तो कुछ ने डॉक्टर के हाथों में धरती बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कोलाज में विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक उपकरण, मास्क, अखबार की कटिंग आदि का उपयोग किया और जानवरों एवं इंसानों के स्वास्थ्य के महत्व को समझाया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. मानसी एवं डॉ. मृदुला शर्मा मौजूद थीं। यहां अपूर्वा रावत, मिताक्षी, आकांक्षा, प्रियांशी, पीयूष, गौरव, रितिप्सा आदि सदस्य मौजूद रहे। आगामी दिनों में वेट्स वीक के तहत गायन, नृत्यकला, कल्चरल रेनरसेस, पोस्टर व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कीं नुक्कड़ सभाएं

खटीमा : नैनीताल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट ने विधानसभा की विभिन्न ग्राम सभाओं में पहुंचकर नुक्कड़ सभाएं कर जनता से वोट मांगे। सभाओं का दौर प्रतापपुर से शुरू कर मोहम्मदपुर भुड़िया, जादोपुर, वनगवां, बग्गा चौवन सहित नगर में जनसंपर्क कार्यक्रम चलाकर वोट मांगे। इस दौरान भट्ट ने प्रधानमंत्री के नारे 400 पार को सफल बनाने हेतु वोट मांगे और देश की उपलब्धियां और अपने कार्यकाल में किए हुए कार्यों को बताया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। संचालन किसान आयोग उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, नंदन सिंह खड़ायत, डॉ नवीन भट्ट, अमित पांडे, वरुण अग्रवाल, दलबीर सिंह, रनजीत सिंह नामधारी, अंजू देवी आदि थे।

# संधू समेत कई लोग भाजपा में शामिल

स्वागत किया
- केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के समक्ष ली भाजपा की सदस्यता

संवाददाता, किच्छा


वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह संधू का स्वागत करते केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विगत दिनों कांग्रेस को बाय-बाय कहने वाले किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह संधू ने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया।

केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री तथा लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने जितेंद्र सिंह संधू सहित उनके तमाम समर्थकों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। बिगत दिनों किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस के ऊधमसिंह नगर जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह संधू ने समर्थकों एवं तमाम पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस छोड़ने का एलान कर त्यागपत्र प्रदेश नेतृत्व को भेज दिया था। संधू के त्यागपत्र दिए जाने के बाद से उनके भाजपा में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे। वरिष्ठ नेता संधू ने केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, राजपाल सिंह, दान सिंह रावत के समक्ष भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी में शामिल होने के बाद संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्य प्रणाली और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं से प्रेरित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह संधू के नेतृत्व में किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अमरीक सिंह सिद्धू, पूर्व जिला सचिव जुगराज सिंह, किसान कांग्रेस पूर्व मंडल उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह विर्क, खुशविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, अमनदीप सिंह, कुलदीप सिंह, रणजीत सिंह, गुरनाम सिंह, भूपेंद्र सिंह, जगतार सिंह सहित दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण किए जाने के बाद ग्राम आजाद नगर में अपने निवास पर पहुंचे जितेंद्र सिंह संधू का पूर्व ग्राम प्रधान राजकुमार कोहली एवं भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुजारा के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने ग्राम के तिराहे पर फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर भाजपा नेता प्रदीप पुजारा एवं राजकुमार कोहली के साथ अमित राय, विनोद सक्सेना, रामफूल, परितोष मंडल, चंद्रपाल, भद्रसेन शर्मा, बाबूराम, गुरदेव सिंह विर्क, डिंपल सिंह चीमा, सतनाम सिंह ढिल्लो, अमनदीप सिंह, नवजोत सिंह आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व अन्य।

## काशीपुर में कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय खुला

**बाजपुर/काशीपुर** : नैनीताल-ऊधमसिंहनगर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव कार्यालय का बाजपुर में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो ने उद्घाटन किया। इस मौके पर आर्य ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रांत व स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। इस मौके पर हरेन्द्र सिंह लाडी, सपा यूथ बिंग के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव, पूर्व विधायक संजीव आर्य, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, बरुण कपूर, नवदीप कंग, डीके जोशी, ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, लाल सिंह, शेर सिंह, नत्था सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं काशीपुर में भी मोहल्ला खालसा स्थित गौड़ सभा भवन में खोला गया। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेसी अनुपम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शादी से पूर्व युवती बिना बताए घर से गायब


**बाजपुर:** एक युवती बिना बताए घर से गायब हो गई, काफी तलाशने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो भाई ने पुलिस चौकी दोराहा में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवाई है। बताया जाता है कि युवती की 13 दिन बाद शादी होने वाली थी जिसकी तैयारियों में परिजन लगे हुए हैं। पुलिस चौकी दोराहा के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि दो अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे परिजनों की गैर मौजूदगी में उसकी 19 वर्षीय बहन घर से कहीं चली गई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।


खटीमा में सिटी कान्वेंट के प्रवीण का स्वागत करता स्कूल प्रबंधन।

## थर्ड ऑफिसर कमीशन रैंक प्राप्त करने पर स्वागत

खटीमा : सिटी कॉन्वेंट स्कूल के नेवल एनसीसी के जूनियर विंग एएनओ प्रवीण सिंह बोरा को कामठी के ऑफिसर प्रशिक्षण ट्रेनिंग एकेडमी से प्रशिक्षण के बाद थर्ड ऑफिसर कमीशन रैंक प्राप्त किया है, जिनके विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, उपप्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पांडेय, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी, आर्मी सीनियर विंग एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट, नेवी सीनियर विंग एएनओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी, एयर जूनियर विंग थर्ड ऑफिसर लक्ष्मी मेहता, आर्मी विंग थर्ड ऑफिसर नीता उपाध्याय ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

चिंता — तराई में धड़ल्ले से हो रही बेमौसमी धान की खेती, एक किलो धान उत्पादन में होती है चार हजार लीटर पानी की खपत

# जल का दोहन कर हम सबका कल गंवा रहे कुछ किसान

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार :** तराई में धरती का सीना चीरकर उससे हासिल भूजल से सिंचाई करके कुछ किसान बेमौसमी धान की खेती करने में जुटे हैं, जबकि इसकी खेती पर जहां कई राज्य प्रतिबंध लगा चुके हैं, वहीं उत्तराखंड में इस पर कोई स्पष्ट नीति नहीं होने से किसान इसका भरपूर लाभ उठा रहे हैं। पानी के महत्व को समझ कर भविष्य के लिए पानी संरक्षित करने की जरूरत देखते हुए सरकार को प्रदेश में स्पष्ट नीति व रणनीति बनाने की आवश्यकता है।

एक ओर जल संरक्षण और संवर्धन से देश को जल समृद्ध राष्ट्र बनाने की कवायद चल रही है। गर्मियां बढ़ते ही हल्द्वानी जैसे क्षेत्रों में पानी को लेकर हायतौबा मचनी शुरू हो गई है, वहीं तराई में बेमौसमी धान की खेती का प्रचलन बढ़ने से भूजल का दोहन धड़ल्ले से रहा है, जो भूमिगत जल स्तर के गिरने का मुख्य कारण है। आंकड़ों के अनुसार एक किलो धान के उत्पादन में तीन से चार हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में तराई की सैकड़ों एकड़ भूमि पर बेमौसमी धान की खेती करके बेशकीमती भूजल को बर्बाद किया जा रहा है। आज देश में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता तेजी से कम हो रही है। जिससे गांव, कस्बों और शहरों में जल को लेकर घमासान बढ़ रहा हैं। 2001 में देश की प्रतिव्यक्ति जल उपलब्धता 1,816 घनमीटर थी, जो 2011 में घटकर 1,545 घनमीटर और 2021 में 1,486 घनमीटर तक सिमट चुकी है। यदि यही हाल रहा तो अगले दस सालों में इसके घटकर 1,367 घनमीटर रह जाने की संभावना है। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार भूजल के अत्यधिक दोहन से देश में हर साल पानी की मात्रा 0.4 मीटर घट रही है। ऐसे में तराई में बेमौसमी धान की खेती कितनी उपयोगी है, इसको समय रहते सोचने की जरूरत है।


सैनिक फार्म में लीज भूमि पर भू-जल से लबालब भरे बेमौसमी धान के खेत।

### पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने किया आगाह

**पंतनगर :** विवि के प्राध्यापक डॉ. एसके गौड़ ने पानी को जीवन का आधार बताते हुए कहाकि पानी संरक्षित करने से पेयजल जनित बीमारियों पर रोक लगाई जा सकती है। उन्होने जल गुणवत्ता बेहतर बनाने में पेयजल स्रोतों के संरक्षण की जरूरत बताई। डॉ. एके शर्मा ने कृषि में जल के न्यूनतम उपयोग पर जोर दिया। प्रो. आरके श्रीवास्तव ने अपशिष्ट जल के शोधन से जल संरक्षण किए जाने को बेहद जरूरी बताते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर वाटर क्वालिटी इंडेक्स में 122 देशों में भारत 120वें स्थान पर है। वहीं जैव प्रौद्योगिकी के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन ने तराई में भूजल के दोहन से की जा रही बेमौसमी धान की खेती को गंभीर चिंता का विषय बताया।

# अधिवक्ता एसोसिएशन के सूरज बने अध्यक्ष और हरजीत सिंह सचिव

## अध्यक्ष पद पर एकतरफा जीत, 86 मतों से हराया, छह सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ

संवाददाता, खटीमा



खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव में विजयी प्रत्याशियों का स्वागत करते साथी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर सूरज सिंह राणा ने एकतरफा जीत हासिल करते हुए हरजिंदर सिंह कलसी को 86 मतों से हरा दिया जबकि सचिव पद पर हरजीत सिंह ने जीत हासिल की। परिणाम की घोषणा होने पर अधिवक्ताओं ने विजेता प्रत्याशियों का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

एसोसिएशन चुनाव पर्यवेक्षक बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड के महेंद्र पाल और मेहरबान सिंह कोरंगा की देखरेख में चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंअर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य द्वारा प्रातः 10 बजे मतदान शुरू कराया गया। तीन बजे तक हुए मतदान में कुल 185 मत में 183 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सूरज प्रकाश राणा (134) ने अपने प्रतिद्वंद्वी हरजिंदर सिंह कलसी (48) को 86 मतों से हराकर जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पद पर मनोहर लाल विश्वकर्मा (90) ने मलकीत सिंह (84) को कड़े मुकाबले में छह मतों से हराया। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद पर ममता शर्मा (118) ने स्नेहलता राणा (64) को 54 मत से हराया। सचिव पद पर हरजीत सिंह (117) ने साबिर हुसैन (70) को 47 मत से हराया। उपसचिव पद पर सतीश चौहान (98) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनिकेत पंत (40) और आशीष मेहरोत्रा (40) को 58 मत से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर लखविंदर सिंह (99) ने शहाना बेगम (83) को 16 रन से हराया जबकि लेखा परीक्षक पद शहनाज सिद्दीकी (100) ने मनोज 72 को 28 मत से हराया। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर अब्दुल मजीद (98) ने मधु राणा (79) को 19 मत से हराकर जीत हासिल की। कार्यकारिणी सदस्य विश्नेस्वरी, मो सलीम, नरेश चंद्र तिवारी, निधि गुप्ता, पूजा अग्रवाल और सचिन सिंह राणा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव परिणाम घोषित करने के साथ ही अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों का ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।



काशीपुर में प्रमाण पत्र बनाने को ज्ञापन देते लोग।

## प्रमाण पत्र नहीं बनने पर गुस्साए लोग

**काशीपुर :** प्रमाण पत्र नहीं बनने पर गुस्साएं लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनकी समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की है। बुधवार को अंबेडकर पार्क जन कल्याण सेवा समिति के बैनर तले लोगों ने सीएम धामी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय के कर्मी को सौंपा। जिसमें कहा गया कि पिछले दो माह से जाति, स्थाई तथा अन्य प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। जिसकी वजह से छात्रों को बहुत परेशानी हो रही है। वर्तमान में बच्चों के दाखिले की प्रक्रिया भी चल रही है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों के प्रवेश नहीं हो पा रहे हैं। साथ ही बेरोजगार युवक-युवतियां भी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की गंभीरता को लेकर समस्या का समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में चंद्रहास गौतम, राम सिंह, भोपाल सिंह एडवोकेट, जसवंत सिंह, पंकज गौतम, धर्मेंद्र सिंह, कृष्णा गौतम, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद ने जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र




जरूरतमंदों को वस्त्र बांटते सदस्य।

**सितारगंज :** भारत विकास परिषद की ओर से श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के प्रीतिदिन 5- भोजन थाली भंडारे में जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किये। परिषद की महिला संयोजिका सीमा सिंघल व श्री गुरु तेग बहादुर ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह ने कहा कि कोई भी भूखा न रहे और कोई भी कपड़ों के बगैर न रहे। अब भोजन के साथ साथ इन आवश्यकता कि वस्तुओं के लिए भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल, सरदार देवेंद्र सिंह, प्रांतीय मीडिया प्रभारी महेश मित्तल, सचिव अमित गोयल, कोषाध्यक्ष मनीष मित्तल आदि मौजूद रहे।

# महावारुणी गंगा स्नान की तैयारियां हुई तेज

▸▸ महोत्सव के लिए बनी कमेटी में जयंत अध्यक्ष और तापस महासचिव बनाए गए

संवाददाता, शक्तिफार्म



जयंत मंडल



तापस मिस्त्री

**अमृत विचार :** मतुआ अनुयायियों के आराध्य श्री श्री हरिचांद ठाकुर के 213वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरुग्राम में आयोजित होने वाले महावारुणी गंगा स्नान की तैयारी पूरी कर ली गई है। पांच से आठ अप्रैल तक चार दिवसीय महोत्सव के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें जयंत मंडल अध्यक्ष और तापस मिस्त्री महासचिव मनोनीत किए गए।

गुरुग्राम स्थित हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में छह अप्रैल शनिवार को मतुआ धर्म संस्थापक श्री श्री हरिचांद ठाकुर के जन्मोत्सव की तैयारियां अंतिम चरणों में हैं। मंदिर में रंग रोगन कर इसके परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बने कृत्रिम कामना सागर (तालाब) में होने वाले महावरूनी गंगा स्नान एवं चार दिवसीय महोत्सव की तैयारी के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें जयंत मंडल अध्यक्ष, रविंद्र विश्वास उपाध्यक्ष, तापस मिस्त्री महासचिव, गौतम मंडल उप सचिव, सुसेन विश्वास कोषाध्यक्ष अमित सरकार उपकोषाध्यक्ष और विजन राय ऑडिटर मनोनीत किए गए। इसके अतिरिक्त विधान दास, सुधांसु सिकदर, प्राण बढाई, जितेंद्र भुइया, संजीत खान, गोकुल विश्वास, श्रीकांत विश्वास, किरण बसु, निर्मल मंडल, दीपक सरकार, मणिशंकर, पूर्णेन्दु खान आदि संरक्षक मनोनीत किए गए। अध्यक्ष जयंत मंडल ने बताया कि पांच अप्रैल को अधिवास, छह अप्रैल की दोपहर 12 बजे महावरूनी गंगा स्नान के पश्चात भण्डारा, सात अप्रैल को हरिचाँद ठाकुर की जीवनी पर आधारित बांग्ला नाटक और आठ अप्रैल को धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम व शांति सभा आयोजित की जाएगी। महावारुणी के दौरान हजारों मतुआ अनुयायियों के पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# पीएम मोदी के संदेश से गदगद

संवाददाता, किच्छा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते भाजयुमो नेता विवेक दीप सिंह।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुद्रपुर आगमन पर किच्छा निवासी भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने उनका अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री की ओर से भेजे गए शुभकामना संदेश को लेकर पीएम मोदी का आभार जताया।

ज्ञात हो कि विगत माह भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के विवाह कार्यक्रम में तमाम वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने शिरकत की थी। विवाह कार्यक्रम को लेकर विवेक दीप सिंह द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निमंत्रण पत्र के जवाब में आने में असमर्थता व्यक्त कर भाजयुमो नेता विवेक दीप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी कृतिका सिंह को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाओं का पत्र प्रेषित किया था। पत्र के माध्यम से पीएम मोदी ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए शुभकामना संदेश दिया था। विगत दिवस रुद्रपुर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाजपा नेता सिंह ने दोनों हाथ जोड़कर शुभकामना संदेश को लेकर आभार जताया।

## आंगनबाड़ी केंद्र सरपुड़ा में अभिभावकों को किया जागरूक

**खटीमा :** आंगनबाड़ी केन्द्र में सरपुड़ा में चिकित्सकों द्वारा उपस्थित अभिभावकों को स्वास्थ्य, पोषण, साफ सफाई, आहार सहित किशोर किशोरियों में आने वाले बदलावों की जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निशुल्क दवा वितरित की गई। डॉ. शैलजा पांडेय के महिलाओं से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज और जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं को जन्मदोष और बीमारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जन्मदोष गुणसूत्र में गड़बड़ी, आयरन, फोलिक एसिड न लेने के कारण होता है। इस अवसर पर फार्मासिस्ट अनीता, नर्सिंग ऑफीसर निर्मला, भावना, रेखा उपस्थित रहे।




खटीमा के सरपुड़ा आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का स्वास्थ्य जांचतीं डॉ. शैलजा।

# हरे कृष्णा, हरे रामा से माहौल भक्तिमय

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर के आनंदखेड़ा में महानाम संकीर्तन करती कीर्तन मंडली। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखंड चैतन्य महाप्रभु नाम संकीर्तन श्री राधा-कृष्ण मंदिर आनंदखेड़ा में जिले के अलावा अन्य प्रदेशों से आईं कीर्तन मंडलियों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, हरे रामा, हरे रामा, हरे हरे... के स्वर से माहौल भक्तिमय हो गया। गुरुवार को प्रातः 6 बजे विधिवत समापन होगा। इस दौरान अटूट भंडारा चलता रहा। इस मौके पर पुजारी अनिरुद्ध दास, अमरेश चक्रवर्ती, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, लखीकान्त मुखर्जी, प्रदीप मालंगी, प्रदीप हालदार आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी हरीश धर्मशक्तू को पत्नी शोक

**गूलरभोज :** समाजसेवी हरीश धर्मशक्तू की धर्मपत्नी पार्वती देवी धर्मशक्तू (45) का बुधवार प्रातः 8 बजे उनके निवास दलीपनगर में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह अपने पीछे दो पुत्र लोकेश धर्मशक्तू व प्रियांशु धर्मशक्तू व परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गई। उनकी अंत्येष्टि गुरुवार को प्रातः 9 बजे चित्रशिला घाट रानीबाग (काठगोदाम) में होगी। उनके निवास दलीपनगर में शोक व्यक्त करने वालों का ताता लग गया। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, समाजसेवी हीरा जंगपांगी, प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, कुंदन सिंह धर्मशक्तू, बलवंत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, सुरेंद्र मार्तोलिया, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू आदि लोग मौजूद थे।

# संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट हो जाएं : ईश्वरी

▸▸ राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक

संवाददाता, गदरपुर



सनातन धर्म मंदिर में प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक करते कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पांच अप्रैल से कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बुधवार को श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के केंद्रीय सह संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद ने की। बैठक को संबोधित कर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के केंद्रीय सह संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद ने बताया कि देश भर में केंद्रीय पदाधिकारियों के प्रवास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया पांच जून से नगर में राष्ट्रीय बजरंग दल हिन्दू साथी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें युवाओं में राष्ट्र भक्ति के संस्कार का अलावा चरित्र निर्माण के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यकर्ताओं को संबोधित कर क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुभाष जोशी ने कहा कार्यकर्ता संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए एकजुट हो जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने साथ जोड़ें।

संचालन जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी ने किया। इस मौके पर जिला महामंत्री विशाल गुंबर, निपुण गगनेजा, राजेंद्र चावला, अमित सेतिया हरीश रल्हन, संदीप कंबोज, सर्वेश सैनी, विपुल प्रजापति सहित काफी संख्या में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आधुनिक और बेहतर शिक्षा पर दिया जोर

**रुद्रपुर :** डीपीएस स्कूल ने आठवां ग्रेजुएशन स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। मॉरीशस के उच्चायुक्त सहित संभ्रांत लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की और आधुनिक व बेहतर शिक्षा को लेकर चर्चा की। इसमें बच्चों की आधुनिक शिक्षा पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्यमी राज किशोर गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सेशेल्स की राजदूत ललाटियाना एकाचे, मॉरीशस के उच्चायुक्त एच डिलम, डॉ. गौरव गुप्ता संस्थापक अध्यक्ष वैश्विक व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद भारत, माइक्रो फाइनेंस के एमडी आशु अग्रवाल, मनोज गुप्ता, नगर आयुक्त नगर निगम नरेश दुर्गापाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी और विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने दीप जलाकर किया।

## वर्ग पहेली-29

**बाएं से दाएं**

3.1. जिसपर पूर्ण रूप से प्रभाव पड़ा हो 2. तर-बतर, लतपथ 3. भीगा, गीला 4. अभिभूत, ओतप्रोत, अभिपन्न।

5. रास्ते का खाना और ख़र्च, मार्ग व्यय, पाथेय।

6.1. आधारस्वरूप 2. जड़ से संबंध रखने वाला 3. बिलकुल प्रारंभिक 4. नींव या बुनियाद के रूप में होने वाला।

9.1. गली, मार्ग 2. चित्रशाला 3. चित्रों की पंक्ति 4. चित्रांकित दीवार या पट्ट।

10.1. सिर या किसी अंग का बाल साफ़ करना, मूंड़ा जाना 3. ठगा जाना।

**ऊपर से नीचे**


1.1. एक प्रकार का आभूषण जो बांह में पहनते हैं, बाज़ूबंद, केयूर 2. कवच 3. ज़िरहबख़्तर।

2.1. औषधियों से बना वह गाढ़ा और चिकना लेप जो घाव आदि पर लगाया जाता है 2. घाव की दवा। (मु.) -लगाना : राहत पहुंचाना।

4.1. रज़ामंद होने की अवस्था या भाव, राज़ी-ख़ुशी, सहमति 2. स्वीकृति, मंज़ूरी।

7.1. हाथी के पांव को बांधने का सिक्कड़, आंदू 2. बेड़ी।

8.1. पोई नामक पौधा 2. पोई नामक पौधे की पत्ती।




### वर्ग पहेली -28 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 चा | ब | |
| 2 सू | झ | बू | 3 झ | | | 4 उ |
| | | | 5 प | ढ़ा | लि | खा |
| | 6 शं | 7 सि | का | | | ड़ |
| 8 कं | | ल | | 9 मै | | प |
| था | | हि | | थि | | छा |
| | 10 को | ला | ह | ल | | ड़ |

## सुडोकू -108

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

### सुडोकू -107 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 16.14 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 20.12 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दूसरों की निंदा करने से बचें। जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर रखें। व्यवसाय में नए ऑर्डर मिल सकते हैं, जो आपके लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं।

**वृष** — आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। संतान की गतिविधि से आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के सहकर्मियों के साथ परेशानी होगी।

**मिथुन** — आज परिवार का सहयोग न मिलने से कुछ काम रुक सकते हैं। बड़े भाई-बहनों को लेकर परेशानी होगी। भावुक होकर कोई बड़ा निर्णय न लें। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए। अपनी दिनचर्या को असंतुलित न होने दें।

**कर्क** — आज अनावश्यक चिंता न करें। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। आप भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। आप समझदारी से उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको शिक्षा में काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह** — आज राजनीतिक व्यक्तियों को मान-सम्मान मिलेगा। सूझ-बूझ के साथ मामलों को सुलझा लेंगे। नजदीकी मित्र आपका काफी अच्छा सहयोग करेंगे जिसके कारण आप तनाव मुक्त महसूस कर सकते हैं।

**कन्या** — आज दांपत्य संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। खानपान में लापरवाही न करें। वाणी में संयम अवश्य रखें। अनचाही यात्रा करने से आपको बचना चाहिए। अपरिचित लोगों के कारण नुकसान हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बढ़ेगा।

**तुला** — आज माता से सलाह लेना आपके लिए लाभकारी होगा। विवाहेतर संबंधों से स्वयं को दूर रखें। महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज नए संपर्कों का लाभ उठाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन के लिए जा सकते हैं। आप काफी सहज महसूस करेंगे। व्यापार में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**धनु** — आज जॉब में आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। वैवाहिक संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। मानसिक दबाव से छुटकारा मिलेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है।

**मकर** — आज प्रियजनों के साथ हास्य-विनोद में शाम बिताएंगे। व्यापार की प्रगति से हर्षित होंगे। परीक्षा परिणामों में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार का माहौल सौहार्दपूर्ण रहने वाला है। जॉब में उच्च पद मिल सकता है।

**कुंभ** — आज पुरानी यादों को लेकर मन व्यथित होगा जिसके कारण आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें। दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित रहेगी। वाणी में कटुता के कारण रिश्तों में दरार आ सकती है।

**मीन** — आज मूल्यवान वस्तु उपहार में मिल सकती है। आप परेशान लोगों की मदद करने की कोशिश करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर रहेंगे। व्यवसाय में आपकी आय में बढ़ोतरी होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा — दोपहर : 12.00
मजाल — रात : 07.00

&pictures
धड़क — सुबह : 10.54
साइलेंस ... — रात : 08.00

SONY PIX
लाइफ — सुबह : 11.25
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
क्रांति — सुबह : 08.45
बीवी हो तो ऐसी — रात : 07.20

colors CINEPLEX
कल हो न हो — सुबह : 07.57
फिर हेरा फेरी — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टकला बीवी से पूछता है- कैसा लग रहा हूं?
बीवी- अजी छोड़ो भी
टकला- अरे बता ना
बीवी- अजी रहने दो अब मैं क्या बताऊं
टकला - अरे बता भी तुझे मेरी कसम अरे बता भी तुझे मेरी कसम
बीवी - ऐसे लग रहे हो जैसे फटे हुए मौजे से अंगूठा बाहर निकल आया हो।

बैंक मैनेजर- ये कैसे हस्ताक्षर हैं?
संजू- यह हस्ताक्षर मेरी दादी के हैं
बैंक मैनेजर- ऐसे अजीब हस्ताक्षर? नाम क्या है उनका?
संजू- जलेबी बाई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रं सराजकम्॥

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को भी मारे या न मारे, मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# श्रमिकों की सुरक्षा

गाजा में चल रहे युद्ध के बीच इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है। इजराइल में प्रशिक्षित मजदूरों की कमी का सामना कर रहे निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के मकसद से भारत के 60 से ज्यादा कामगारों का पहला जत्था इजराइल पहुंच गया है। आने वाले दिनों में और भारतीयों को इजराइल रवाना किया जाएगा। लगभग नौ मिलियन लोगों का देश इजराइल कृषि, निर्माण और देखभाल जैसे क्षेत्रों में विदेशी श्रम पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इजराइल-हमास युद्ध के बीच यह आवश्यकता और भी जरूरी हो गई है जिसमें 7 अक्टूबर से गाजा में लगभग 27,000 लोग और इजराइल में लगभग 1200 लोग मारे गए हैं। श्रमिकों की कमी ने इजराइल के निर्माण उद्योग को विशेष रूप से बड़ा झटका दिया है। फलस्तीनी केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार युद्ध से पहले इजराइल में काम करने वाले 150,000 से अधिक फलस्तीनियों में से दो-तिहाई निर्माण कार्य में थे। निर्माण श्रमिकों की कमी इतनी गंभीर है कि अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के लगभग आधे निर्माण स्थल अब बंद हो गए हैं। इसके बाद वहां कामगार संकट के मद्देनजर इजराइल व भारत की सरकारों (जी 2 जी) के बीच हुए समझौते के तहत श्रमिक इजराइल गए हैं। अभी 10 हजार कामगारों को भी जल्द ही भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

इस बीच विपक्षी दल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि युद्ध प्रभावित इजराइल में नौकरियों के लिए भर्ती अभियान दर्शाता है कि देश बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और गरीबी के दौर से गुजर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का वर्ष 2024 में बेरोजगारी में वैश्विक वृद्धि का पूर्वानुमान है। वास्तव में दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत अपने लोगों के लिए, नौकरियां प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है। युद्ध लंबा चलने की स्थिति में भारतीय मजदूरों को इजराइल भेजने का प्रस्ताव इस तथ्य को स्थापित करेगा कि मौजूदा सरकार में रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में गंभीरता की कमी है। उधर ट्रेड यूनियन उत्प्रवास अधिनियम के उल्लंघन का हवाला देते हुए श्रम संगठन इस रोजगार अभियान को चुनौती दे रहे हैं। भारत से गए श्रमिकों को 1.37 लाख रुपये (6,100 इजरायली शेकेल) का मासिक वेतन देने का वादा किया गया है। आवश्यकता है कि इजराइल में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर विचार करते हुए मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल और आकस्मिक योजनाएं स्थापित करके भेजे गए श्रमिकों की सुरक्षा एवं उनके हित को प्राथमिकता दें। आजीविका के लिए जान जोखिम में डालने वाले श्रमिकों की सुरक्षा हमारे लिए प्रमुख चिंता का विषय है।

# आखिर अधिसंख्य लोग क्यों वोट नहीं डालते



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं।**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 18 वीं लोकसभा को चुनने का उत्सव शुरू हो चुका है। यह एक चिंता की बात है कि लोकतंत्र का मूल आधार जो 'लोक' है,वह लगभग एक तिहाई वोट डालने ही नहीं आता। गणित के नजरिए से देखें तो देश की सत्ता संभालने वाला दल कभी भी बहुमत आबादी का प्रतिनिधित्व करता नहीं। जानकर अचंभा होगा कि अभी तक 10 बार केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी,लेकिन किसी भी बार सत्ताधारी दल को पचास फीसदी वोट नहीं मिले।

2019 के चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या लगभग 91 करोड़ थी। मतदान हुआ 97.4फी सदी। सबसे बड़े दल बीजेपी को इसमें से मिले 37.7 फीसदी वोट अर्थात् कुल पंजीकृत मतदाताओं का महज 30 फीसदी। भला हो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का वरना पहले गलत तरीके से मतदान के कारण देशभर में इतने वोट तो अवैध होते थे जिनकी संख्या दो लोकसभा क्षेत्रों के बराबर होती थी। हालांकि अब 'कोई भी पसंद नहीं' अर्थात् नोटा है।

यह विचारणीय है कि क्या वोट न डालने वाले 33 फीसदी लोगों की निगाह में चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार या मौजूदा चुनाव व्यवस्था नालायक थी या फिर वे मतदान से सरकार चुनने की प्रक्रिया के प्रति उदासीन हैं? जिन परिणामों को राजनैतिक दल जनमत की आवाज कहते रहे हैं,वास्तव में वह बहुसंख्यक मतदाता की गैरभागीदारी का परिणाम होता है। जब कभी मतदान कम होने की बात होती है तो प्रशासन व राजनैतिक दल अधिक गर्मी या सर्दी होने, छुट्टी न होने जैसे कारण गिनाने लगते हैं।

यदि पिछले आंकड़ों को देखें तो अभी तक छह बार मतदान 60 फीसदी के पार गया है जिसमें बीते दो चुनाव- 2014 में 66.44 और 2019 में 67.40 के अलावा लोकतंत्र कि रक्षा के लिए लड़ा गया 1977 का चुनाव है जिसमें 60.49 फीसदी वोट पड़ा। फिर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश की एकता-अखंडता पर खतरा दिखा और 64.1 प्रतिशत वोट देने निकले। उसके बाद बोफोर्स का हाल हुआ और मतदान 61.96 हुआ। फिर 1998 में बदलाव



के लिए वोट देने वाले 61.97 फीसदी रहे। 16 वीं लोकसभा के चुनाव के वक्त भी आम लोग महंगाई,भ्रष्टाचार से हलाकांत थे सो मतदान का प्रतिशत तब तक का सर्वाधिक रहा। ये आंकड़े बताते हैं कि जब देश की जनता को अपने गुस्से का इजहार करना होता या चुनाव असली मुद्दों पर लड़ा जाता है तो वह वोट डालने जरूर आती है।

मूल सवाल यह है कि आखिर इतने सारे लोग वोट क्यों नहीं डालते हैं? सर्वाधिक पढ़ा-लिखा, संपन्न और धनाढ्य,जागरूक और सक्रिय कहा जाने वाला देश की राजधानी का दक्षिणी इलाका हो या सटे हुए गाजियाबाद व गुरुग्राम के बहुमंजिला अपार्टमेंट,सबसे कम मतदान यहीं होता है। यही नहीं देश के सर्वाधिक साक्षर राज्य के 'देश के पहले पूर्ण साक्षर जिले' एर्नाकुलम में महज 46 फीसदी लोग ही मतदान केंद्र तक आए। यह विचारणीय है कि पढ़े-लिखे लोगों को राजनीतिक दल और सरकार के अधिक मतदान के अभियान आकर्षित क्यों नहीं कर पाते? ऐसा तो नहीं कि यह वर्ग मानता है कि राजनीतिक दलों के लिए चुनाव महज सत्ता हड़पने का साधन व इसमें जनता साध्य मात्र हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े स्तर पर वैचारिक प्रतिबद्धता से पड़े हुए दल-बदल भी लोगों का मतदान के प्रति मन खट्टा करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है,जो कि कहते हैं कि नागनाथ और सांपनाथ में से किसी एक को चुनने बेहतर है कि किसी को भी मत चुनो। 'कोई नृप हो हमें का हानि' या 'हमारे एक वोट से क्या होना है' या फिर 'वोट देने पर हमें क्या मिलेगा? कुछ नहीं! फिर हम अपना समय क्यों खर्च करें?'ऐसा कहने वालों की भी बड़ी संख्या है। मतदाताओं की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो रही है। इसकी तुलना में नए मतदाता केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ी है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना जटिल है और उससे भी कठिन है अपना मतदाता पहचान पत्र पाना। उसके बाद चुनाव के लिए पहले अपने नाम की पर्ची जुटाओ,फिर उसे मतदान केंद्र में बैठे एक कर्मचारी को देकर एक कागज पर दस्तखत या अंगूठा लगाओ। फिर एक कर्मचारी आपकी अंगुली पर स्याही लगाएगा। एक कर्मचारी ईवीएम शुरू करेगा,उसके बाद आप बटन दबाकर वोट डालेंगे। वीवीपेट के कारण सात सेकेंड मतदाता इंतजार करेगा। पूरी प्रक्रिया में दो-तीन मिनट लग जाते हैं। प्रत्येक मतदाता केंद्र पर एक हजार से अधिक व कहीं-कहीं दो हजार तक मतदाता हैं। यदि एक मतदाता पर दो मिनट का समय आंके तो एक घंटे में अधिकतम 30 मतदाता होंगे। इसके चलते मतदाता केंद्रों के बाहर लंबी-लंबी लाईनें लग जाती हैं। देश में 40 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे हैं,जो कि 'रोज कुआं खेद कर रोज पानी पीते' हैं। यदि वे महज वोट डालने के लिए लाइन में लगकर समय लगाएंगे तो दिहाड़ी मारी जाएगी और शाम को घर का चूल्हा नहीं जल पाएगा।

मतदान कम होने का एक कारण देश के बहुत से इलाकों में बड़ी संख्या में महिलाओं का घर से न निकलना भी है। महिलाओं के लिए निर्वाचन में आरक्षण की मांग कर रहे संगठन महिलाओं का मतदान बढ़ाने के तरीकों पर न तो बात करते हैं और न ही प्रयास। इसके अलावा जेल में कैद विचाराधीन कैदियों और अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनकी देखभाल में लगे लोगों,चुनाव व्यवस्था में लगे कर्मचारियों,किन्हीं कारणों से सफर कर रहे लोग,सुरक्षाकर्मियों व सीमा पर तैनात जवानों के लिए मतदान की माकूल व्यवस्था नहीं है। इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास होती है। हालांकि अब बुजुर्ग और कई आने श्रेणियों के लिए डाक मतदान और घर जा कर वोट डलवाने की योजना आई है,लेकिन यह निहायत राजनीतिक दलों के हितों के अनुरूप चुनिंदा लोगों तक ही सीमित है। कुछ सालों पहले चुनाव आयोग ने सभी राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक में प्रतिपत्र मतदान का प्रस्ताव रखा था। इस प्रक्रिया में मतदाता अपने किसी प्रतिनिधि को मतदान के लिए अधिकृत कर सकता है। इस व्यवस्था के लिए जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता में संशोधन करना जरूरी है। संसद में बहस का आश्वासन देकर उक्त अहम मसले को टाल दिया गया।

यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं। यानी जीतने वाला क्षेत्र का नहीं,किसी जाति या धर्म का प्रतिनिधि होता है। यह चुनाव लूटने के हथकंडे इस लिए कारगर हैं,क्योंकि हमारे यहां चाहे एक वोट से जीतो या पांच लाख वोट से,दोनों के ही सदन में अधिकार बराबर होते हैं। यदि कुल मतदान और जीत के अंतर के हिसाब से इलाके की जन सुविधा,मंत्री बनाना आदि तय होने लगे तो प्रतिनिधि न केवल मतदाता सूची में लोगों के नाम जुड़वाएंगे, बल्कि अधिक मतदान के लिए प्रेरित भी करेंगे।

राजनैतिक दल कभी नहीं चाहेंगे कि मतदान अधिक हो,क्योंकि इसमें उनके सीमित वोट-बैंक के अल्पमत होने का खतरा बढ़ जाता है। कोई भी दल चुनाव के पहले घर-घर जाकर मतदाता सूची के नवीनीकरण का कार्य करता नहीं और बीएलओ पहले से ही कई जिम्मेदारियों में दबे सरकारी कर्मचारी होते हैं। हमारा लोकतंत्र भी एक ऐसे अपेक्षाकृत आदर्श चुनाव प्रणाली की बाट जोह रहा हैं जिसमें कम से कम सभी मतदाताओं का पंजीयन हो और मतदान तो ठीक तरीके से होना सुनिश्चित हो सके।

## प्रसंगवश

# धर्म और धर्म संस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं

कार्ल मार्क्स ने अपने देशकाल में कहा था कि धर्म अफीम है। सुस्त बनाता है,अकर्मण्य बनाता है। वैसे ही जैसे अफीम के नशे में आदमी सुस्त और प्रमाद में डूब जाता है। स्पष्ट है कि लेनिन ने अकेला यह वाक्य तो कहा नहीं होगा,इसके आगे-पीछे और वाक्य भी होंगे। वह अवतरण भी होगा,पूरा वक्तव्य भी होगा और उस वक्तव्य का समग्र परिवेश भी होगा।

समग्र परिवेश से विच्छिन्न करके वाक्य का वही अर्थ नहीं रह पाता,जो वक्ता का अभीष्ट था। देशकाल से विच्छिन्न करके इस वाक्य को नए- नए मुल्लाओं ने शाश्वत समझ लिया, जैसे वह किसी धर्मग्रंथ का वाक्य हो और आस्था-विश्वास के कारण उस पर सवाल उठाना अधर्मी,नास्तिक या काफिर बन जाने जैसा हो तो उन लोगों ने इस अफीम के नशे से दूर रहने का उपदेश किया। सेक्यूलर स्टेट की बात थी कि राज्य किसी एक पंथ या मजहब को स्वीकार नहीं करेगा,सर्वधर्म समभाव के सिद्धांत का अनुसरण करेगा,लेकिन उन लोगों ने कमर कस ली कि वे व्यक्ति व्यक्ति के स्तर तक धर्मनिरपेक्षता या उनके अनुसार नास्तिकता को लागू करके ही दम लेंगे। उन लोगों का सत्ता के सूत्र से तो संबंध था,किसी न किसी पद पर विराजमान थे, लेकिन लोकजीवन से उनका संपर्क बन ही नहीं सका ताकि अपने सिद्धांत को लेकर लोगों से विमर्श कर सकें। अपनी बात समझा सकें और दूसरों की बात समझ सकें। बस एक ही रट थी कि धर्म अवैज्ञानिक है। वे समझ रहे थे कि उनकी किताबें हैं तो लोग उनको महापुरुष समझेंगे। उनके तर्कों को अकाट्य मान लेंगे। धर्म के व्यापक रूप का अध्ययन वे करते भी क्यों? वे तो सब कुछ जान चुके थे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिणाम यह हुआ कि निहित-स्वार्थ के द्वारा धर्म की जो कुत्सित व्याख्या हो रही थी,वह और भी अधिक तेजी के साथ होने लगी। धर्म और धर्मसंस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं। कृष्ण ने इन्द्र पूजा को चुनौती क्यों दी थी? बुद्ध और महावीर ने,क्यों धर्म की अभिनव व्याख्या की? कबीर, नानक ने उन रूढ़ियों को क्यों चुनौती दी? क्यों खड़े हुए? सूफी संतों ने शरीयत पर सवाल क्यों खड़ा कर दिया? दयानंद, विवेकानंद, अरविंद और महात्मा गांधी ने धर्म की व्याख्या क्यों की? ये बातें उनके कोर्स में ही नहीं थीं। परिणाम धर्म का मंच उन लोगों के पास चला गया अथवा चला जाने दिया गया, जो अपने धर्मग्रंथ को भी पढ़ पाने की योग्यता से वंचित हैं। कैसे-कैसे स्वामी, मठाधीश, महंत, भगवान, बापू, अवतार, रहीमराम टाइप गुरु उग आए। शास्त्र के ऐसे-ऐसे व्याख्याता, सामने आए, जो शुद्ध उच्चारण भी नहीं कर सकते। रसगुल्ला खाओ, कृपा आना शुरू हो जाएगा। कोटि-कोटि प्रणाम। अंधे अंधा ठेलिया दोनों कूप पड़ंत। दोनों ओर अतिवाद है। मरकजी मौलाना कह रहा था न। मौलाना ही क्या? बाकी जगहों पर भी हाल वैसा ही है। देश में ही नहीं। संसार में,धर्म के नाम पर धर्मसंस्थाओं का बोलबाला है। कुछ खलीफाओं ने तो धर्म को आतंक ही बना दिया है। नीम-हकीम खतरे जान, नीम मुल्ला खतरे ईमान। विश्व धर्मसंसद बैठे और कहे कि यह धर्म की कुत्सित व्याख्या है। यह अधर्म है। धर्म मनुष्यता है। दया,करुणा धर्म हैं। धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो। विश्व का कल्याण हो।

धर्म और धर्म-संस्था अथवा धर्म के तंत्र के अंतर को जानना आवश्यक है। दोनों में आकाश-पाताल का अंतर है। विश्व के किसी धर्म-पंथ को देख लीजिए। वैभव के बीच महलों में रहने वाला पोप ईसा मसीह का प्रतिनिधि कैसे हो सकता है? क्या सामान्य मुल्ला मुहम्मद साहब के विवेक का प्रवक्ता माना जा सकता है?

क्या सामान्य ग्रंथी गुरु नानक या गुरु तेग बहादुर अथवा गुरु गोविंद सिंह जैसा है? क्या सामान्य जैनमुनि को महावीर वर्धमान माना जा सकता है? क्या महास्थविर को महात्मा बुद्ध कह सकते हैं? क्या शंकर-पीठ का महंत आदिशंकराचार्य की प्रतिमूर्ति है? ईसा मसीह और पोप का अंतर बुद्ध और महास्थविर का अंतर, महावीर और मुनि का अंतर, मुहम्मद साहब और मुल्ला का अंतर, गुरु नानक और ग्रंथी का अंतर, कबीर और कबीरमठ के महंत का अंतर, आदिशंकराचार्य और पीठस्थ महंत का अंतर धर्म और धर्म के तंत्र का अंतर है। एक धर्म है और दूसरा धर्मसंस्था?

# राजनीति में पांव जमाने को पैसा बड़ी शर्त

राजनीति में पांव जमाने के लिए पैसा सबसे बड़ी शर्त है। इसमें धन बल के साथ दबंग छवि भी अब जरूरी लगती। देश में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में सरकार का संचालन जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा होता है। किसी भी सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव आवश्यक है। यदि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता रहेगी,तभी राष्ट्र मजबूत होगा।

संविधान निर्माताओं का यही मानना था इसीलिए बहुत सारे ऐसे प्रावधान किए गए हैं,जो लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। आम नागरिक भी इसी बात से वास्ता रखता है,परंतु राजनीति के गिरते स्तर पर ही नहीं,लोकतंत्र के निर्वहन में ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है। संविधान ने इस संस्था को पूर्ण अधिकार दिए हैं ताकि यह निष्पक्ष चुनाव करा कर लोकतंत्र को जीवित रख सके। कहा जा सकता है कि संविधान का अनुच्छेद 324 निर्भय और निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने हेतु चुनाव आयोग के लिए कुंड के समान है, जो इस संस्था को तमाम अधिकारों से संपन्न कर मजबूती प्रदान करता है,परंतु बहुधा देखा जाता है कि सशस्त्र बलों की तैनाती के बावजूद पोलिंग बूथ पर बाहुबल का प्रयोग और बाहरी तत्वों का अवैधानिक हस्तक्षेप रहता है,जो निःसंदेह संविधान की आत्मा को कुरेदने वाली गतिविधियां हैं।

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे,भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद और लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे लोगों का



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

**मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं।**

जमाना तो अब रहा नहीं कि तनख्वाह भी पूरी नहीं लेंगे,सादा खाना खाएंगे,अपने टिकट पर यात्रा करेंगे और रात को तख्त के बिस्तर पर सो जाएंगे। आज तो ऐसा नेता निरा बेवकूफ कहलाएगा। अपने ही घर में उसकी कोई कद्र नहीं होगी। बाहर तो पूछिए मत। सबसे बड़ी बात,राजनीति में प्रवेश करने के लिए कोई निर्धारित शैक्षिक योग्यता नहीं। अक्षर ज्ञान ही काफी है। आपराधिक चरित्र हो तो भी चलेगा, बल्कि अच्छा दौड़ लेगा।

अपने कार्यकाल में अकूत संपति जमा करके ये आने वाली कई पुश्तों का भलाकर जाते हैं। वोट मांगने तो आते हैं,उसके बाद पांच साल तक नजर नहीं आते। क्या कभी देखा उस नेता को दोबारा पैदल चलते हुए,जो आपके घर-आंगन में वोट मांगने पैदल चलकर आया था? काले शीशे वाली गाड़ियों में जब इनकी सवारी निकलती है तो आप पहचान भी नहीं पाएंगे। पहचान भी गए तो रोकने या बात करने की हिम्मत नहीं कर पाएंगे। घोषणापत्र के जो पर्चे घर घर बांट जाते हैं,वह बाद में किसे याद रहते हैं। हां बेवकूफ सी जनता जरूर इन्हें दराज या अलमारी में संभाल कर रखती है कि जब नेताजी जीत जाएंगे तो यह सारे वादे पूरे करेंगे और अगर नहीं करें तो उन्हें यह पर्चे दिखाएंगे। जनता पांच साल किसी तरह इंतजार करती है और सत्ता परिवर्तन का सपना देखती है। उसे लगता है कि लोकतंत्र में पांच साल बाद दूसरी लहर आएगी और सत्ता बदल जाएगी जो उसकी दुखती रगो का इलाज करेगी। मगर नामभर के लिए सत्ता जरूर बदल जाती है,पर शासकीय कार्य प्रणाली वही रह जाती है। उनका आचार व्यवहार पहले वालों से इतना मिलता है कि यकीन मानिए कुछ भी नहीं बदलता।

जनता पांच साल के लिए फिर निरीहता का आवरण ढक लेती है और ये सत्ता के सुघड़ दावेदार कछुए के मानिंद अपने सुरक्षा कवच के भीतर अगले पांच साल के लिए सबकी नजरों से दूर सुरक्षित। अपवाद हर जगह होते हैं। राजनीति में भी हैं। कुछ कर्मठ राजनीतिज्ञ जनता के बीच रहने वाले,उसके दुख दर्द को समझने वाले भी आपको इन्हीं लोगों के बीच में मिल जाएंगे पर बेहद कम। जिन राजनेताओं को जनता सिर माथे पर बैठाती है, माई बाप समझती है, उनका गैर जिम्मेदाराना व्यवहार समझ नहीं आता।

क्या आपको आता है? तमाम वादे और दावे कर वोटरों को लुभाया जाता है और चुनाव के बाद वही ढाक के तीन पात आखिर मतदाता होने पर गर्व कैसे महसूस करे कोई नागरिक? उम्मीद है कि हम आगामी लोकसभा चुनाव में बुद्धि और विवेक से अपने मतदान का प्रयोग करेंगे और चुनी गई सत्ता के द्वारा वायदे पूरे न होने पर सवाल करने में भी पीछे नहीं हटेंगे। इसी में लोकतंत्र का सार निहित है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान और नियम से ऊपर उठे लोग

फलों के भंडारण और ट्रांसपोर्ट के सेक्टर में क्रांति आ चुकी है। बिक्री के वास्ते पूरा संसार फल के ठेलों पर मुहैया है। ब्राजील का आम,चीन का ड्रैगन फ्रूट,न्यूजीलैंड की किवी, इंग्लैंड की स्ट्रॉबेरी। साल के किसी भी महीने कोई भी फल खाया जा सकता है।

एक जमाना था कि दांत में बीज न फंसता तो अमरूद का सड़ा निकलना तय हुआ करता था। अब फोम की जाली लगा अमरूद आता है। उसमें बीज ही नहीं होता और मीठा इस कदर कि कई दफा शक होने लगता है कि अमरूद के नाम पर कोई फिरंगी फल खरीद लाए हैं। इस वाले अमरूद ने कौड़ियों के दाम मिल जाने वाले उस नितांत स्थानीय फल की मिट्टी पलीद कर दी है जिसके बारे में ज्ञानरंजन और मार्केज कहानियां और वीरेन डंगवाल कविताएं लिखा करते थे। सेबों को चमकाने में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला मोम इस्तेमाल किया जाता है।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

चाकू से उसे खुरचे जाने वाला वीडियो सबने कम से कम एक बार जरूर देखा होगा,लेकिन सेब के बाजार में सबसे सनसनीखेज चीज है सेबों पर लगे स्टिकर। थोड़ी सी रिसर्च की तो पाया इनको लेकर कड़े अंतर्राष्ट्रीय मानक बने हुए हैं। इन स्टिकर्स पर बारकोड छपे होने चाहिए और वह भी अलग-अलग तरीके के। उसे ऑर्गेनिक तरीके से उगाया गया है और उसकी जेनेटिक इंजीनियरिंग कर पाना संभव न हो तो बारकोड पांच संख्याओं का होगा और 9 से शुरू होगा। 8 से शुरू होने वाला बारकोड बताएगा कि सेब को ऑर्गेनिक तरीके से उगाया तो गया है,लेकिन उसकी जेनेटिक्स में कृत्रिम तरीके से सुधार किया हुआ है। चार अंकों वाले कोड बताते हैं कि फल को उगाने में पारंपरिक कीटनाशकों या केमिकल्स का इस्तेमाल हुआ है। इन स्टिकर्स की भी अलग-अलग किस्में हैं। इसके अलावा स्टिकर्स में लगने वाली सामग्री को बायो डिग्रेडेबल भी होना चाहिए।


हम विज्ञान और नियम से ऊपर उठे हुए लोग हैं। इसलिए दुनिया का कोई भी नियम हम पर लागू नहीं होता। बायो डिग्रेडेबल और ऑर्गेनिक-फॉर्गेनिक के चक्कर में हम पड़ते ही नहीं। हमने पहले से ही अपना स्टीकर तैयार कर रखा है-'बेस्ट क्वालिटी'। इस स्टिकर के चिपकाने भर से ही सारे पाप धुल जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# भयानक जल संकट की आहट

पानी का संकट साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है,जो क्षेत्र कुछ दशक पहले तक पानी से भरपूर थे,वहां से भी पानी के अभाव की खबरें मिलने लगी हैं। यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया की एक बड़ी आबादी पानी के संकट का सामना करेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ की एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वर्ष 2050 तक दुनिया भर में लगभग तीन अरब लोग ऐसे होंगे,जो पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे होंगे। अनुमान है कि इसकी सबसे ज्यादा मार भारत में ही पड़ेगी। हाल ही में आई उक्त रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने एक विस्तृत अध्ययन के बाद कहा है कि नदियां इतनी दूषित हो चुकी होंगी कि उन का पानी मानव और वन्य जीवों सभी के लिए ही 'असुरक्षित' हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु विज्ञान पर काम करने वाली समिति द्वारा जारी उक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि साल में कम से कम एक महीना ऐसा होता है जब दुनिया की लगभग आधी आबादी जल संकट का सामना करती है। रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती मांग और ग्लोबल वार्मिंग वैश्विक स्तर पर पानी की सप्लाई के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इसके साथ ही जल प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या है जिसके कारण जल संकट का खतरा और भी बढ़ता जा रहा है।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक


वैज्ञानिकों का मानना है कि अभी हमारे पास विकल्प हैं और स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। अतः हमें समय रहते स्थिति को शीघ्र सुधारने के लिए गंभीरता से प्रयास आरंभ कर देने चाहिए। पानी में नाइट्रोजन प्रदूषण को रोकने के विषय में वैज्ञानिकों का मानना है कि पानी की स्थिति को खराब होने से रोका जा सकता है और कुछ हद तक उसे बेहतर भी बनाया जा सकता है। इसके लिए ज्यादा सक्षम खाद का इस्तेमाल करना होगा और शाकाहार को प्रोत्साहित करना होगा तथा अधिकतर वैश्विक जनसंख्या को जल संसाधन की सुविधाओं से जोड़ना होगा। दुनियाभर में पानी का संकट विकराल रूप धारण करता जा रहा है। लगभग आठ अरब वाली हमारी प्यारी धरती पर लगातार जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है। परिणाम स्वरूप पानी की खपत भी बढ़ रही है।

अध्ययन बतलाते हैं कि फिलहाल कृषि क्षेत्र पानी की सबसे ज्यादा खपत करता है। विश्व में मौजूद मीठे जल का 70 फीसदी हिस्सा कृषि में खर्च होता है। पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भूजल का ज्यादा से ज्यादा दोहन हो रहा है। इसी कारण दुनियाभर के भूजल भंडार में हर साल 100-200 घन किलोमीटर की कमी आ रही है। यह बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण अब प्रतिवर्ष दुनिया के कुछ भाग बाढ़ का शिकार हो रहे हैं तो कुछ गंभीर सूखे का सामना कर रहे हैं।

तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने पर नमी सात फीसदी बढ़ती है। नमी बढ़ने का अर्थ है कि असमय तेज वर्षा,बाढ़,भूस्खलन,फसलों की बर्बादी और पेयजल का दूषित होना। स्पष्ट है कि आज एक भयानक जल संकट की आहट स्पष्ट सुनाई दे रही है। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए हम सभी का दायित्व है कि हम अपने और अपनी भावी पीढ़ियों के सुंदर और सुखमय भविष्य के लिए जल को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

# बुच्ची धारणाएं

लगभग दो हफ्ते गए,सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने भारतीय शेयर बाजार की महीनों चलती रैली पर अपना विचार दिया कि वह रैली,जो छोटी और मध्यम पूंजी की कंपनियों के स्टॉक्स के बाजार मूल्य में बेतहाशा बढ़त के चलते रही, एक बुलबुले की तरह है,जो कभी भी फूट जा सकता है। श्रीमती बुच के इस ऑब्जर्वेशन पर शेयर बाजार की भयानक प्रतिक्रिया देखी गई और स्टॉक्स के मूल्य मुंह के बल गिर गए। हजारों निवेशकों ने खरबों की पूंजी गंवा दी। लगने लगा कि विदेश में प्रवृत्त मंदी का असर भारत में भी आ फैला। ब्रिटिश अर्थशास्त्री जेएम केंस ने कहा था कि बड़े लोगों के कथन का बहुत गहरा प्रभाव होता है,तब जब वे सही बात कहें और तब भी जब कि वे गलत बात कह दें।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब श्रीमती बुच ठहरीं सेबी की चेयरपर्सन और सेबी है शेयर बाजार की नियामक संस्था। येषां निमेषणोन्मेषे जगतां प्रलयोदयौ (उनकी पलकें मुंदती तो फना होती है/पलकें खुलती तो चमन बन के निखरती दुनियां)। तो उनके कथन का गंभीर अर्थ लिया बाजार ने। बेतरीके की बिकवाली शुरू हुई। म्युचल फंड वालों की घिग्घी बंध गई। निवेशक पिट गए,हताश, लेकिन शेयर बाजार ने घायल नाग की तरह पलटवार हमला किया और फिर से जबर्दस्त तेजी लौट आई। अब श्रीमती बुच ने अपना बयान बदल लिया है। उन्होंने कहा है कि छोटे और मध्यम दर्जे की कंपनियां इतना अच्छा कर रही हैं कि विदेशी निवेशक उन पर लट्टू हैं। भारतीय पूंजी बाजार में वे जबर्दस्त निवेश कर रहे हैं। मतलब,यह रैली बुलबुला नहीं है। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि हालांकि विदेशी पूंजी अपने घर में आती हुई मंदी से डर गई है। अतः वह भारतीय शेयर बाजार में पनाह ले रही है।

काबिल-ए-गौर बात है कि विदेशी पूंजी भारत के उद्योगों में निवेश करने में रुचि नहीं ले रही है,परंतु भारत के शेयर बाजार में रुचि ले रही है। इसका अर्थ है कि विदेशी पूंजी वास्तविक विनियोग करने की मंशा नहीं रखती। उनकी रुचि अल्पकालीन है। उनकी रुचि भारत की विकासशीलता में न होकर केवल फायदा लूटने में है। मतलब यह भी है कि अगर उनके अपने देश की स्थिति में सुधार हुआ तो विदेशी पूंजी भारत को दगा देने में देर नहीं करेगी। यह स्थिति चिंतनीय है। यह भी मजेदार बात है कि बड़ी पूंजी वाली कंपनियों के स्टॉक्स सर झुकाए, नैनन में नीर लिए, गुमसुम खड़े हैं। यह भी भूलना नहीं है कि भारत में इलेक्शन होने वाला है। पूंजी बाजार से इसके गहरे ताल्लुकात हैं। मंदी का असर चुनाव पर पड़ेगा और भारत के भविष्य पर भी।

# मतदान के लिए समय पर सभी इंतजाम कर लें अधिकारी: तोमर

## जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में बनाए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में बनने वाले स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तय समय पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी तोमर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे और उन्होंने चुनावों के मद्देनजर यहां की जा रही सभी तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों से बैरिकेडिंग, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, मीडिया सेंटर, सुरक्षा आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। सीसीटीवी के नोडल अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को बिजली की आपूर्ति सुचारू रखने और पर्याप्त बैकअप रखने के निर्देश दिए। ताकि निर्वाचन से जुड़े किसी भी कार्य में किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया समेत अनेक अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



अल्मोड़ा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा में चुनाव का प्रशिक्षण प्राप्त करते चुनाव कार्मिक। ● अमृत विचार

## एक नजर

### ड्रेनेज सिस्टम के कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग

**अल्मोड़ा :** नगर में चल रहे ड्रेनेज सिस्टम के कार्य में हो रही देरी और मानकों के अनुरूप कार्य ना होने पर नगर के लोगों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। नगर के लोगों का एक शिष्टमंडल बुधवार को इस संबंध में पेयजल निर्माण निगम के अधिकारियों से मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर में लंबे समय से ड्रेनेज सिस्टम का कार्य चल रहा है। लेकिन निर्धारित अवधि पूरा होने के बाद भी अब तक कार्य अधूरा है। साथ ही निर्माण कार्य में काफी अनियमितता भी बरती जा रही है। जिस कारण नगर के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिष्टमंडल के सदस्यों ने विभाग के अधिकारियों से ड्रेनेज सिस्टम का कार्य शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है। शिष्टमंडल में विनय किरौला, विनोद तिवारी, मनोहर नेगी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### नए वोटरों को दिलाई शत प्रतिशत मतदान की शपथ

**चम्पावत :** जिले में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हर वर्ग एवं उम्र के मतदाताओं को यह एहसास कराया जा रहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आपकी एक वोट का कितना महत्व है। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के दिशा निर्देशन में गांव गांव घर घर ऐसे स्थान में भी वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है जहां पांच वोटर भी एक साथ बैठे हुए हैं, यानी हर स्थान में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय परिसर लोहाघाट में नित्य संचालित योग शिविर में शामिल सभी मतदाताओं को योग निदेशिका सोनिया आर्य द्वारा शपथ दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में हर परिवार के वोटरों को न केवल वोट देना है बल्कि अपने आसपास, नातेदार रिश्तेदारों परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करना है।

### बनबसा में अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

**बनबसा :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने तथा अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु बनबसा क्षेत्र में पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च निकाला। बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिह जगवाण और उप निरीक्षक संजय सिह धौनी के नेतृत्व में पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों के साथ ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने लोगों को चुनाव के दौरान कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, भय रहित मतदान करने, किसी भी प्रत्याशी/व्यक्ति द्वारा प्रलोभन देने तथा क्षेत्र में धनबल व मादक पदार्थों के वितरण की सूचना स्थानीय मजिस्ट्रेट व पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की भी अपील की गयी।

### सल्ट और द्वाराहाट के चुनाव कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसएसजे परिसर अल्मोड़ा के ऑडिटोरियम एवं उदयशंकर नृत्य अकादमी में मतदान कार्मिकों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिन मतदान कार्मिकों को मतदान एवं ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को उदयशंकर नृत्य अकादमी में विधानसभा सल्ट के 376 मतदान कार्मिकों तथा एसएसजे परिसर अल्मोड़ा के ऑडिटोरियम में विधानसभा द्वाराहाट के 328 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने, मशीनों को सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने व खोलने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान के लिए सामग्री प्राप्त करने के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्रवाई, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित संपूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उदयशंकर नृत्य अकादमी में डा. कपिल नयाल, विनोद राठौर व राजेश बिष्ट ने तथा एसएसजे परिसर के ऑडिटोरियम में हेम जोशी एवं अशोक कुमार ने चुनाव कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान स्थलों को देखा

**टनकपुर/ चम्पावत :** आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष,पारदर्शी, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने जनपद के विभिन्न मतदान केन्द्रों रौसाल, दशलेख, कुलौली, कायल, मानाढूंगा, निडिल आदि का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही बूथ में होने वाली सभी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत आवश्यकताओं पेयजल, स्वच्छता, शौचालय का जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप अब तक की गयी तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से निर्भीक एवं निडर होकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और कहा कि मतदान करना आप सबका संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया जाए। जिससे मतदान के समय किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा किa निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होती।




टनकपुर आईटीआई में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए दिलाई गई शपथ। ● अमृत विचार

### आईटीआई में छात्रों को दिलाई मतदान अवश्य करने की शपथ

**टनकपुर :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता एवं मतदाता शिक्षा को अभियान के रूप में संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित पूर्णानंद जोशी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अध्यनयनरत युवा मतदाताओं को शपथ दिलाई गयी तथा उन्हें 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप टीम ने युवा मतदाताओं से यह भी अपील की कि वह अपने आस पास रहने वाले बुजुर्ग और दिब्यांग मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए अपनी ओर से प्रेरित करें। टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूकता पोस्टर भी वितरित किए और उन्हें मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान प्राचार्य केएस कन्याल, अनुदेशक गिरीश जोशी, प्रकाश जोशी,मोहन चंद्र जोशी, पवन वर्मा, शांति महरा, निर्मला नेगी, शैली, प्रियका पाठक समीर, त्रिलोक सिंह, रेखा, सरिता, नवल किशोर ओली मौजूद रहे तथा स्वीप टीम में समन्वयक त्रिलोचन जोशी, विनोद गहतोड़ी, कल्पना आर्य आदि मौजूद रहे।

# रानीखेत में किताब कौतिक 10 मई से

संवाददाता, रानीखेत



तीन दिवसीय किताब कौतिक के आयोजन के लिए बैठक में मौजूद लोग।

**अमृत विचार :** पर्यटन नगरी रानीखेत में 10 से 12 मई तक 'किताब कौतिक' का अी आयोजन किया जाएगा। इसमें साठ प्रकाशकों की करीब सत्तर हजार पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा साहित्यिक विमर्श, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक संध्या सहित कई रोचक कार्यक्रम होंगे।

इस तीन दिवसीय आयोजन को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए छावनी परिषद बोर्ड कक्ष में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिसमें तीन दिनी कार्यक्रम निर्धारित किया गया। तय हुआ कि 10 मई को रानीखेत और आसपास के विद्यालयों में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग की जाएगी। 11 मई को मुख्य आयोजन का शुभारंभ छावनी परिषद बहुद्देशीय सभागार में होगा। जिसमें देशभर के करीब 60 पुस्तक प्रकाशकों के स्टाल्स लगेंगे। साहित्यिक परिचर्चा, प्रसिद्ध लेखकों से सीधी बात, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के लिए विज्ञान कोना, नेचर वाक, आमंत्रित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक संध्या, हस्त-शिल्प स्टाल्स, 12 मई को साहित्यिक सत्र में रानीखेत के गौरवशाली इतिहास और भविष्य पर चर्चा, कुमाऊं रेजिमेंट और सैन्य परम्परा पर चर्चा सहित अनेक समसामयिक विषयों पर विमर्श होगा।

इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन और की रोचक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 5 से 9 मई तक बाल प्रहरी के संपादक और साहित्यकार उदय किरौला द्वारा बच्चों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

# कैंची के दो बच्चों ने पाई सफलता

**गरमपानी :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय कैंची के दो मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया हैं। एक छात्र ने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास की है जिसकी दूसरे छात्र का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। मेधावियों की सफलता पर क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त की है। कैंची क्षेत्र में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्राइवेट विद्यालय को कड़ी टक्कर दे रहा है। विद्यालय में पांचवी कक्षा में अध्ययनरत मंयक चंद्र ने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा शानदार अंकों के साथ पास कर ली है जबकि धवल चंद्र ने इंस्पायर अवार्ड के लिए जगह बना ली है। धवल को प्रमाण पत्र के साथ ही दस हजार रुपये की नगद धनराशि भी दी गई है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ की जनसभा 12 को

- 6 अप्रैल को भाजपा के 44वें स्थापना दिवस की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया गया

संवाददाता, चम्पावत




चम्पावत में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर विचार विमर्श करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 अप्रैल को चम्पावत जिले में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। लोहाघाट रामलीला मैदान में होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर पार्टी ने कमर कस ली है। बुधवार को पार्टी के कार्यालय में जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा की अध्यक्षता और महामंत्री मुकेश कलखुडिया के संचालन में हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में 6 अप्रैल को होने वाले भाजपा के 44वें स्थापना दिवस की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया गया। लोकसभा सीट के सह प्रभारी दीपक महरा की मौजूदगी में हुई बैठक में 10 अप्रैल तक के कार्यक्रम तय किए गए। चम्पावत जिले की दोनों विधानसभा सीटों के सभी 344 बूथों पर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा। पार्टी ने अल्मोड़ा सीट के प्रत्याशी अजय टम्टा को अधिक से अधिक वोटों से जिताने के लिए काम करने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा लोहाघाट सीट के संयोजक व पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदत्त जोशी, चम्पावत विधानसभा सीट के संयोजक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट शंकर पांडे, प्रभारी मोहित पाठक, भाजपा के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पूरन, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, वरिष्ठ नेता गोविंद सामंत, पूर्व सभासद कैलाश पांडे, नंदन तड़ागी, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव पांडे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता मुरारी, जिला उपाध्यक्ष कैलाश अधिकारी,

मीडिया सह प्रभारी सूरज प्रहरी, मुकेश महराना, नगर मंडल अध्ण्क्ष सुनील पुनेठा, महामंत्री कृष्णानंद जोशी, कैलाश बोहरा, प्रकाश बिनवाल, सचिन जोशी, राकेश अधिकारी, तुलसी कुंवर, कमलेश भट्ट, विनोद पंत, कैलाश महरा सहित सभी 12 मंडलों के नेता मौजूद रहे।



नवोदय में चयनित बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# नवप्रभात स्कूल के तीन बच्चे नवोदय में चयनित

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** निकटवर्ती नव प्रभात पब्लिक हाईस्कूल बसभीड़ा के दो बच्चों के नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत में छठी कक्षा में चयन होने पर तमाम अभिभावकों और विद्यालय परिवार ने खुशी व्यक्त कर उन्हें बधाई दी है।

विद्यालय प्रबंधक किरन कुमार पांडेय ने बताया कि विद्यालय की छात्रा रितिका बौरा पुत्री खुशाल व नीतू बौरा ( छाना) तथा छात्र लोकेश कुमार पुत्र रामीराम व गंगा देवी ( ग्वाली) का नवोदय विद्यालय ताडीख़ेत में छठी कक्षा में चयन हुआ है।

विद्यालय में एक सम्मान समारोह में इन मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमल पांडेय व समस्त शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

# साढ़े तीन किलो गांजे के साथ दो तस्कर पकड़े

- तस्करी में प्रयुक्त बाइक सीज एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत भतरौंजखान पुलिस ने दो बाइक सवार व्यक्तियों को 3.965 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है। जबकि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ भतरौंजखान थाने में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार को भतरौंजखान पुलिस की टीम थानाध्यक्ष मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान कुमेरिया मोड़ के पास भतरौंजखान की ओर से आ रही बाइक संख्या यूके-19-ए-8329 को रोका गया। चेकिंग के दौरान बाइक में सवार अवनीश राजौरिया (25) पुत्र सुरेश कुमार राजौरिया निवासी ग्राम सोनी ताड़ीखेत, हाल निवासी ग्राम बसई चिल्किया टांडा, रामनगर व असलम (28) पुत्र तौफीक अहमद निवासी टांडा मल्लू, थाना रामनगर के पास दो अलग अलग पिट्ठू बैगों से 3.965 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वह अलग अलग गांवों से गांजा एकत्र कर उसे महंगे दामों में बेचने के लिए रामनगर की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया और तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि पकड़े गए गांजे की कीमत करीब एक लाख रुपये है। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, प्रकाश सिंह, नीरज पाल शामिल रहे।

## 7.38 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**टनकपुर :** पुलिस व एसएसबी टीम ने संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान शारदा नदी के बंधे पर से बाइक सवार लोकेंद्र बहादुर चन्द पुत्र राजेन्द्र बहादुर चन्द, निवासी ब्रह्मदेव, जिला कंचनपुर नेपाल को 7 .38 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में टनकपुर कोतवाली में धारा 08/21/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सीज कर दी गई है। संयुक्त अभियान में पुलिस के उप निरीक्षक नवल किशोर, एसएसबी के उप निरीक्षक अरुण कुमार, कांस्टेबल मोहम्मद नासिर, कांस्टेबल शाकिर अली, एसएसबी के एचसी जीडी ललित नियोग, कांस्टेबल जयपाल सिंह, रोशन कुमार, पवन कुमार शामिल रहे।



पुलिस व एसएसबी टीम की गिरफ्त में स्मैक के साथ पकड़ा गया नेपाली युवक।

# एनटीडी में आबादी तक पहुंची जंगल की आग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही अब पर्वतीय जिलों के जंगलों में आग लगने का सिलसिला तेजी से बढ़ता जा रहा है। हालात इस कदर बेकाबू हो जा रहे हैं कि कई बार जंगल की आग बसासत वाले इलाकों तक पहुंच जा रही है।

बुधवार को अल्मोड़ा नगर के एनटीडी क्षेत्र में जंगल की आग आबादी वाले इलाके तक पहुंच गई। संयोग से अग्निशमन विभाग का सेंटर नजदीक होने के कारण आग पर काबू पा लिया गया और नुकसान होने से बच गया। बुधवार की सुबह करीब दस बजे के आसपास एनटीडी के जंगल आग से धधकने लगे। आग ने धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर लिया और एनटीडी के बसासत वाले इलाकों तक पहुंच गई। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पास में ही स्थित अग्निशमन विभाग के सेंटर में इसकी जानकारी दी गई। जिसके बाद फायर की टीम मौके पर पहुंची। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचते ही आग बुझाने के लिए रेस्क्यू शुरू कर दिया। करीब आधे पौने घंटे की मशक्कत के बाद बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। आसपास के लोगों ने बताया कि जंगल में शरारती तत्वों द्वारा आग लगाई गई होगी। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से ऐसे लोगों को पकड़ कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# आठ साल बाद भी पूरा नहीं हुआ सड़क निर्माण का कार्य

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विकास खंड धौलादेवी में निर्माणाधीन गरूड़ाबांज काने मोटर मार्ग का निर्माण कार्य आठ साल बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है।

जिस कारण स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एक तो कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य समय से पूरा नहीं किया। ऊपर से जो आधा अधूरा कार्य किया भी उसके मलबे से उनके पैदल रास्ते भी बंद हो गए हैं। जिस कारण अब उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विकास खंड के ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृति मिलने के बाद करीब आठ साल पहले गरूड़ाबांज काने मोटर मार्ग का कार्य आरंभ किया गया था। लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा कटिंग का आधा अधूरा काम कर उसे ऐसे ही छोड़ दिया। ग्रामीणों के काफी दबाव के बाद विभाग कटिंग के शेष कार्य के लिए दो बार टेंडर लगा चुका है। लेकिन इसके बाद भी इस मार्ग का अवशेष कार्य शुरू नहीं हो सका है। सामाजिक कार्यकर्ता राम सिंह ने बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा किए गए आधे अधूरे कार्य के मलबे के कारण उनके पैदल मार्ग बंद हो गए हैं। जबकि कई पेयजल स्रोत भी मलबे के नीचे दब गए हैं। जिस कारण अब ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार विभाग के अधिकारियों से मौखिक और लिखित शिकायत की जा चुकी है। लेकिन ग्रामीणों की इस समस्या की सुध लेने को कोई तैयार नहीं है। जिस कारण अब ग्रामीणों में आक्रोश उपजने लगा है। ग्रामीण गोधन सिंह, पान सिंह, कुलदीप सिंह, जमन सिंह, सरस्वती देवी, देवकी, माया देवी, कमला देवी, मधु, नीलम, मंजू देवी, किशोर सिंह आदि रहे।

# स्नान घाटों के आसपास लगाए सीसी कैमरे

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** कैनाल मेला क्षेत्र बनबसा में श्रद्धालुओं की सेवा एवं सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड प्रशासन पूरी तरह से सजग है। शारदा बैराज, बनबसा स्नान घाटों के आसपास उठाईगिरी/चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। बुधवार को पुलिस और उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग बनबसा के समन्वय से किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उदेश्य से स्नान घाटों में निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए।

इसके अलावा मुख्य घाट पर जंजीर के साथ जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। इस दौरान मौके पर क्षेत्राधिकारी टनकपुर शिवराज सिंह राणा, एसडीओ उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग कैनाल बनबसा प्रशांत वर्मा, थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, शारदा बैराज चौकी इंचार्ज ललित पांडे आदि मौजूद रहे।



बनबसा मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते सीओ शिवराज सिंह राणा।

# एपिक कार्ड न होने पर वोटर 12 अन्य दस्तावेजों से भी कर सकेंगे मतदान

## निर्वाचन आयोग ने दी बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। राज्य में 85 साल से अधिक उम्र के कुल 65 हजार 160 वृद्ध मतदाता हैं।

वृद्ध मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही वोट करने की सुविधा का निर्णय निर्वाचन आयोग ने लिया है। इसके लिए राज्य में अभी तक 9 हजार 993 वृद्ध मतदाताओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन सभी वृद्ध मतदाताओं को घर पर ही पोस्टल



प्रेस ब्रीफिंग करते अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे।

बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। राज्य में 80 हजार 335 दिव्यांग मतदाता चिन्हित किये गये हैं। दिव्यांग मतदाताओं के 2 हजार 899 ऐसे आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो वैध हैं, जिन पर घर में जाकर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर जाकर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 8 से 10 अप्रैल तक प्रथम चरण का मतदान करने का निर्णय लिया गया है। कुछ जनपदों द्वारा अपनी सुविधा के अनुरूप परिवर्तन करने के लिए छूट दी गई है। कुछ जनपदों ने वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को 5 और 6 अप्रैल से घर पर जाकर मतदान करवाने का निर्णय लिया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा सक्षम एप का प्रयोग दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए किया जा रहा है।

राज्य में 33 हजार 111 दिव्यांग मतदाताओं ने सक्षम एप को डाउनलोड किया है। सक्षम एप के माध्यम से अभी तक 1537 मतदाताओं ने व्हील चेयर, 2221 मतदाताओं ने डोली और 10 हजार 839 मतदाताओं ने स्वयंसेवकों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के लिए यदि किसी व्यक्ति के पास एपिक कार्ड नहीं है तो ऐसे व्यक्ति 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों से मतदान कर सकेंगे। इसमें आधार कार्ड, बैंकों/डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, एनपीआर कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का प्रयोग कर सकते हैं।

## भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा विपक्षः जोशी

**देहरादून, अमृत विचार :** भाजपा ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों पर भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार अभियान को बाधित करने तथा दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है।

प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि विपक्ष द्वारा हमारे कार्यक्रमों एवं सभाओं के दौरान बेवजह टकराव की स्थिति पैदा की जा रही है। जिसका मकसद विवाद खड़ा कर जनता की सहानुभूति हासिल करना है। ताकि किसी भी तरह से अपने उम्मीदवारों की जमानत बचाई जा सके। मीडिया से बातचीत में जोशी ने कहा राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत तय है। यही वजह है कि विपक्षी दलों के उम्मीदवार व नेता साजिश के तहत अपने समर्थकों को भाजपा के कार्यक्रमों में माहौल खराब करने के लिए भेज रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रदेश भर से जानकारी मिल रही है कि भाजपा के कार्यक्रमों में बेवजह हंगामा किया जा रहा है।

# सोमेश्वर का लाल मणिपुर में नक्सली हमले में शहीद

- 16 कुमाऊं में तैनात थे सैनिक कमल सिंह भाकुनी, क्षेत्र में शोक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोमेश्वर के चनौदा घाटी स्थित बूंगा गांव निवासी सेना के जवान कमल सिंह भाकुनी मणिपुर में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए। बेटे की शहादत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। साथ ही क्षेत्र में शोक की लहर है।



कमल सिंह भाकुनी।

16 कुमाऊं रेंजीमेंट के सैनिक कमल सिंह भाकुनी (24) चार वर्ष पहले सेना में भर्ती हुए थे। इन दिनों उनकी तैनाती मणिपुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में थी। बताया जा रहा है कि बीते मंगलवार को ड्यूटी के दौरान एक नक्सली हमले में उन्हें गोली लग गई और वह शहीद हो गए। कमल सिंह की शहादत का समाचार मिलते ही उनके पैतृक गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने बताया कि वह बीते दिनों अवकाश पर घर आए थे और पच्चीस दिन पहले ही ड्यूटी ज्वाइन करने मणिपुर रवाना हुए थे। ग्राम प्रधान रमेश भाकुनी ने बताया कि शहीद के पिता चंदन सिंह भाकुनी खेतीबाड़ी करते हैं।

जबकि माता दीपा भाकुनी गृहणी हैं। कमल सिंह के बड़े भाई प्रदीप भाकुनी भी सेना में कार्यरत हैं। कमल सिंह की शहादत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

सूत्रों के मुताबिक बुधवार को उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक घर पहुंचना था। लेकिन देर शाम तक क्षेत्र के लोग शहीद के पार्थिव शरीर का इंतजार करते रहे। फिलहाल प्रशासन के पास भी शहीद के पार्थिव शरीर के पहुंचने को लेकर कोई जानकारी नहीं है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से शहीद का शव कुमाऊं रेंजीमेंट सेंटर रानीखेत पहुंचेगा। वहां से सेना के जवान व अधिकारी शहीद के शव को लेकर उनके घर पहुंचेंगे।

### सीएम ने ट्वीट कर जताया दुःख

चनौदा घाटी के बूंगा गांव निवासी कमल सिंह भाकुनी की शहादत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी दुख व्यक्त किया है। सोशल साइट एक्स पर सीएम धामी ने लिखा है कि मणिपुर में मां भारती की सेवा करते हुए नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए सैन्यभूमि उत्तराखंड के लाल एवं 16 कुमाऊं रेजीमेंट में तैनात कमल सिंह भाकुनी जी की शहादत को शत् शत् नमन। ईश्वर, दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# भूमाफिया पर लगाया फर्जी दस्तावेज बनाने का आरोप

- पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग
- पूर्व सैनिक ने डीएम को ज्ञापन सौंप लगाई कार्रवाई की गुहार

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के मल्ला निगलाट गांव के पूर्व सैनिक व उनके भाई ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप भूमाफियाओं पर गांव के सम्पूर्ण खाते की जमीन पर अभिलेखों से छेड़छाड़ कर कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र के माध्यम से बताया है की अधिकारियों व भूमाफियाओं की सांठगांठ से फर्जी दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं।

गांवों में भूमाफियाओं के एक के बाद एक मामले सामने आ रहे। नाप की आड़ में बैनाप जमीनों पर कब्जा करने का खेल भी जोरों पर है। अब मल्ला निगलाट गांव के पूर्व सैनिक पूरन राम व उनके भाई विजय ने गांव की संयुक्त खाते की जमीन पर षड़यंत्र के तहत अनुसूचित जाति के परिवारों के सदस्यों के नाम हटाकर सामान्य जाति के लोगों के नाम दर्ज किए जाने का मामला उठा कार्रवाई की मांग उठाई है। जिलाधिकारी वंदना सिंह को सौंपे ज्ञापनमें कहा है कि अधिकारियों व भूमाफिया की मिलीभगत से अनुसूचित जाति के परिवारों के हितों से खिलवाड़ किया गया है।

## प्रांजल के 160 रनों की पारी से जीता कोल्ट्स

**हल्द्वानी :** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की जिला लीग में बुधवार को 3 मैच खेले गए है।

जीएनजी मैदान में हल्द्वानी कोल्ट्स व गट्स एंड ग्लोरी की टीम के बीच मुकाबला हुआ। इसमें हल्द्वानी कोल्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 344 रन बनाए। टीम के लिए प्रांजल रैकवाल ने 160 रनों की धमाकेदार पारी खेली। जवाब में गट्स एंड ग्लोरी की पूरी टीम 41 ओवर में 156 रन पर ही आलआउट हो कर 188 रन से मैच में शिकस्त पाई। दूसरे मैच में हल्द्वानी क्रिकेट क्लब ने हिमालय क्रिकेट एकेडमी व तीसरे मैच में जीएनजी ने रामनगर कोल्ट्स को 8 विकेट से पराजित किया।

# दुर्गम क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर ड्रोन से रखी जाएगी नजर

- लॉ एंड आर्डर संबंधी समस्याओं का हो सकेगा तत्काल निराकरण

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों के मतदान केंद्रों तथा आसपास उत्तराखंड पुलिस ड्रोन से निगरानी रखेगी। इसके लिए पुलिस महकमे ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

राज्य में विषम भौगोलिक स्थितियों की वजह से अनेक ऐसे स्थान हैं जहां पर सीसीटीवी लगाना सम्भव नहीं है और सर्विलांस एवं फोटो/वीडियोग्राफी करना मुश्किल कार्य है। पुलिस मुख्यालय के



अनुसार अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों के साथ ही आसपास के ऐसे मतदान केंद्र जहां पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित नहीं किए जा सकते हैं, ऐसी सड़क- गलियां अथवा रिहायशी कॉलोनी जहां सीसी कैमरा नहीं लगाए जा सकते हैं वहां पर ड्रोन से निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। उत्तराखंड पुलिस द्वारा एक अस्थाई कंट्रोल रूम केवल ड्रोन द्वारा भेजी तस्वीरों का अवलोकन करने हेतु स्थापित किया गया है। ड्रोन द्वारा भेजी गयी तस्वीरों एवं वीडियों का परीक्षण करते हुए संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वस्तु एवं संदिग्ध क्रियाकलापों की सूचना तत्काल पुलिस हेड क्वार्टर में स्थित चुनाव परिचालन केंद्र को भेजी जाएगी। चुनाव परिचालन केंद्र द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, स्थान घटना की सूचना संबंधित पुलिस अधिकारी को प्रेषित की जाएगी। जिसके तत्काल बाद बिना कोई समय गवाए उक्त व्यक्ति, वस्तु व स्थान की तलाशी लेते हुए सूक्ष्म जांच की जाएगी। जिसके परिणाम स्वरूप भविष्य में होने वाली लॉ एंड आर्डर संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण संभव हो सकेगा।

# रानीखेत-खैरना हाईवे पर सफाई व्यवस्था चौपट

- गंदगी से संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा
- जैनोली के बिलाऊ क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण न होने से आक्रोश

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे के बाद अब महत्वपूर्ण रानीखेत खैरना स्टेट हाईवे पर सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। बिलाऊ क्षेत्र में हाईवे किनारे लगे कूड़े के ढेर से संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। आवाजाही करने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के दावे धरातल में खोखले साबित हो रहे हैं।

जहां एक ओर अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर सफाई व्यवस्था चरमरा गई है वहीं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण रानीखेत खैरना स्टेट हाइवे पर भी समय पर कूड़ा निस्तारण न होने से जगह जगह कूड़े के ढेर लग चुके हैं। जैनोली के बिलाऊ क्षेत्र में हालात विकट है। स्टेट हाइवे किनारे से कूड़ा रेस्टोरेंट न होने से लोगों को फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। कूड़े के ढेर से बीमारियों का खतरा भी पैदा हो गया है। स्थानीय कुंदन सिंह, मोहन सिंह, मोहन जीना, पुष्कर फर्त्याल, राजू बिष्ट, सूरज कुमार, हेमंत कुमार, अर्जुन कुमार, नरेंद्र कुमार ने समय पर कूड़ा निस्तारण किए जाने की मांग उठाई है।

## उत्तर प्रदेश

# डेरा प्रमुख हत्याकांड में यूके पुलिस ने दो संदिग्ध पकड़े

- थाना बिलसंडा और करेली क्षेत्र में की गई छापामारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के नानकमत्ता गुरुद्वारा के कारसेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम की गोली मारकर हत्या करने के मामले में उत्तराखंड पुलिस ने बिलसंडा और करेली क्षेत्र में दबिश देकर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। उन्हें उत्तराखंड पुलिस अपने साथ ले गई है। इस मामले में घटना के बाद से ही उत्तराखंड पुलिस की एक टीम पीलीभीत में डेरा जमाए थी।

उत्तराखंड के नानकमत्ता गुरुद्वारा के कारसेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपी बाइक पर सवार होकर आए थे और ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर फरार हो गए। इस मामले में उत्तराखंड की पुलिस हत्यारोपियों की सुरागरसी करते हुए पीलीभीत पहुंची। सीओ खटीमा, पंतनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के नकटादाना चौराहा, आसाम रोड चौराहा, छतरी चौराहा के अलावा बरखेड़ा-बीसलपुर मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की थीं। इसमें इस मार्ग से हत्यारोपियों के गुजरने का शक गहराया था। बुधवार को उत्तराखंड पुलिस ने सुरागरसी के आधार पर थाना करेली क्षेत्र के ग्राम भदेनकंजा और बिलसंडा कस्बे में कुछ जगह दबिश दी। बताते हैं कि पुलिस ने दो संदिग्ध हिरासत में लिए। जिन्हें उत्तराखंड पुलिस अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि संदिग्धों का आरोपियों से लिंक होने का क्लू पुलिस को मिला है।

# छह माह की बच्ची की रस्सी से गला दबाकर निर्मम हत्या

- बच्ची के पिता ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप
- पति से विवाद के बाद बच्ची को लेकर मायके गई थी महिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मां के साथ ननिहाल में रह रही छह माह की बच्ची की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम में बच्ची की रस्सी से गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। बच्ची के पिता ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उल्लिया निवासी शिवम कुमार ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले बंडा थाना क्षेत्र के गांव सिंघापुर पमई निवासी राजबेटी पुत्री राजेंद्र प्रसाद से हुई थी। छह माह पहले पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। दोनों में आए दिन झगड़ा होता रहता था जिसके चलते उसकी पत्नी अधिकांश मायके में रहती थी। झगड़े में ही 20 मार्च को वह बेटी निहारिका को लेकर मायके चली गई।



निहारिका।

23 मार्च को पत्नी ने उसके खिलाफ बंडा थाने में मारपीट की तहरीर दी थी। बंडा पुलिस ने रविवार को फोन किया था कि राजबेटी ने मारपीट की तहरीर दी है, थाने आ जाना। सोमवार को वह अपनी ससुराल गया तो बेटी सही थी। मंगलवार सुबह दस बजे उसके साले चंद्रपाल ने फोन किया कि निहारिका की तबीयत खराब है। वह ससुराल जाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच करीब 15 मिनट बाद साले ने दोबारा फोन कर बताया कि निहारिका की मौत हो गई है। वह ससुराल गया तो बेटी उसकी पत्नी की गोद में थी और उसके गले में रस्सी कसने का निशान था।

उन्होंने बंडा थाने में सूचना देकर बेटी की हत्या का शक जताया और पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिस पर पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रस्सी से गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई। पोस्टमार्टम के बाद शिवम बेटी का शव लेकर अपने घर चला गया। बंडा थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि अभी तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## दहेज न देने पर महिला को घर से निकाला

**शाहबाद (रामपुर) अमृत विचारः** दो लाख नकद और बाइक न देने पर ससुराल वालों ने महिला को घर से निकाल दिया। लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी दी और देवर ने दुष्कर्म की करने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने जिला मुरादाबाद के मोहल्ला बरवालान मनोकामना मंदिर के पास थाना कटघर निवासी पति, ससुर, सास, ननद, देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, विवाह से कुछ दिनों बाद तक सब ठीक चला, लेकिन बाद में ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग पूरी न करने पर लाईसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी दी। देवर ने उससे दुष्कर्म करने की कोशिश की।

# ड्यूटी पर तैनात गार्ड की हार्ट अटैक से मौत

- मिलन विहार स्थित निर्यात कंपनी में नौकरी करते थे ऋषिपाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** निर्यात कंपनी में मंगलवार आधी रात में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। सुरक्षाकर्मी की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सुरक्षाकर्मी ऋषिपाल (41) पुत्र राम सिंह अमरोहा जिले के थाना कोतवाली अमरोहा क्षेत्र के गांव अल्हदादपुर कलां रहने वाले थे और वह मझोला थाना क्षेत्र में स्थित मिलन विहार डी-ब्लॉक में हस्तशिल्प निर्यात एजेंसी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में नौकरी करते थे।

ऋषिपाल की मौत हार्टअटैक से होना बताया जा रहा है। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि वह घटनास्थल पर गए थे और वहां बारीकी से जांच की है। घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, उन्हें भी काफी गहनता से खंगाला गया है। कैमरे के फुटेज में देखने में आया है कि रात के करीब एक बजे के दौरान गार्ड ऋषिपाल कुर्सी पर बैठे थे। कुर्सी पर बैठने के 10 मिनट के अंतराल में वह बैठे-बैठे ही अचानक गिर गए। ऐसे में थानाध्यक्ष ऋषिपाल की मौत का कारण हार्टअटैक होना सामने आया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक ऋषिपाल के साले रोबिन सिंह ने बताया कि उनके बहनोई दो भाइयों में बड़े थे। छोटे भाई नन्हें हैं। इनके परिवार में एक साल पहले पिता राम सिंह की बीमारी से मौत हो गई थी।

## बरेली-चंदौसी रेल मार्ग पर साढ़े नौ घंटे का मेगा ब्लॉक

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल के बरेली-चंदौसी रेल मार्ग पर गुरुवार को साढ़े नौ घंटे का मेगा ब्लाक लिया जाएगा। इस वजह से नौ ट्रेनों को संचालन प्रभावित रहेगा। बिशारतगंज और आंवला स्टेशन के बीच पुल संख्या 18 पर पुराने ब्लाक बदलने का काम किया जाएगा। 15529 जन साधारण एक्सप्रेस को डायवर्ट कर बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद के स्थान पर बरेली कैंट-बरेली जंक्शन-मुरादाबाद के रास्ते गुजरा जाएगा। इसके अलावा 12035 दिल्ली पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस टनकपुर से 120 मिनट और 12036 टनकपुर पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली से 270 मिनट देरी से चलाई जाएगी। 04304 दिल्ली बरेली पैसेंजर गुरुवार को जंक्शन पर निरस्त रहेगी।

# ब्लॉक में फंसी राज्यरानी और त्रिवेणी एक्सप्रेस

- जंक्शन पर ट्रेनों के इंतजार में परेशान हुए रेल यात्री
- नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते टोडरपुर स्टेशन पर ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** समर सीजन में यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार को आलमनगर-शाहजहांपुर रेलखंड के बीच टोडरपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ब्लाक लिया गया। एक ओर जहां बरेली जंक्शन से चलने वाले चार ट्रेनें निरस्त थीं तो पीछे के स्टेशनों से आने वाली ट्रेनों को देरी से चलाया गया। इस वजह से प्लेटफार्म पर ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे। उधर, त्रिवेणी, राज्यरानी, लोहित एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें ब्लॉक में फंसी नजर आईं।

15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी टनकपुर से 90 मिनट लेट चलाई गई। यह ट्रेन जंक्शन पर 2 घंटा 12 मिनट देरी से पहुंची। वहीं 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ राज्यरानी एक्सप्रेस मेरठ से 120 मिनट चलाई गई, जो यहां दो घंटा देरी से आई।

ब्लाक की वजह से 13152 सियालदह एक्सप्रेस 3 घंटा 32 मिनट, 15623 कामाख्या एक्सप्रेस 2 घंटा 44 मिनट की देरी से जंक्शन पर पहुंची। गुरुवार को 15076 टनकपुर-शक्तिनगर 90 मिनट, 12332 जम्मूतवी हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस जम्मूतवी से 65 मिनट, गुरुवार और शुक्रवार को 15044 काठगोदाम लखनऊ एक्सप्रेस काठगोदाम से 65 मिनट देरी से चलाई जाएगी। वहीं, डाउन लाइन पर ट्रेनों को कछुआ चाल से गुजारा जाता रहा।

## जीआरपी ने लापता बच्चा परिजनों को सौंपा

**बरेली, अमृत विचार :** जंक्शन पर आरक्षण कार्यालय के बाहर से चार वर्षीय बच्चा लापता हो गया। दंपती ने सूचना जीआरपी को दी।

कुछ ही देर में जीआरपी ने बच्चे को खोज लिया और परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी थाने पहुंची पूजा निवासी फरीदाबाद थाना बल्लमगढ़ ने बताया कि वह पति चमन के साथ बरेली आई थीं। बुधवार को आरक्षण कार्यालय में पहुंचे तो शाम पांच बजे की ट्रेन थी। लिहाजा, ट्रेन का इंतजार आरक्षण कार्यालय के बाहर ही करने लगे। इस बीच उनका चार वर्षीय बेटा कुणाल गुम हो गया। सूचना मिलने पर जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो पता चला कि बच्चा प्लेटफार्म एक की तरफ गया है। उन्होंने दो महिला सिपाहियों को प्लेटफार्म एक पर भेजा। यहां बच्चा घूमता मिला। महिला सिपाही बच्चे को थाने पर ले आईं और बच्चा परिजनों को सौंपा।

# आजम ने दी अखिलेश यादव का निर्णय मानने की नसीहत

- लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों के बीच रार कम होने के मिल रहे संकेत
- सपा प्रत्याशी से आज हो सकती है जिलाध्यक्ष की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्णय को मानने की नसीहत जिले के सपाइयों को दी है। इससे आजम खां और अखिलेश यादव के बीच रार कम होने के संकेत मिल रहे हैं। साथ ही जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान सपाइयों के एकजुट होने में मदद मिलेगी। चुनाव में सपा प्रत्याशी को मजबूती मिलेगी।

सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर मंगलवार को आजम खां से सीतापुर जेल में मिलने पहुंचे तो उन्होंने 90 मिनट की मुलाकात में उन्हें हिदायत दी। हालांकि जेल प्रशासन ने आजम खां के लिए जेल में तरबूज नहीं ले जाने दिया था। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनकी गुरुवार को लोकसभा प्रत्याशी से मुलाकात हो सकती है। बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामपुर से लोकसभा चुनाव के लिए मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि आजम खां ने अखिलेश यादव से रामपुर से चुनाव लड़ने के लिए कहा था। बताया गया कि लोकसभा सीट के लिए पूर्व मंत्री आजम खां की पेशकश सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नहीं मानने पर तेवर तल्ख हो गए थे। आजम खां ने आसिम राजा को नामांकन पत्र जमा करने के निर्देश दे दिए थे। लेकिन, सिंबल नहीं मिलने के कारण आसिम राजा का नामांकन पत्र निरस्त हो गया। इसके बाद आजम खां का खेमा सुस्त हो गया। मंगलवार दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर सपा के जिलाध्यक्ष आजम खां से मिलने पहुंचे। वह अपने साथ आजम खां के लिए तरबूज, केले, सेब और खजूरे लेकर गए थे। जेल प्रशासन ने जेल नियमों का हवाला देते हुए तरबूज को जेल में नहीं ले जाने दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने तरबूज जेल के बाहर ही छोड़ दिया और सेब, केले और खजूरे लेकर आजम खां से मिलने पहुंचे। बताया कि करीब 90 मिनट की मुलाकात में आजम खां ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्णय मानने की नसीहत दी है। आजम खां को 22 अक्टूबर 2023 को सीतापुर जेल में रामपुर जेल से शिफ्ट किया गया था। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सपा के प्रत्याशी से उनकी मुलाकात नहीं हुई है।

## फंदे पर लटका मिला महिला का शव हत्या का आरोप

**स्वार, अमृत विचारः** गांव दारानगर में घरेलू कलह से तंग आकर महिला ने रस्सी का फंदा गर्दन में कसकर आत्महत्या कर ली। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया।

मिलकखानम थाने की पुलिस ने मृतक महिला के पति समेत दो लोगों को हिरासत लिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

बताया कि मिलकखानम थाना क्षेत्र के दारानगर निवासी संतोष की शादी एक वर्ष पहले पटवाई क्षेत्र के गांव बीसरी निवासी क्रांति (22) के साथ हुई थी। चार-पांच दिन से पति-पत्नी में किसी बात को लेकर अनबन चली आ रही थी। बुधवार को पति संतोष किसी काम से बाहर गया था। इस दौरान क्रांति ने घर के कमरे में रस्सी के फंदे पर लटककर जान दे दी।

लोकसभा चुनाव में मुद्दों को लेकर अमृत विचार ने जनता से बातचीत की तो पाया कि लोग महंगाई, बेरोजगारी, किसान आंदोलन, चुनावी बांड और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे सवालों को महत्वपूर्ण तो मानते हैं, लेकिन वोट देने के सवाल पर मोदी के मुकाबले दूसरा नेता नहीं होने, राम मंदिर बनने, धारा-370 हटने और विकसित भारत का जिक्र करते हुए प्रदेश में गुंडाराज की जगह कानून का राज स्थापित होने को विमर्श के केंद्र में रख देते हैं। प्रस्तुत है जनता के साथ संवाद में निष्कर्ष का मंथन...



## ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग मुद्दों से भरा भाजपा का बैग

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग और राम मंदिर के साथ विकसित भारत के लिए भाजपा ने अबकी बार, 400 पार का नारा देकर मोदी 3.0 के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जब मैदान में उतरे तो उन्होंने अपने अंदाज में विपक्षी गठबंधन को पहले परिवारवाद के कठघरे में खड़ा किया फिर दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद अभियान को भ्रष्टाचार पर प्रहार में केंद्रित कर दिया। अपने बीते दो कार्यकाल को ट्रेलर बताते हुए यह तक कह दिया कि आगे और बड़े काम होने हैं। इसके मुकाबले विपक्षी इंडिया गठबंधन पटना, मुंबई और दिल्ली में रैलियां करने के बाद भी मुद्दों के लिहाज से अपना चुनावी अभियान पटरी पर नहीं ला पाया है, तो इसकी बड़ी वजह उसके द्वारा उछाले जा रहे सवाल मुद्दे से ज्यादा मोदी विरोध जैसे हैं, यह आकलन संवाद में 45 फीसदी लोगों ने व्यक्त करते हुए साफ कहा कि इसी कारण दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद गठबंधन ने सहानुभूति लेने की कोशिश तक सिमट गया।

### मुद्दे बनाना और उनसे बने माहौल का फायदा उठाना

- लोगों ने साफ कहा कि चुनाव मुद्दों और उनके जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है, भाजपा और उसके नायक मोदी यह बात भलीभांति जानते हैं, जबकि विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ वैसा कोई चुनावी मुद्दा खड़ा नहीं कर पा रहा है, जिसे हथियार बनाकर भाजपा का विजय रथ रोक सके। यही बात 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत नजर आ रही है।

- मंदिर और विकसित भारत के जयघोष के साथ भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री का लगातार करारा प्रहार
- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, चुनावी बांड व एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल के सवालों पर नहीं हलचल

### महंगाई, बेरोजगारी, किसान और चुनावी बांड को नहीं मिल पा रही धार

- तेजी से आगे बढ़ते चुनावी अभियान और बदलती परिस्थितियों में सीएए, समान नागरिक संहिता, किसान आंदोलन, फसलों की एमएसपी जैसे मुद्दे नेपथ्य में जाते दिख रहे हैं और राष्ट्रवाद से प्रेरित कच्चातिवु द्वीप जैसे मुद्दे फाइलों से बाहर आ गए हैं। इसके मुकाबले विपक्षी गठबंधन के हाथ महंगाई, बेरोजगारी, चुनावी बांड, नेताओं के यहां छापे, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को मुखरता से उठाने में तंग नजर आ रहे हैं।

### कांग्रेस भी गारंटी लाई पर जनता के बीच तक नहीं पहुंच पाई

- भाजपा के अनुसार मोदी की गारंटी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और हाशिए पर पड़े उन कमजोर लोगों के लिए है, जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है। इसके मुकाबले कांग्रेस ने भी अपनी गारंटी पेश कीं, लेकिन उन्हें जनता के बीच ले जाकर परवान नहीं चढ़ा पा रही है।

### बयानों पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच जनता हुई मगन

- मतदान का वक्त जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, जनता की सीधी जरुरत से जुड़े वास्तविक मुद्दों की जगह पर राजनीतिक दलों के निजी हित से पैदा हुए सियासी मुद्दे हावी होते जा रहे हैं। तमाम दलों और उनके नेताओं की ओर से केवल एक-दूसरे पर बयानों से ही आरोप-प्रत्यारोप किया जा रहा है। जनता क्या चाहती है, आम जनता के सामने वास्तविक समस्याएं क्या है, चुनाव को लेकर जनता के मन में क्या चल रहा है, जैसे सवाल टीवी की बहस और सोशल मीडिया से गायब होते जा रहे हैं।

गाजीपुर में यह पहला चुनाव है जब माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का कोई प्रभाव नहीं हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उसकी मौत का कितना, कहां और क्या असर होगा। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सपा-बसपा के अलग-अलग लड़ने का फायदा भाजपा को मिलने की संभावना है।


## गुंडाराज का खात्मा बनाम सहानुभूति


विनय जायसवाल, मऊ


**अमृत विचार।** पूर्वांचल की सबसे चर्चित लोकसभा सीटों में गाजीपुर शामिल है। गाजीपुर को 'लहुरी काशी' यानी छोटी काशी भी कहा जाता है। इसकी वजह काशी की तरह गंगा यहां भी उत्तर वाहिनी हैं। इस शहर को तुगलक वंश के सैय्यद मसूद गाजी ने बसाया था। एशिया में सबसे बड़े अफीम के कारखाने के लिए विख्यात इस शहर ने वामपंथी, दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी या दलित उभार, राजनीति की हर धारा को आगे बढ़ाया है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद इस बार यहां चुनाव और धारदार हो गया है। इसकी वजह यह है कि मुख्तार के भाई मौजूदा सांसद अफजाल अंसारी सपा के टिकट पर मैदान में हैं। पिछला चुनाव वह बसपा से जीते थे। भाजपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। शीर्ष नेतृत्व बदली परिस्थितियों के मद्देनजर जिताऊ नाम पर मंथन कर रहा है, जबकि बसपा किसी मजबूत यादव चेहरे की तलाश में है। गाजीपुर में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है।

### बेटा दावेदार पर चौंका सकते मनोज सिन्हा बृजेश सिंह, अलका राय के भी नाम

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अगर अंसारी परिवार का दबदबा है तो भाजपा का भी आधार कम नहीं है। वर्तमान में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की यहां अच्छी पैठ मानी जाती है। वह तीन बार इस सीट से सांसद रहे हैं, हालांकि 2019 में चुनाव हार गए थे। इस बार भाजपा से उनके बेटे अभिनव सिन्हा दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि तेलंगाना की राज्यपाल सौंदर्यराजन की तरह पद से इस्तीफा देकर मनोज सिन्हा भी मैदान में उतर सकते हैं। पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय का नाम भी दावेदारों में लिया जा रहा है, तो सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर यहां से बृजेश सिंह को चुनाव लड़ाने के लिए सीट अपने खाते में मांग रहे हैं।






- वर्तमान सांसद अफजाल अंसारी गाजीपुर से पहली बार 2004 और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे।
- पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा-सपा का गठजोड़ होने से उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनोज सिन्हा को एक लाख से ज्यादा वोटों से हरा दिया था।

2004 में पहली बार और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे **अफजाल अंसारी**



### गाजीपुर में निकल रहीं टोलियां

- गाजीपुर में अफजाल अंसारी और उनका परिवार क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहा है। उनके समर्थन में मुस्लिम युवाओं के साथ यादव मतदाताओं की टोलियां सुबह ही क्षेत्रों में निकल जाती हैं और लोगों को यह बताने में जुटी हैं कि उनके अपने मुख्तार अंसारी की हत्या हुई है। परिवार का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इसका बदला चुनाव में अफजाल को जिताकर लेना है। अफजाल को उम्मीद है कि मुख्तार की मौत से उपजी सहानुभूति उन्हें जीत दिलाएगी, जबकि भाजपा नेतृत्व यह मानता है कि मोदी की गारंटी, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थी और गुंडाराज खात्मे के साथ अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के दम पर इस कठिन सीट पर भी जीत हासिल करने में दिक्कत नहीं आएगी।

### यहां हर दल को मिलती रही जीत

- गाजीपुर सीट पर सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस सभी दल चुनाव जीत चुके हैं। 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस जीती थी, इसके बाद लगातार दो चुनावों में भाकपा ने लाल झंडा फहराया। 1977 में जनता पार्टी के गौरीशंकर पांडेय जीते। 1980 व 1984 के बाद कांग्रेस यहां जीत दर्ज नहीं कर सकी।
- 1996 में पहली बार इस सीट पर भाजपा के मनोज सिन्हा जीते लेकिन 1998 में सपा के ओमप्रकाश सिंह ने सीट भाजपा से छीन ली, हालांकि भाजपा ने 1999 में पुनः मनोज सिन्हा पर यकीन किया और वह जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इसके बाद लगातार दो चुनावों में सपा का कब्जा रहा।
- 2014 की मोदी लहर में मनोज सिन्हा ने यहां भी कमल खिला दिया। लेकिन 2019 में भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा।

### राजभर व निषाद साथ आने से भाजपा के लिए अनुकूल माहौल

- इस बार चुनाव में सपा के साथ कांग्रेस है तो भाजपा के साथ राजभरों की नुमाइंदगी करने वाले सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और निषाद, बिंद, केवट का प्रतिनिधित्व करने वाले वाली निषाद पार्टी है। यहां राजभर और निषाद मतदाता जिधर जाते हैं उसका पलड़ा भारी हो जाता है। हालांकि यादवों की सर्वाधिक संख्या है इसके बाद दलित, राजभर और मुस्लिम मतदाता हैं।

### पांच में चार विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधान सभाओं में किसी पर भी भाजपा का कब्जा नहीं है। सैदपुर, गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जमनिया विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है जबकि जखनिया सीट पर सुभासपा का विधायक है। 2022 के चुनाव में इस सुभासपा का सपा के साथ गठबंधन था। लेकिन अब वह भाजपा के साथ खड़ी है।



**जीतेंगे बाजी** बेंगलुरु नार्थ से भाजपा की उम्मीदवार शोभा कारनदलाजे के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकारों ने कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया।

## एमपी में उमा भारती घर बैठीं स्मृति ईरानी संभालेंगी मोर्चा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नामांकन में नहीं पहुंची उमा भारती
- विधान सभा चुनाव से नाराजगी, अब मध्य प्रदेश में स्टार प्रचारक भी नहीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की कथित भितरघात का जवाब देने के लिए भाजपा हाई कमान ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तैयार किया है। वह प्रदेश में उन स्थानों पर जाएंगी जहां उमा के अंतर्विरोध से पार्टी को नुकसान की आशंका है। इसकी शुरुआत स्मृति ने बुधवार को खजुराहो संसदीय क्षेत्र से कर दी। वहां प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नामांकन में जब उमा भारती ने आने में असमर्थता जताई तो दिल्ली से स्मृति ईरानी को पहुंचना पड़ा। उमा भारती खजुराहो से चार बार सांसद रह चुकी हैं। अब भाजपा केंद्रीय कार्यालय ने मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में स्मृति ईरानी का चुनाव कार्यक्रम तैयार कर दिया है। गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उमा भारती की खामोशी को ध्यान में रखते हुए उनको हाई कमान ने स्टार प्रचारकों की सूची से भी हटा दिया है।



स्मृति ईरानी।



उमा भारती।

### खजुराहों में उमा के वर्चस्व की परीक्षा

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उमा भारती के वर्चस्व की परीक्षा उनके अपने संसदीय क्षेत्र खजुराहो से हो जाएगी। यहां पर भाजपा अच्छी स्थिति में है। पार्टी को पता चला है कि खजुराहो से इंडिया गठबंधन ने ऐन वक्त पर अपना जो प्रत्याशी बदला है उसके पीछे भी उमा भारती की महिला, पिछड़ा वर्ग की राजनीति है। इसी के तहत यह कुप्रचार किया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा की एकमात्र तेजतर्रार महिला नेता (उमा) को किस तरह दरकिनार किया जा रहा है। गठबंधन में मध्य प्रदेश की 29 में खजुराहो सीट सपा को मिली है। सपा ने पहले भोपाल के डा. मनोज यादव को टिकट दिया था। लेकिन दो दिन बाद ही बदलकर बुंदेलखंड निवाड़ी की पूर्व विधायक मीरा यादव को उतार दिया, ताकि यह संदेश लोगों तक पहुंचाया जाए कि विपक्ष ने पिछड़ा वर्ग से महिला को टिकट दिया है। अब पूरे चुनाव को सवर्ण बनाम पिछड़ा वर्ग में बदलने की योजना है। इस क्षेत्र में विधानसभा की सभी सीटें भाजपा के पास है। इसलिए शर्मा का पलड़ा फिलहाल भारी है। पिछली बार भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने राज नगर के पूर्व विधायक नाती राजा की पत्नी कविता सिंह को टिकट दिया था। लेकिन वह भारी अंतर से चुनाव हार गई थीं।

## कांग्रेस के लिए बंजर हो चुकी हमीरपुर सीट, छोड़ी उम्मीद

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कभी हमीरपुर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस की तूती बोलती थी, लेकिन 1989 के बाद असर खत्म हो गया। 1996 में कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे सुनील शास्त्री को चुनावी मैदान उतार कर वापसी की कोशिश की, लेकिन जनता ने नकार दिया। अब तो पार्टी ने मान लिया है कि यहां उसका जनाधार रसातल में पहुंच गया है। यही वजह है कि सपा से गठबंधन में सीट उसी के पास है।

कांग्रेस की विजय यात्रा की शुरुआत 1952 में मन्नूलाल द्विवेदी की जीत से हुई। अगले दो चुनाव भी कांग्रेस के ही खाते में रहे। 1967 में कांग्रेस के मन्नूलाल द्विवेदी चुनाव हार गए। 1971 में स्वामी ब्रह्मानंद चुनाव जीते। आपातकाल की विरोधी लहर का खामियाजा 1977 में कांग्रेस को यहां भी भुगतना पड़ा। लेकिन 1980 में कांग्रेस फिर इस सीट पर काबिज हो गई। 1984 में भी परचम फहराने में कामयाब रही। इसी के बाद से ऐसी फिसली कि वोट प्रतिशत में तेजी के साथ गिरावट आई और चुनाव दर चुनाव में पार्टी चारों खाने चित हो गई। वर्ष 1999 में वोट प्रतिशत घटकर मात्र 1.52 रह गया।

हालांकि 2004 में गंगा चरण राजपूत व 2009 में सिद्ध गोपाल साहू ने अपने दम पर कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ाया। तब गंगा चरण को 18.49 प्रतिशत व सिद्ध गोपाल साहू को 23.93 फीसद वोट मिले। 2014 और 2019 में कांग्रेस से प्रीतम सिंह किसान चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें एक बार 4.05 व 10.66 फीसद वोट ही मिल सके। लगातार पिछले नौ लोकसभा चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। इस दल के ज्यादातर नेता व कार्यकर्ता अपनी निष्ठा बदल कर दूसरे दलों का दामन थाम चुके हैं। ऐसे में पार्टी का संगठन भी कमजोर हो चुका है।

**लखनऊ लोकसभा सीट** 2019 में भाजपा के राजनाथ सिंह ने शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम को तीन लाख 47 हजार वोटों से हराया था

## मुलायम ने जेल में रखा हाथ, रविदास ने नहीं छोड़ा साथ

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** देश की हॉट सीट में लखनऊ भी एक है। यहां से रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक रविदास मेहरोत्रा हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है लेकिन सपा उम्मीदवार की स्थानीय स्तर पर पकड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है। लखनऊ सीट पर 5वें चरण में चुनाव होना है इसके लिए 20 मई को वोटिंग होगी।

लखनऊ लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से विधायक बने थे। वह कॉलेज के दिनों से राजनीति में सक्रिय हैं। जमीनी संघर्ष वाले नेता माने जाते हैं। उनके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी है। वह 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने का रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं। रविदास खुद कहते हैं कि उन्हें जनता की आवाज उठाने के चक्कर में अक्सर जेल जाना पड़ा। रविदास ने केकेसी विद्यालय से पहली बार छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। उनकी मुलायम सिंह यादव से जेल में मुलाकात हुई। इसके बाद रविदास ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुलायम सिंह यादव का करीबी गिने जाने के कारण सपा सरकार में उन्हें अहम विभाग सौंपे गए थे। पिछले विधानसभा चुनावों में रविदास मेहरोत्रा ने मोदी-योगी लहर के बावजूद लखनऊ मध्य से भाजपा प्रत्याशी को 10 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। वह पहली बार 1989 में जनता दल के टिकट पर लखनऊ पूर्वी से विधायक बने थे। साल 2012 में लखनऊ मध्य से सपा के टिकट पर चुनाव जीता। लेकिन अखिलेश सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद वह 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से हार गए थे। अब अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव का टिकट देकर उन्हें राजनाथ की जीत की हैट्रिक तोड़ने का लक्ष्य सौंपा है।



- 251 बार जेल जा चुके सपा प्रत्याशी विधायक रविदास मेहरोत्रा के सामने राजनाथ का रथ रोकने की चुनौती
- पांच बार अटल बिहारी सांसद रहे, एक बार लालजी टंडन अब 2014 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह

### हैट्रिक मारने से नहीं चूकेंगे राजनाथ सिंह

इस सीट पर साल 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा की जो जीत का झंडा गाड़ा, वह अब तक लहरा रहा है। तब से सपा और कांग्रेस ने कितने ही प्रत्याशियों को लखनऊ से लड़ाया, लेकिन भाजपा इस सीट पर अजेय है। लखनऊ पूर्व पीएम और भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि रहा है। पांच बार अटल बिहारी बाजपेयी यहां से सांसद रहे। एक बार लालजी टंडन और 2014, 2019 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह सांसद हैं। इस बार राजनाथ के लिए मौका जीत की हैट्रिक लगाने का है।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 3 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया था। लखनऊ की आबादी इस समय 50 लाख गिनी जाती है। 2019 के आंकड़े के अनुसार लखनऊ में कुल 19 .37 लाख वोटर थे। 2024 में लखनऊ जिले में मतदाताओं की संख्या 39 लाख 53 हजार हो गई है। इसमें पुरुष 20 लाख 82 हजार हैं और साढ़े 18 लाख महिला वोटर हैं।

### पश्चिमी और मध्य विधान सभा में बढ़त से सपा को इस बार जीत का भरोसा

- लखनऊ सीट पर पिछले चुनाव में राजनाथ सिंह ने 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे, जबकि सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा, जो शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी हैं, को मात्र 2 लाख 85 हजार वोट मिले थे। राजनाथ ने 3 लाख 47 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। पिछले लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट पर लगभग 55 फीसदी वोटिंग हुई थी। यहां तीसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी, जिसके आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1 लाख 80 हजार 11 वोट मिले थे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 890।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1880, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1800, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन लीo 1655, जय जवान 1465, सचिन 1630, सूरज 1490, अवसर 1690, राग गोल्ड 1725, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1745, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1740, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायन 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12900, अरहर पटका मोटा 13200, अरहर कोरा मोटा 13600, अरहर पटका छोटा 13900-14300, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

# नई सरकार वाणिज्य नियमों को करे आसान

## पहले 100 दिन के लिए जीटीआरआई ने दी सलाह, निर्यात को बढ़ावा देने पर दे ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ई-वाणिज्य नियमों को आसान करने, शुल्क वापसी योजना का नकद वितरण, एक राष्ट्रीय व्यापार तंत्र की स्थापना और भारत के व्यापार समझौतों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करना नई सरकार के 100 दिन का एजेंडा होना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि प्रमुख फलों और सब्जियों के उत्पादों के लिए तंत्र का पता लगाने के वास्ते ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का सुझाव दिया गया है।

ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी एक उन्नत डेटाबेस तंत्र है जो एक व्यावसायिक नेटवर्क के भीतर पारदर्शी जानकारी



साझा करने की अनुमति देता है। रिपोर्ट में विशेष आर्थिक क्षेत्रों को छूट के आधार पर घरेलू बाजार में सामान बेचने की अनुमति देना और दवा सामग्री, सौर सेल, ईवी बैटरी और मोबाइल फोन घटकों जैसे महत्वपूर्ण आयात के लिए चीन पर निर्भरता को कम करने आदि का भी सुझाव दिया गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा-पहले 100 दिन (एक नई सरकार के लिए) शासन और नीति की दिशा निर्धारित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं...। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होगा और मतों की गिनती चार जून को की जाएगी। चुनाव सात चरण में होने हैं।

शोध संस्थान ने यूरोपीय जलवायु विनियमन के प्रतिकूल प्रभावों का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने; गठबंधन बनाने, डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) में बेहतर परिणामों के लिए साझेदारी को मजबूत करने; डब्ल्यूटीओ कानून कितने भेदभावपूर्ण हैं और उनमें बदलाव की जरूरत है इस बात पर प्रकाश डालने और विनिर्माण योजनाओं में प्रोत्साहनों का मानकीकरण करने आदि के सुझाव दिए। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि राष्ट्रीय व्यापार तंत्र (एनटीएन) सभी आवश्यक दस्तावेजों तथा सूचनाओं को ऑनलाइन जमा करने को केंद्रीकृत करने के अलावा, सीमा शुल्क, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), शिपिंग कंपनियों, बंदरगाह और बैंक के साथ अलग-अलग बातचीत की आवश्यकता को समाप्त करने के अलावा सभी निर्यात-आयात संबंधी अनुपालन को ऑनलाइन सक्षम करने में मदद करेगा। श्रीवास्तव ने एनटीएन की वकालत करते हुए कहा कि विशिष्ट विभागों पर केंद्रित मौजूदा प्रणालियां तेजी से विकसित नहीं होती और व्यापक प्रक्रियाओं को भी कुशलतापूर्वक नहीं संभाल पाती। उन्होंने कहा है कि नई व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत तैयार एनटीएन भारत के लिए आवश्यक है।

## दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन बढ़ाकर 6 जून की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन आगे बढ़ाकर 6 जून कर दी है। आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस में बुधवार को इस संदर्भ में संशोधन किये गये। विभाग ने बोलीदाताओं के लिए नकदी को सुगम बनाने के लिए बैंक गारंटी और बयाना राशि जमा की गारंटी भी कम कर दी है। नोटिस संशोधन के अनुसार, लोकसभा परिणामों की घोषणा के बाद लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख 20 मई से बदलकर 6 जून कर दी गई है। परीक्षण के तौर पर नीलामी अब 13 और 14 मई के बजाय 3 जून को होगी। सरकार मोबाइल सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। विभाग ने पश्चिम बंगाल सर्किल में 900 मेगाहर्ट्ज बैंड में नीलामी के लिए ब्लॉक की संख्या भी घटाकर 44 कर दी है।

# सरकार ने 1,000 टन काला नमक चावल के निर्यात पर शुल्क हटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अभी तक निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था
- काला नमक गैर-बासमती चावल की है एक किस्म

सरकार ने छह निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल की किस्म के निर्यात पर शुल्क हटा दिया है। अभी तक काला नमक चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार से प्रभावी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मंगलवार को निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसके निर्यात पर पहले प्रतिबंध था। चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा



शुल्क केंद्रों के माध्यम से अनुमति दी गई है। ये केंद्र वाराणसी एयर कार्गो; जेएनसीएच (जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस), महाराष्ट्र; सीएच (कस्टम हाउस) कांडला, गुजरात; एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) नेपालगंज रोड; एलसीएस सोनौली; एवं एलसीएस बरहनी हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 78,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52,900-53,100 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 68,800 |
| चांदी आभूषण | 76,800। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 63-85 मसूरी 44-75 बासमती 100-105, **दाल दलहन**-काला चना 70-80 साबुत चना दाल 72-80 मूंग साबुत 115 राजमा- 112-130 दाल उड़द 108-110 साबुत मसूर दाल 67-72 मसूर दाल 84 उड़द साबुत 117 काबुली चना 98-125, अरहर दाल 140-160 लोबिया/करमानी 104 सोयाबीन 45-60 मूंगफली 78 मटर (सूखी) 67 मक्का 20 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर :118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका :102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये ।

# कल आएगा नीतिगत ब्याज दर पर अंतिम फैसला

**मुंबई, एजेंसी**

- रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की एमपीसी रेपो दर के संबंध में अंतिम निर्णय करेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी।

ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगा। आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंताएं कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही ध्यान रहने की उम्मीद है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और तब से यह लगातार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है।

# भारत जल्द ही बनाएगा अपना पहला वाणिज्यिक कच्चा तेल रणनीतिक भंडारण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सरकार ने उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई का किया गठन

दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत जल्द ही कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का




गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए निर्माण शामिल हैं।

# राष्ट्रीय



## भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता और मुक्केबाज विजेंदर सिंह

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, बुधवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। अप्रैल 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने वाले सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है।

### वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

# संविधान को नष्ट करने का प्रयास कर रही आरएसएस

**वायनाड (केरल), एजेंसी**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को 'नष्ट करने की कोशिश' का आरोप लगाया। राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस




कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रोड शो निकाला। • एजेंसी

कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी रिटर्निंग अधिकारी भी हैं।

अपना नामांकन दाखिल करने के बाद गांधी ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और भारत के संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा-एक तरफ वे ताकतें हैं जो इस देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती हैं और दूसरी तरफ वे ताकतें हैं जो हमारे देश के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य लोग हैं जो देश में संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

## खरगे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है। खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का उल्लेख किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा-इन गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या क्या काम करेंगे। उन्होंने कहा-हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी।

## एक नजर

### भाजपा नेता सुशील कुमार ने कैंसर से पीड़ित होने की दी जानकारी

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बताया कि उन्हें छह माह पहले ही कैंसर से पीड़ित होने की बात पता चली है और वह पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे। सुशील मोदी (72) को भाजपा ने राज्य के लिए अपने स्टार प्रचारकों में शामिल किया था और अपनी चुनाव घोषणापत्र समिति का सदस्य नियुक्त किया था। सुशील मोदी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा, ''मैं पिछले छह महीने से कैंसर से जूझ रहा हूं। मुझे लगता है कि अब लोगों को यह जानकारी देने का वक्त आ गया है। मैं लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा।

### ओडिशा के मल्कानगिरि में विस्फोटक जब्त

**मल्कानगिरि।** ओडिशा के मल्कानगिरि जिले में बुधवार को भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ से लगी राज्य की सीमा पर कालीमेला थानांतर्गत दयालतुंग गांव में एक जंगल के निकट 12 बारूदी सुरंग और जिलेटिन की 190 छड़ बरामद कीं हैं।

# न्यायालय ने अजित पवार नीत राकांपा से जारी विज्ञापनों का मांगा ब्योरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**घड़ी चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से उसके आदेश के अनुपालन के तहत समाचार पत्रों में डिस्क्लेमर (दावा अस्वीकरण) के साथ जारी किए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में राकांपा (अजित पवार गुट) को इस 'डिस्क्लेमर' के साथ प्रचार करने का निर्देश दिया था कि पार्टी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से जारी विज्ञापनों का विवरण देने को कहा। दरअसल, शरद पवार गुट ने आरोप लगाया था कि अजित पवार गुट अदालत के 19 मार्च के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-रोहतगी, आप इस संबंध में (अपने मुवक्किल से) जानकारी हासिल कीजिए कि इस आदेश के बाद कितने विज्ञापन जारी हुए। यदि वह (अजित पवार) इस प्रकार का बर्ताव कर रहे हैं तो हमें इस पर



फैसला करना पड़ेगा। किसी को भी जानबूझकर हमारे आदेश का गलत मतलब निकालने का अधिकार नहीं है। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 19 मार्च को इस अदालत ने तर्कों के साथ एक आदेश पारित किया था, जिसमें उनसे (अजित पवार धड़े से) अखबारों में यह विज्ञापन जारी करने को कहा गया था कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटन का मामला अदालत में विचाराधीन है और उन्हें इस चिह्न के इस्तेमाल की अनुमति इस आधार पर दी गई है कि यह शीर्ष अदालत के अंतिम फैसले के अधीन होगा। सिंघवी ने कहा-अब, उन्होंने निर्देश का अनुपालन नहीं किया है और उनके द्वारा बिना 'डिस्क्लेमर' के विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने इस अदालत के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, जिसमें इस आदेश में छूट दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

# बिना समय गंवाए जांच एनआईए को सौंपने का आदेश

**कोलकाता, एजेंसी**

**दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा का मामला**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उत्तरी दिनाजपुर जिले के दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार से एकल पीठ के आदेश का पालन करने को कहा।

एकल पीठ ने दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा की घटना में दो युवकों की मौत और अन्य के घायल होने की घटना की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का निर्देश दिया था।

मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एनआईए को जांच स्थानांतरित करने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए एकल पीठ के आदेश पर कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने राज्य को बिना समय बर्बाद किए जांच एनआईए को स्थानांतरित करने के एकल पीठ के आदेश को लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि राज्य की अपील पर फैसले के अनुरूप इसका क्रियान्वयन होगा।

## धनखड़ ने 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता की दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार श्री धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ लेने वालों में बिहार से भाजपा की धर्मशीला गुप्ता, बिहार से ही राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और संजय यादव , गुजरात से भाजपा के गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, हरियाणा से भाजपा के सुभाष चंद्र बराला, हिमाचल से भाजपा के हर्ष महाजन, कर्नाटक से कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, एमपी से डॉ. एल मुरूगन, एमपी से कांग्रेस के अशोक सिंह, महाराष्ट्र से कांग्रेस के चंद्रकांत हंडोरे,महाराष्ट्र से ही भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी और यूपी से भाजपा की साधना सिंह शामिल हैं।

## बीजापुर में करीब 12 घंटे तक चली मुठभेड़ 13 नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के घने जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगभग 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत 13 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता के लिए सराहना करते हुए, इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को 10 नक्सलियों के शव बरामद किए थे।

# स्वतंत्र, शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराएं अधिकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चुनाव आयोग की बैठक में की गई संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा

चुनाव आयोग ने बुधवार को यहां राज्यों और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा चुनावों और कुछ राज्यों की विधान सभा के चुनावों की इस समय चल रही प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए। आयोग ने बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों और केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी भाग लिया। कुमार ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और इसके लिए सभी हितधारकों से मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य और केंद्र के अधिकारियों को इस को संकल्प को ठोस कार्रवाई में बदलने का आह्वान किया। बैठक में इन चुनावों के दौरान पड़ोसी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। आयोग की ओर से राज्यों को कहा गया है कि वे चुनाव ड्यूटी के लिए उपलब्ध कराए गए केंद्रीय बलों की समुचित ढंग से तैनाती करें। आयोग ने सीमावर्ती राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों की आवाजाही और परिवहन के लिए साजो-सामान संबंधी सहायता, सीमावर्ती क्षेत्रों में उन फ़्लैशपॉइंटों की पहचान और निगरानी करने के भी निर्देश दिए है जो चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। एजेंसियों को पिछले अनुभवों के आधार पर सांप्रदायिक तनाव को दूर करने के लिए निवारक उपाय, और खुली सीमाओं पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ चौकसी, आयोग ने अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार नशीले पदार्थों, शराब, हथियारों और विस्फोटकों सहित प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी के महत्व को रेखांकित किया। विज्ञप्ति के अनुसार कुछ राज्यों में अवैध गांजा की खेती पर अंकुश लगाने, सीमाओं पर शराब और नकदी की आवाजाही के लिए निकास और प्रवेश बिंदुओं की पहचान करने का निर्देश दिया गया।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 03 | 06 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से रौंदा

## सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने जड़े अर्धशतक, कोलकाता के वैभव व वरुण ने तीन-तीन विकेट झटके



सुनील नरेन

**विशाखापटनम, एजेंसी**

सुनील नरेन के 85 रन और अंगकृष रघुवंशी की 54 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से हरा दिया है।

273 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिल्टस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में पृथ्वी शॉ 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद मिचेल मार्श और अभिषेक पोरेल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय कप्तान ऋषभ पंत और डेविड वॉर्नर के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। वॉर्नर 13 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ऋषभ पंत ने 25 गेंदों में पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 55 रनों की पारी खेली। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने 32 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाये। अक्षर पटेल खाता भी नहीं खोल सके। सुमित कुमार सात रन, रसिख सलाम एक रन और एनरिक नॉर्टजे चार रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ढ़ेर हो गई। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी हार है। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने तीन-तीन विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। सुनील नरेन और आंद्रे रसल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 273 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में कोलकता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

- **दिल्ली कैपिटल्स की ओर से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 55 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 54 रनों की पारी खेली**

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता के लिए फिल सॉल्ट और सुनील नरेन की सलाम जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नॉर्टजे ने फिल सॉल्ट को 18 रन पर आउट कर कोलकाता को पहला झटका दिया। इसके बाद आईपीएल में पर्दापण कर रहे अंगकृष रघुवंशी ने सुनील नरेन के साथ दूसरे विकेट के 104 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी करते हुए 27 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाते हुए अपना पहला अर्धशतक लगाया। वहीं सुनील नरेन ने 39 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 85 रन ठोक डाले। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल ने 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की सहायता से 41 रन बनाये। रिंकू सिंह ने आठ गेंदों में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 26 रन ठोके। रमनदीप सिंह दो रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर पांच रन और मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। खेल के दौरान दिल्ली को धीमे ओवर रेट के कारण और एक अतिरिक्त फील्डर दायरे अंदर करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने तीन विकेट लिये। इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। खलील अहमद और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।

### कोलकाता 272/7 (20 ओवर, अतिरिक्त : 22)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 | 12 | 4/0 |
| सुनील नरेन का पंत बो मार्श | 85 | 39 | 7/7 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 | 27 | 5/3 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 | 19 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 | 11 | 0/2 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 | 08 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 05 | 02 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 02 | 02 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-43-1, इशांत 3-0-43-2, नॉर्टजे 4-0-59-3, रसिख 3-0-47-0, सुमित 2-0-19-0, अक्षर 1-0-18-0, मिचेल 3-0-37-1

### दिल्ली 166/10 (17.2 ओवर, अतिरिक्त : 16)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर बो स्टार्क | 18 | 13 | 2/1 |
| पृथ्वी शॉ का चक्रवर्ती बो वैभव | 10 | 07 | 2/0 |
| मिशेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल का नरेन बो वैभव | 00 | 05 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 55 | 25 | 4/5 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो चक्रवर्ती | 54 | 32 | 4/4 |
| अक्षर पटेल का मनीष बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0/0 |
| सुमित कुमार का मनीष बो नरेन | 07 | 06 | 0/1 |
| रशिक धर सलाम का सॉल्ट बो वैभव | 01 | 05 | 0/0 |
| एनरिक नॉर्टजे का श्रेयस बो रसेल | 04 | 06 | 0/0 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मिशेल स्टार्क 3-0-25-2, वैभव अरोड़ा 4-0-27-3, आंद्रे रसेल 1.2-0-14-1, सुनील नरेन 4-0-29-1, वरूण चक्रवर्ती 4-0-33-3, वेंकटेश अय्यर 1-0-28-0

## खेल डायरी

### बेंगलुरु मैराथन में दौड़ेंगे 96 वर्ष के दत्तात्रेय

**बेंगलुरु।** 96 वर्ष के एन एस दत्तात्रेय 28 अप्रैल को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु 2024 मैराथन में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज धावक होंगे। वह पहले भी इस रेस में हिस्सा ले चुके हैं। पांच साल पहले लंबी दौड़ में पदार्पण करने वाले दत्तात्रेय कई मैराथन और वॉकाथन में प्रतिभागी रह चुके हैं। उन्होंने कहा, ''पहली मैराथन के बाद ही मुझे लगा कि मैं इसमें जारी रख सकता हूं। मैंने फिट रहने के लिये शुरूआत की थी और जल्दी ही यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गया। अगर आपके पास अपार दौलत है लेकिन आप उसे भोग नहीं सकते तो क्या फायदा। स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, पैसा नहीं।''

### रोनाल्डो की सऊदी अरब में एक और हैट्रिक

**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है। उन्होंने शनिवार को अल नासर की अल ताई पर 5-1 से जीत के दौरान भी हैट्रिक बनाई थी। वह अभी तक लीग में 29 गोल कर चुके हैं और इस मामले में शीर्ष पर काबिज हैं। अल नासर लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर के खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी। अनमोल को इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में कजाकिस्तान की कामिला स्मगुलोवा से वॉकओवर मिला।

### टी20 शृंखला में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 शृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे।

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कथित उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म की

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को कहा कि उसने एक पुरूष कर्मचारी द्वारा महिला कर्मचारी के उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म कर दी है क्योंकि कथित पीड़िता और दूसरा पक्ष मामले को आगे नहीं बढाना चाहते थे। पिछले सप्ताह एआईएफएफ मुख्यालय की एक महिला कर्मचारी ने पुरूष सहकर्मी द्वारा उत्पीड़न की मौखिक शिकायत की थी लेकिन कोई औपचारिक आरोप नहीं लगाया था। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि आंतरिक शिकायत समिति जांच आगे बढाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि कथित पीड़िता और अन्य पक्ष मामले को आगे खींचना नहीं चाहते लिहाजा जांच खत्म की जाती है।

## निकहत, लवलीना समेत अन्य मुक्केबाज तुर्की में लेंगे प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले विश्व चैंपियन निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन समेत भारतीय मुक्केबाज तुर्की में विशेष शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉपस) के तहत तुर्की में प्रशिक्षण शिविर में निकहत और लवलीना के साथ शामिल होंगी। मुक्केबाजों को दो कोच और एक फिज़ियो भी उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निकहत और लवलीना ने पिछले वर्ष एशियन गेम्स 2023 में आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए मुक्केबाजी में भारत के लिए कोटा हासिल किया था।

# चोटिल शिवम मावी आईपीएल से हुए बाहर

**बेंगलुरु, एजेंसी**



लखनऊ सुपर जायंट्स (एचएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोटिल होने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट में यह नहीं बताया कि चोट कहां लगी है। उन्होंने कहा, "मैं टूर्नामेंट को बहुत याद करूंगा। मैं यहां पर चोट के बाद आया था और सोचा था कि अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से चोटिल होने की वजह से मुझे टूर्नामेंट छोड़ना होगा।"

उन्होंने कहा, "क्रिकेटर को इसके लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना पड़ता है। अगर आपको चोट लगी है तो आपको यह देखने की जरूरत है कि वापसी के लिए क्या किया जा सकता है, आपको किन चीजो का ख्याल रखना है।" उन्होंने कहा, "हमारी बहुत अच्छी टीम है, मैं टीम के लिए बाहर से चीयर करूंगा और उम्मीद है कि हम जीतेंगे।" एलएसजी ने मावी की जगह किसी अन्य का चयन नहीं किया है। टीम के पास अभी मैट हेनरी, शमार जोसेफ, मोहसिन खान, मयंक यादव, यश ठाकुर, अरशद खान और युद्धवीर सिंह जैसे तेज गेंदबाज हैं।

## मुस्तफिजुर रहमान का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। सीएसके के लिए शुरुआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था।

# श्रीलंका ने दूसरा टेस्ट जीत क्लीन स्वीप किया

**चट्टोग्राम (बांग्लादेश), एजेंसी**

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा।

श्रीलंका ने इससे पहले टी20 शृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे शृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए थे।

- **श्रीलंका ने इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टी20 शृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी**





# बॉलीवुड हलचल

## आलिया भट्ट के लिए कंगना रनौत के खिलाफ क्यों खड़े हो गए थे रणदीप हुड्डा?



**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा की गिनती उन एक्टर्स में होती है जो बेबाकी से अपनी बात रखते हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके बयान से किसी को क्या फर्क पड़ने वाला है। वह हमेशा सही के साथ खड़े रहना पसंद करते हैं। साल 2019 में वह आलिया भट्ट का सपोर्ट करने के लिए कंगना रनौत के खिलाफ खड़े हो गए थे। आलिया और रणदीप ने एक साथ फिल्म 'हाईवे' में काम किया था। कंगना ने आलिया को मीडियोकर एक्टर बताया था, उस वक्त के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा है कि आलिया को बेवजह टारगेट किया गया था। सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में रणदीप ने आलिया के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात की। कंगना की बात पर आलिया को सपोर्ट करने को लेकर भी उन्होंने बताया। रणदीप ने कहा, "हाईवे के वक्त मेरा आलिया के साथ एक सच्चा रिश्ता बन गया था। मुझे नहीं पता कि आलिया की तरफ से भी ऐसा था या नहीं। वो उसकी मर्जी है। मैं सिर्फ अपनी बात कहूंगा। मैंने देखा है उसे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हुए। मैं दिल से उसके साथ खड़ा था क्योंकि उसे बिना वजह टारगेट किया जा रहा था।" कंगना के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा, "अपने साथी कलाकारों या अपने साथ काम करने वालों या अपनी बिरादरी को उन चीज़ों पर निशाना बनाना जो आपको लगता है कि आपको नहीं मिलीं, भले ही मुझे लगता है कि आपको इस इंडस्ट्री से बहुत कुछ मिला है, यह बिल्कुल अशोभनीय है। मुझे लगा कि मुझे यह करना चाहिए और मैंने यह किया।"



## जब प्रोड्यूसर बोला- 'तेरे ऊपर कोई पैसा नहीं लगाएगा'

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के एक्टर विक्रांत मैसी को विधु चोपड़ा के निर्देशन में बनी 12वी फेल से एक्टर को अलग ही पहचान मिली है। उन्हें फिल्मफेयर 2024 का बेस्ट एक्टर क्रिटिक्स अवार्ड मिला। विक्रांत मैसी आज 3 अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम आपको एक्टर के स्ट्रगल के दिनों का एक किस्सा बताने जा रहे हैं, जो शायद ही आपको बता होगा। एक्टर ने अपने 17 साल के करियर में टीवी सीरियल्स से बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया। हालांकि एक्टर को उनके करियर के शुरूआती दिनों में प्रोड्यूसर कास्ट नहीं करते थे। विक्रांत मैसी ने अपने एक इंटरव्यू में स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कहा था कि "बहुत से ऐसे प्रोड्यूसर हैं, जिनके पास जब मैं काम मांगने जाता था तो वह कहते थे कि अगर वो फिल्म में होंगे तो कोई पैसा नहीं लगाएगा। मुझे पता है कि तू ये करेगा तो बहुत अच्छा करेगा लेकिन जब मैं तेरा नाम आगे पुश करूंगा न तो कोई पैसा नहीं लगाएगा।" एक्टर ने आगे कहा कि "जब फिल्मों में काम करना शुरू किया, सब लोग फर्राटेदार अंग्रेजी में बात कर रहे होते थे और तब अंग्रेजी में मेरा हाथ काफी तंग था। टीवी एक्टर को फिल्म वाले बहुत जलील करते हैं।"

## तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने, लाल जोड़े में नाचती दिखीं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बीते काफी समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बॉयफ्रेंड मैथियास के साथ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर ली है। हालांकि शादी की कोई फोटोज सामने नहीं आई हैं। वहीं एक्ट्रेस ने भी इस पर अभी तर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जो तापसी की शादी का बताया जा रहा है। हालांकि, वीडियो को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक्ट्रेस दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। एंट्री के दौरान एक्ट्रेस डांस करती हुई दिखाई दे रहीं हैं। वहीं मैथियास स्टेज पर उनका इंतजार करते नजर आ रहे हैं। तापसी दुल्हन के लुक में काफी प्यारी लग रही हैं। एक्ट्रेस ने लहंगा-साड़ी छोड़ अनारकली सूट पहना है। उन्होंने सुर्ख लाल जोड़ा पहना, जिसे लाल चूड़ा, सुनहरे कलीरे और ब्लैक सनग्लासेस के साथ स्टाइलिश टच दिया है। एक्ट्रेस जीत सिंह और चित्रा सिंह के गाने 'कोठे ते आ माहिया' पर डांस करते हुए आती हैं और फिर पहले तो वह दूल्हा बने मैथियास को गले लगाती और फिर जयमाला पहनाती हैं। इसके तापसी और मैथियास एक-दूजे संग जमकर ठुमके लगाते हैं। वीडियो के आखिरी शॉट में मैथियास को फूलों से सजी साइकिल पर बैठे दिखाया गया है। एक्ट्रेस ने पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# प्राकृतिक आपदा के लिए धन नहीं दे रहा केंद्र, कोर्ट का रुख किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र के विरुद्ध शीर्ष कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर प्राकृतिक आपदा राहत कोष को रोकने का आरोप लगाया है। साथ ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया है।

याचिका में स्टालिन सरकार ने आरोप लगाया है कि प्राकृतिक आपदाओं के लिए केंद्र से मिलने वाला धन उसके लिए जारी नहीं किया जा रहा है। साथ ही इसमें तमिल सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ और चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के लिए केंद्र को 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान करने का निर्देश देने का आग्रह किया। इतना ही नहीं याचिका में केंद्र को अंतरिम उपाय के रूप में दो हजार करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

इससे पहले, कर्नाटक सरकार ने भी केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसने यह आरोप लगाया था कि केंद्र सूखे की स्थिति से निपटने के लिए उसे वित्तीय सहायता नहीं दे रहा है। इसने यह निर्देश देने की मांग की थी कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से धन जारी किया जाए।

# जल संकट से निपटने के लिए भंडारण का संयोजन आवश्यक

**हैदराबाद।** जैसा जल संकट फिलहाल बेंगलुरु में देखा जा रहा है, पानी की इस तरह की कमी की समस्या का समाधान करने के लिए जल भंडारण सहित जल संसाधन प्रबंधन के अलग-अलग तरीकों के संयोजन की आवश्यकता है।


विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक परमेवरन अय्यर ने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन के समय में जल संसाधन प्रबंधन बिल्कुल महत्वपूर्ण है। उन्होंने केंद्र के 'जल शक्ति अभियान' का हवाला दिया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया की बैठक में बोले जल संसाधन प्रबंधन और पानी की उपलब्धता के कई मुद्दे गंभीर होते जा रहे हैं। आगे बोले- बेहतर संसाधन तरीकों का संयोजन महत्वपूर्ण है।

# चुनाव में डीपफेक से लड़ने को प्लेटफॉर्म नए टूल व नीति ला रहे

*इस साल भारत समेत दुनिया के 50 फीसदी से भी अधिक लोग मतदान करने वाले हैं। हालांकि एआई और डीपफेक जैसी चुनौती के आने के बाद चुनाव सुचारू रूप से करा पाना सभी देशों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। हालिया समय में चुनाव प्रचार में एआई डीपफेक का इस्तेमाल कर सिंथेटिक इमेज, डीपफेक ऑडियो और वीडियो बनाना काफी सस्ता और आसान हो गया है। इसी कारण अमेरिका सहित दुनिया भर के उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का व्यापक रूप से उपयोग और दुरुपयोग किया जा रहा है।*

## गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना सबसे बड़ी समस्या

एआई जनरेटेड गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना बड़ी समस्या बन रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह तकनीक भारत समेत बाकी देशों के लोकतंत्र को कमजोर कर सकते हैं। चुनाव में डीपफेक और एआई जनरेटेड सामग्री पर लगाम लगने के लिए भारत और अमेरिका में बड़ी तैयारियां की जा रही हैं। ओपनएआई और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने ऐसे खतरों से निपटने के लिए नितिगत बदलाव किए हैं। चैट जीपीटी के स्वामित्व वाली ओपन एआई 'वॉयस इंजन' के साथ डीपफेक से लड़ेगा। वॉयस इंजन, एक टेक्स्ट-टू-स्पीच मॉडल है जो सिंगल 15 सेकंड ऑडियो से किसी की भी नेचुरल आवाज को प्रोड्यूस कर सकता है।



## ओपनएआई ने किए कई बदलाव



चुनावों में 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया' को कमजोर करने से रोकने के लिए ओपनएआई ने अपनी जेनरेटिव एआई-आधारित तकनीकों जैसे चैटजीपीटी, डल-ई में कई बदलाव किए हैं। इसमें इस प्लेटफॉर्म से उत्पन्न सामग्री का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसकी सक्रिय निगरानी शामिल है। नई नीति के तहत अब जो आवाजें एआई- जनरेटेड हैं वो बताने के लिए ओपनएआई वाध्य होगा। कोई भी व्यक्ति नेता के नाम से चैटवॉट नहीं बना सकेगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने जैसे सवालों का रिस्पॉन्स अव चैटवॉट नहीं देगा।

## फेक इमेज और डीपफेक के लिए नई नीति



यूजर्स को एआई द्वारा उत्पन्न इमेज का पता लगाने में मदद करने के लिए ओपन एआई काम करेगा। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग के अनुसार, मेटा अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई डीपफेक या एआई-जनरेटेड इमेज को 'इमेजिन्ड विद एआई' के रूप में लेबल करना शुरू करेगा, ताकि उनमें और मानव-जनित सामग्री के बीच अंतर किया जा सके। हालिया समय में मेटा ने स्टेबल सिग्नेचर नामक एक अदृश्य वॉटरमार्किंग तकनीक विकसित की है, जो वॉटरमार्किंग को किसी हटाने से रोकेगा।

## एआई ने दिया सुझाव, रेगुलेशन में सभी मंत्रालयों की हो भागीदारी

देश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की निगरानी के लिए जरूरी सिस्टम तैयार करने पर गंभीर विचार चल रहा है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सदस्यों से मिलकर बनी कमेटी ने सिफारिश की है कि इसके लिए एक अंतर मंत्रालयीन कमेटी का गठन हो। पिछले माह सौंपी गई सिफारिश में कहा गया है कि यह काम सरकार से जुड़ी सभी मंत्रालय मिलकर करें। इलेक्ट्रानिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ केंद्र के हर मंत्रालय को निगरानी तंत्र में कोई न कोई भूमिका दी जाए। बता दें, बाजार नियामक सेबी एल्गोरिदेमिक ट्रेडिंग करने वाली कंपनियों को तब तक ही प्रोप्रिएटर टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की अनुमति देता है, जब तक वे कुछ गलत न करें।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप से तबाही कई इमारतें जमींदोज, नौ की मौत

## 25 साल बाद आया 7.4 तीव्रता का भूकंप, 700 से ज्यादा लोग घायल, मोदी ने जताया दुख

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

ताइवान के हुलिएन में 25 साल बाद बुधवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप ने तबाही मचा दी। कई इमारतें जमींदोज हो गई है, जबकि कई 45 डिग्री के कोण पर झुक गईं। राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए पूरे द्वीपीय देश में रेल सेवा प्रभावित हो गई है। हालांकि, पूर्व में जारी सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। आपदा में नौ लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं 50 से ज्यादा लोगों लापता हैं।

सीएनएन ने राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी (एनएफए) का हवाला देते हुए बताया कि द्वीप के पूर्वी तट पर आए शक्तिशाली भूकंप के बाद पूरे ताइवान में कम से कम 77 लोग फंस गए हैं। अधिकारियों ने फंसे हुए लोगों की स्थिति के बारे में विस्तार से नहीं बताया लेकिन कहा कि बचाव अभियान जारी है। एनएफए के अनुसार, घायलों में से 132 लोग भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। भूकंप के बाद के झटकों की वजह से भूस्खलन की 24 घटनाएं हुई हैं तथा 35 सड़कें, पुल और सुरंगे क्षतिग्रस्त हुई हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान में बुधवार को 25 वर्षों में सबसे शक्तिशाली भूकंप आया, जब द्वीप के पूर्वी तट पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, तो इमारतें ढह गईं। बता दें, सुनामी की चेतावनी के कारण एयरलाइंस और हवाईअड्डों को उड़ानें निलंबित करनी पड़ीं। हालांकि, बाद में फिर से शुरू कर दिया गया। आपदा से पूरे द्वीप में 125 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, क्षतिग्रस्त इमारतों में से लगभग आधी इमारतें भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। हुलिएन काउंटी के मजिस्ट्रेट सू चेन-वेई ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, काउंटी में चार इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं। तीन इमारतों के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि नौ मंजिला यूरेनस बिल्डिंग में खोज और बचाव अभियान जारी है।





7.4 तीव्रता से आए भूकंप से 45 डिग्री के कोण पर झुकी इमारत, वहीं मलबे में पीड़ितों की तलाश करते बचावकर्मी।

## पीएम मोदी ने भूकंप प्रभावित ताइवान के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ताइवान में आए भूकंप में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया और देश के लोगों के प्रति भारत की एकजुटता व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आज ताइवान में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं। शोकाकुल परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम ताइवान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं क्योंकि वे सह रहे हैं।

# कानून उल्लंघन पर 5 गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए रद

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने विदेशी अनुदान के दुरुपयोग और अन्य कारणों का हवाला देते हुए उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पांच जानेमाने गैर सरकारी संगठनों के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद कर दिए हैं।

जिन एनजीओ के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस (सीएनआई-एसबीएसएस), वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएचएआई), इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी (आईजीएसएसएस), चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन (सीएएसए) और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया (ईएफओआई) शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है।

# न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खुफिया एजेंसियों की दखलअंदाजी के आरोपों पर बोले पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश

पाकिस्तान की न्यायपालिका इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि न्यायपालिका की आजादी पर किसी भी तरह के हमले को विफल किया जाएगा।

उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया कि न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की पूर्ण अदालत सुनवाई करेगी। दरअसल, मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने दावा किया कि उन्हें धमकी भरे पत्र मिले और इन पत्रों में मादक पदार्थ भेजा गया था। इन न्यायाधीशों ने सीजेपी को पत्र लिखा था। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसादुक हुसैन जिलानी ने खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता से खुद को अलग कर दिया था। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान ने कहा, सरकार ने पूरी ईमानदारी से मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया था। लेकिन सोशल मीडिया और वकीलों ने उस आयोग की आलोचना की। वह चाहते थे कि अदालत मामले की सुनवाई करे। सीजेपी ईसा ने कहा कि वह अपने संस्थान की आजादी को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं। सीजेपी ने कहा, अगर न्यायपालिका की आजादी पर किसी तरह का हमला होता है, तो मैं (न्यायपालिका का बचाव करने में) सबसे आगे रहूंगा और निश्चित तौर पर मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े रहेंगे और हम कभी भी दखलंदाजी को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, यह संभव है कि हम अगली सुनवाई में एक पूर्ण अदालत का गठन कर सकते हैं।

# सीमा पार आतंकवाद का कोई भी कृत्य बर्दाश्त नहीं

अस्ताना, एजेंसी



- कजाकिस्तान में आयोजित एससीओ बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है।

इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। डोभाल ने कहा सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दोहरे मानदंडों से दूर रहने और उन लोगों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो आतंकवाद के प्रायोजक, वित्तपोषक और मददगार हैं। अफगानिस्तान में आतंकवाद की निरंतर मौजूदगी सुरक्षा स्थिति पर गहरा चिंता का विषय है।

## एक नजर

### अमृतसर में हवाला रैकेट का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) अमृतसर ने बुधवार को हवाला रैकेट का पर्दाफाश किया। संयुक्त टीम ने पास से हेरोइन और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च 2024 को बीएसएफ के खुफिया तंत्र को अमृतसर जिले के एक सीमावर्ती गांव में नशीले पदार्थों के साथ एक तस्कर की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली, फिर संयुक्त टीम के ऑपरेशन दौरान अमृतसर में पर्यटक स्थल 'साडा पिंड' के बाहर एक और संदिग्ध को पकड़ा। युवक ने पूछताछ के दौरान हवाला रैकेट और पाकिस्तान से तस्करों को हस्तांतरित करने का जुर्म कबूल लिया है। दोनों तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाद में उन्हें जिला अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल, अमृतसर भेज दिया।

### महाराष्ट्र में एग्जिट पोल के प्रकाशन और प्रसारण पर प्रतिबंध

**मुंबई।** भारत चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में पांच चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के संपन्न होने तक एग्जिट पोल के प्रसारण या प्रकाशन पर रोक लगा दी है। इस पृष्ठभूमि में, आयोग ने चुनाव अवधि के दौरान चुनावी भविष्यवाणियां दिखाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आयोग की ओर से बुधवार को जारी बयान अनुसार, महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनाव होंगे और गत 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राज्य में एग्जिट पोल के प्रकाशन/प्रसारण पर 19 अप्रैल सुबह सात बजे से एक जून तक प्रतिबंध लागू रहेगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्येक चरण में मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले ओपिनियन पोल पर प्रतिबंध रहेगा।

### यमन में सेना और हूती के बीच संघर्ष, 21 लोगों की मौत

**अदन।** यमन के दक्षिणी प्रांत लाहज में बुधवार को सेना और हूती समूह के बीच हुए संघर्ष में 21 लोग मारे गए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया है कि, मोर्चे पर सेना और हूती आतंकवादियों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। जहां सेना और हूती आतंकवादियों की बीच गोलाबारी हुई। इस गोलीबारी में कमांडर सहित 12 जवानों की मौत हो गई और अन्य आठ घायल हो गए। इस बीच नौ हूती आतंकवादी मारे गए और 15 से अधिक घायल हुए हैं। यमन में दो अक्टूबर 2022 से हालात बहुत नाजुक बने हुए हैं। जब संयुक्त राष्ट्र ने छह महीने के संघर्ष विराम को बढ़ाने और यमन सरकार की हूती आतंकवादियों से निपटने की विफलता की घोषणा की थी। बता दें, लड़ाकों ने 2014 में सना पर कब्जा कर लिया था।

## भक्तों का सैलाब..

**अबूधाबी।** अबूधाबी में बने मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक महीने के दौरान 3 .5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। बता दें, इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसे एक मार्च को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। हर शनिवार और रविवार को 50 हजार के करीब लोग पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना है कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम 7 .30 बजे स्वामीनारायण घाट पर गंगा आरती होती है। इसका निर्माण गंगा और यमुना के पवित्र जल से किया गया है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की ओर से लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबूधाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान के 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है।




# ब्राजील में 40 करोड़ रु. में बिकी भारतीय नस्ल की गाय

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में गायों की औसत कीमत 11 हजार रुपये या इससे अधिक है, लेकिन ब्राजील में एक गाय 40 करोड़ रुपये में बिकी है। पशुओं की नीलामी में इसे नया रिकॉर्ड बताया जा रहा है। गाय आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की 'वियाटिना-19 एफआइवी मारा इमोविस' नाम की नस्ल की है।

ब्राजील में नीलामी के दौरान इसे 48 लाख डॉलर में खरीदा गया। सफेद फर और कंधों पर विशिष्ट बल्बनुमा कूबड़ वाली यह गाय भारत की मूल निवासी है। ब्राजील में इस नस्ल की काफी डिमांड है। नस्ल का वैज्ञानिक नाम 'बोस इंडिकस' है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह भारत के ओंगोल मवेशियों की वंशज है, जो अपनी मजबूती के लिए जानी जाती है। यह खुद को पर्यावरण के हिसाब से ढाल लेती है। यह नस्ल पहली बार 1868 में जहाज से ब्राजील भेजी गई थी। साठ के दशक में कई और गायों को वहां ले जाया गया था।

ओंगोल नस्ल के मवेशी काफी गर्म तापमान में भी रह सकते हैं। इनका उपापचय (मेटाबॉलिज्म) मजबूत होने से इनमें किसी तरह का इंफेक्शन नहीं होता। ब्राजील में जमकर गर्मी होती है। इसलिए वहां यह गाय काफी पसंद की जाती है।

# इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों की मौत पर भड़के बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में मंगलवार को इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों के मारे जाने पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह क्रोधित हैं, यह घटना हृदय विदारक है।

मारे गए राहतकर्मी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के लिए सेवा कार्य करते थे और ये बेघर फिलिस्तीनियों तक भोजन पहुंचाने के कार्य में लगे थे। हमले के बाद इजराइल ने उस पर खेद जताया और जांच की बात कही है। बाइडन ने कहा है कि हमले के संबंध में इजराइल की जांच जल्द पूरी होनी चाहिए, इसमें हमला करने वालों की जिम्मेदारी निश्चित होनी चाहिए और इस जांच को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

**विज्ञान** आठ अप्रैल तक जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा

# विश्व में 1988 के बाद तेजी से हुई प्रकाश प्रदूषण की वृद्धि

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक यानी साप्ताहिक स्याह आकाश शुरू हो गया है। आठ अप्रैल तक दुनियाभर में यह सप्ताह अंधेरे के प्रति जागरूकता और मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा।

1988 के बाद से दुनिया में बहुत तेजी से प्रकाश प्रदूषण में वृद्धि हुई है। भले की भारत मे इस इस सप्ताह को लेकर जागरूकता नही है, लेकिन कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक अंधेरी और प्राकृतिक रात का विश्वव्यापी उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इंटरनेशनल डार्क-स्काई एसोसिएशन (आईडीए) की स्थापना का उद्देश्य मानव जनित प्रकाश प्रदूषण को रोकना है। इसकी अनिवार्यता खगोलीय अध्ययन में प्रकाश द्वारा पड़ने वाले व्यवधान को कम करना है। नए आंकड़े के अनुसार प्रकाश प्रदूषण मानव जनसंख्या वृद्धि की दोगुनी दर से बढ़ रहा है।

दुनिया भर में 80 प्रतिशत लोग प्रकाश-प्रदूषित आकाश के नीचे रहते हैं। इसीलिए आईडीए ने एक अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक की स्थापना की है, जो 3 से 8 अप्रैल को पड़ता है। यह सप्ताह स्याह रहेगा। जिसमें कई तरह के खगोलीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस सप्ताह सितारों और नक्षत्रों की महत्ता को समझने का मौका मिलेगा।

इस सप्ताह को लेकर आईडीए ने अपील है कि सभी लोग अंधेरी रात के आसमान की हमारी साझा विरासत की रक्षा और जश्न मनाने के लिए वैश्विक डार्क स्काई आंदोलन में शामिल होंगे। डार्कस्काई इंटरनेशनल ऐसे समाधानों को बढ़ावा देता है और लोगों को आउटडोर प्रकाश को कम करने की अपील करता है।



स्याह रात में मिल्की वे का शानदार नजारा।

### एरीज के वैज्ञानिकों ने भी की अपील

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी कहते हैं कि ब्रह्मांड की खोज खबर के लिए किए जा रहे अनुसंधानों में प्रकाश प्रदुषण बड़ी समस्या के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिसे कम करना बेहद जरूरी है। इस दिशा में दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस मुहीम में देश का हर व्यक्ति सहयोग करे।

# बाइडन-ट्रंप ने चार और राज्यों में जीते प्राइमरी चुनाव, फिर होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आसानी से चार और राज्यों में अपनी-अपनी पार्टियों के प्राइमरी चुनाव पर जीत दर्ज की है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में फिर से दोनों के बीच कांटे का मुकाबला होगा।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी ने दो अप्रैल को चार राज्यों न्यूयार्क, कनेक्टिकट, रोड आइलैंड और विसकन्सिन में प्राइमरी चुनाव आयोजित किए। इन चुनावों में ट्रंप को 75 प्रतिशत से अधिक और बाइडन को 80 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए।

हालांकि, ये प्राइमरी चुनाव अब औपचारिकता भर हैं, क्योंकि बाइडन और ट्रंप अपनी-अपनी पार्टियों से नामांकन की पात्रता पहले ही हासिल कर चुके हैं। दोनों ही आवश्यक डेलीगेट का समर्थन पा चुके हैं। चार राज्यों के ताजा चुनाव के बाद ट्रंप के पास अब 1860 डेलीगेट और बाइडन के पास 3,030 डेलीगेट का समर्थन है। राष्ट्रपति प्रत्याशी बनने के लिए उनके नामांकन की पुष्टि जुलाई में मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन और अगस्त में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में की जाएगी। ट्रंप ने मिशिगन में मंगलवार को अवैध आप्रवासियों को 'जानवर' बताकर विवाद खड़ा कर दिया था।



### जज, गवाह व कर्मियों के खिलाफ नहीं बोल पाएंगे ट्रंप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हश मनी मामले में परेशानियां बढ़ गई हैं। ट्रंप के आपराधिक मामले की सुनवाई का नेतृत्व करने वाले जज ने गैग ऑर्डर का दायरा बढ़ा दिया है। जज जुआन मर्चन ने कहा कि ट्रंप अब मेरे परिवार, मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन बैग के अलावा गवाहों, अभियोजकों, अदालत के कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ बात नहीं कर सकेंगे।